मानव के मन माँहि कै प्रकार की वृत्ति पाई जावें, जिन्हें हम वहिर्मुखी अरु अन्तर्मुखी वृत्ति कहै। व्रज भूमि में भक्ति धारा कौ प्रबल प्रवाह बहै। ब्रजभाषा काव्य माँहि अंतर्मुखी वृत्ति कौ अधिक प्रभाव हतै। ब्रजभाषा काव्य माँहि प्रेम अरु भक्ति के संग-संग राष्ट्रवाद, मानवतावाद आदि सबहि हतें, परि बहिर्मुखी प्रवृत्ति आधारित प्रगतिवाद जैसी कठोरता नाँय है। व्रज काव्य माँहि बंधन अरु मुक्ति प्रवृत्ति माँहि निवृत्ति पाइबे की छटपटाहट हतै। यामें राष्ट्रवाद के अंतर्गत अहिंसा अरु वर्ग साम्य कौ दरसन तौ होय है, परि वर्ग संघर्ष अरु खूनी क्रांति कौ कठोर प्रहार नाँय हतै। आज तलक ब्रजभाषा काव्य की मूलधारा भारतीय संस्कृति सौं जुरी भई है। जाते यामे प्रेम,विरह निवेदन सौन्दर्योपासना अरु आत्मसमर्पण की भावनान कौ प्राधान्य हतै। दीनन के प्रति करुणा प्रेरित कोमल चिंता है शोधकन के प्रति विद्रोह कौ आह्वान कम मिलै। व्रज काव्य की इन विसेसतान कौ मेरी कविता पैहू प्रभाव परौ। परि याके संग-सग मैनै शैली प्रयोग कियौ है अरु परम्परित उपमा अलंकारन कौ प्रयोग कियौ है। नए नए विषयन पै छंद रचे है। अरु काव्य में चलि रही आधुनिक प्रवृत्तीन अथवा धारान सौं हू प्रभाव ग्रहन कियौ है। समकालीन कविता माँहि विभिन्न काव्य धारान कौ जैसौ मिश्रण पायौ जाय, वोऊ आज के कवि कूँ अछूतौ नाँय छोड़े। जा कारन मेरी कविता माँहि मानवीय मूल्यबोध, राजनैतिक चेतना अरु जर्जरित परम्परान के विरुद्ध विद्रोह कौ स्वर पायौ जावै, जैसौ आज की कविता माँहि मिलै, परि मेरी कविता पै ब्रज काव्य परम्परा कौ हू व्यापक प्रभाव है ।जे आस्थापूर्ण कविता हैं। जामें वैयक्तिक रागानुभूतीन के चित्रण माँहि ब्रज की आत्मा भक्ति के प्रति सादर नमन है। जा लिए नाँय कै लीक कौ निरवाह कियौ बल्कि जा लिए कै जि ऐसौ अनुभूत सत्य हतै जाकूँ हृदय ही जान सकै।

जे सही है कै सामाजिक विषयन सौं सबंधित रचनान कौ मेरे जा संग्रह में विसेस स्थान है परि ब्रजभासा काव्य माँहि भक्ति,ज्ञान अरु रूप चित्रण के संग-संग हास्य व्यंग्य कौ जो अपूर्व रंग पायौ जावै वो अप्रमि हतै। ब्रजभाषा साहित्य माँहि सूरदास अद्वितीय हतैं। बिनके द्वारा वात्सल्य रस कौ काव्य में प्रयोग विश्व साहित्य में अद्वितीय है। परि सूरदास जी नै हूँ भ्रमर के माध्यम सौं व्यंग्य कौ सहारौ लैकै महान काव्य की रचना करी। मैनैं हू शांत, दास्य अरु शृंगार के संग संग हास्य व्यंग्य कौ उपयोग कियौ है। परि शृंगारिक रचनान माँहि राधा माधव की आड़ लै नखसिख वर्णन सौं बचौ हूँ। मेरी जे मान्यता है कै जो अपने आराध्य है बे कविता माँहि हू आराध्य ही रहिवे चहियें।

या संग्रह की अधिकांश रचना छंदोवद्ध हैं। मैंने पिंगल शास्त्र के नियमन कौ जहाँ तक है सकौ, पालन कियौ है। संगई नई नई उपमा अरु लोकोन्मुख विम्वन कौ प्रयोग कियौ है, जासौं कविता आधुनिक वोध ते विलग नाँय रहै। मैंनैं मनहर कवित्त, सवैया, दोहा, सोरठा, वरवै के अतिरिक्त मुक्त छंद माँहि लिखी रचनान कूँ भी संग्रह माँहि स्थान दियौ है। जे तौ सही है कै छंदोवद्ध रचना अधिक सरस हौवें, परि आधुनिक भाव वोध इतनौ विस्तृत अरु जटिल हतै, ताकूँ प्रकट करवे कूँ मुक्त छंद मोय प्रयोग करनौ परै। मैंनैं दोहा जैसे छोटे छंद माँहि नए नए विम्व उकेरवे कौ जतन कियौ है जासौं कविता अधिक भाव प्रणय वन सकै। मैंनैं गीतउ लिखे हैं, तौ व्यंग्य रचना हू करी हैं।

जे मैं जानूँ हूँ कै मेरी अपनी सीमान के कारण मेरौ काव्य प्रयास इत्तौ समर्थ नाँय कै कोऊ नई काव्य धारा प्रवाहित करि सकै, परि व्रज कविता हू समकालीन काव्य धारा सौं विलग रहै, याको अत्यल्प प्रयास तौ जे है ही। हिन्दी के विकास के काजैं व्रजभापा नैं अपनौ सर्वस्व दियौ। अव हिंदी समर्थ है गई है तौ जरूरी है गयौ है कै व्रज साहित्य नई ऊर्जा अरु नए वोध सौं संयुक्त होय, अरु अपनी प्राचीन गरिमा प्राप्त करै। एक समै तौ, जव कोऊ हरिगीत गातौ अथवा जनप्रिय कविता करतौ तौ व्रजभापा मेंई करतौ। व्रज ते वहार संत तुलसी, गरुनर, गुरू गोविन्द सिंह अरु अमीर खुसरो आदि सवई भक्तन नैं व्रजभासा अपनाई। आज व्रज साहित्य कूँ अपनी प्राचीन गरिमा प्राप्त करनी हैं।

मूल ते व्रजवासी हैवे के कारन मैंनैं अपनी प्रारम्भिक काव्य साधना व्रजभासा मेंई करी। ता समय व्रजभासा की कविता के प्रकासन की कोई विसेस व्यवस्था नाँय हती। आज समय आयौ है कै इन रचनान कूँ रसिक पाठकन के सम्मुख रखौ जाय। जे मेरौ तुच्छ प्रयास है,पर आसा करूं कै रसिक पाठकन कूँ जे अच्छी लगेंगी। पद पद पै गीता अरु पद पद पै हास्य व्यंग्य जेही है व्रजवानी अरु व्रज काव्य रंग।

ब्रजरचना माधुरी

विनय

वाणी, गनपति के भजे, वाणी निरमल होय।
काव्य कमल मकरंद चखि, जड़मति हू कवि होय॥

सुख सतदल मन अलि फँस्यौ, भगति देहु नंदलाल।
शब्द साधना कर रचै, कविता प्रिय सुख शाल॥

हौ माँगू तुम देत हौ, कबहुँ न कृपा घटाय।
गुरु ऐसी करुना करौ, बानी रसिकन भाय॥

सृष्टि अरंभ में, बोध पद्म विकसित भयौ,
ताहि श्वेत पद्म में, शारदा विराज रही।
एक कर गीत वीन, एक कर वेद ज्ञान,
अक्षरी शक्ति मानस हंस पै राग रही॥
श्वेत बदन, श्वेत वसन, औ श्वेत शांत नयन,
श्वेत चंद्रिका सी तिय तम पै साज रही।
ज्ञेय, अज्ञेय, अरु समल त्रिभुवन जन,
वाणी तौ तंत्री की तान सौ निवाज रही॥

याचना

दियौ है जनम प्रभु, इत्ती सी कृपा करियो,
कबहुँ न परै नीची संगति में रहिबो।
परधन, पराई धी, देखि मन बिगरै ना,

कबहुँ न परै दुष्ट वचनन कौ सहिबो॥
मान हीन जीवन न दीजो, एक दिन कौ हू,
खोट सौं कमायौ धन,नाँहि परै रखिबो।
कवि बन भड़ैती न करनी परै भूल कैंऊ
ओछौ अहसान कबहुँ नाँहि परै लैबो।

शारद बकसै ऐसी बानी, प्रभु तेरो नाम पुकारौ करूँ।
कमला इत्ती संपति देवै, पर जन कौ दुक्ख निबारौ करूँ॥
बल देहु कराली भवानी मोहे, त्रिभुवन में बल संचारौ करूँ ।
जब आँख मुदैं तौ पलकन में,घनश्याम कौ रूप निहारौ करूँ॥

दादुर मोर किसान सदा, घन के आवन में चित्त लगाही।
चातक प्रीत निराली करै, बिन स्वाति की बूंद न प्यास अघाही॥
जे प्रीत की रीत निराली सदा, बेस्वासैं रिकैं जे मनहि बसाहीं।
मारौ निकारौ, बसाऔ निकेत में, जाऊँ कहाँ तुव दास कहाहीं॥

धन, धाम, धरा संपत्ति, बनिता, जो मांगौ सोई देवत है।
जे आपुनि आपुनि इच्छा है, को का मांगै, का लेवत है
त्रिभुवन मँगता धन मांग रहौ, वो पस्सौ भरि भरि देवत है।
वासै बाकों मांगिबे थारौ, कोऊ बिरलौ जन हो बस है॥

रवि तेज प्रभा ससि माँहि लसै, निस्सीम गगन पै छाये हैं।
कुसमन में गंध धरिकी में धारिकैं बहुरूप समाये हैं॥
कन कन में बसे हैं त्रिभुवन के पै नाँहि समझ में आए हैं।
वो आप चहें तौ समुझि परि है अपने बल हेरि हिराये है॥

जे मानत ना तुमको कबहूँ, तिनकौ प्रभु आप सहारौ करैं।
जे टेरत टेरत पीरे परे, तिनते प्रभु आप किनारौ करैं॥
जै कैसी परीच्छा लेत रहौ, दुखि आरत तोहि पुकारौ करैं।
तुमरे सरन तौ परौ त्रिभुवन, कब लौं नभ ओर निहारौ करैं॥

घर माँहि रहूँ तौ जे मनुआ चट दौरि दौरि बन धावत है।
वन में जाऊँ तौ जे चंचल, घर के सुक्खन कौं ध्यावत है॥
जो त्यागूँ तौ लैवे कौं बोई, बालक सौ बहु अकुलावत है।
घर अरु कानन, लैबे तजिबे के मध्य सत्य सरसावत है॥

यहि जीवन की संध्या उतरी अरु केसन पै रजताम लखी है।
सत्यगीत थमे अरु कोकिल के हु तानन की झंकार रुकी है॥
दुखिया मन में अरु जीवन मे, विकलास भरी चिनता सुलगी है।
अब होय कहा यह सोचतई, इन नैनन की अब नींद भगी है॥

दुहाई है

देख देख जरे जात, अहम सौं बरे जात,
कोऊ ना सुहात, भई ऐसी मनुजाई है।
मानव मानव कौं खात, झूठे आँसू बहात,
दूर दूर देखें नाँय दिखे सरलाई है॥
कोऊ तन सौं दुखी, कोऊ मन धन सौं दुखी,
सर्व सुखी कोऊ नाँय, पर्‌यौ दिखाई है।
सहकै जग के प्रहार, आयौ हो तेरे द्वार,
दीनन के नाथ मेरे तेरे नाम की दुहाई है॥

मीठे मीठे बोलें बोल, डर के न द्वार खोल,
मकड़ी के जाले सी जो करत बुनाई हैं।
कोऊ जो फँसि जात, ताहि पूरौ चूसि खात,
लोहू कौं पियत नाँय तृष्णा अघाई है॥
ब्रह्म की करै बात, माया संगिनि बनात,
बक सी नजर भेंट पूजा पै लगाई है।
कैसी जे समय चाल, लोग कहें कलिकाल,
कालन के काल तेरे नाम की दुहाई है॥

स्वारथ से करें बात, गिरगिटी रंग लात,
पति की न पत्नी इहाँ, भाई कौ न भाई है।

जानै जगत की रीत, तौऊ करै याते प्रीत,
घानी कौ वलद जैसें, देह कौं गलाई है॥
जीवन की वात करै, मौत के अस्त्र गड़ै,
जीवन के द्वार दस्तक मौत नैं लगाई है।
कैसी है जे घड़ी विनास के दरवाजे खड़ी
मानवता देवै तेरे नाम की दुहाई है॥

दर्शन

पिक कारी, कनक सुवास हीन, दुष्ट इहाँ सुख संपति पावै।
पंडित निर्धन औ धनी मूर्ख, जग एक पहेली समुझि न आवै॥
चिकने खंभा मति तीति चढ़ैं, खिसकैं पुनि ताहि जगै पहि आवै।
जग जाल कहौ, क्रीड़ा त्रिभुवन यहि जानि परै जव वो समुझावै॥

सुनौ युधिष्ठिर

सुनौ युधिष्ठिर आज राज है दुसासन कौ,
यामें सुख सुराज कौ निकसौ जनाजौ है।
वाजे वज गए प्रेम भलमनसाहत के,
घूंस सिपारिस कौ वाज रह्यौ वाजौ है॥
भाई अरु भतीजावाद, जातिवाद, प्रांतवाद,
झूंठ अरु पांखड नैं, कैसौ साज साजौ है।
कौवा अव राजा भए, हंस सव उड़ि गए,
सकुनी, सुयोधन ते, जुड़ौ जे समाजौ है॥

आयौ जनतंत्र कहाँ, फाइल कौ जुग आयौ,
चहुँ ओर वावू की गहरी छन आई है।
हाकिम है सिपारसी, वुद्धु अरु कामचोर,
वावू जी पी में अँगुरी पाँचऊ समाई है॥
लिए दिए विना तनिक, वावू न वात करै,
हाकिम है सेरभर तौ वावू सवाई है।
राम कौ जे राज नाँय, कैसौ लोकराज है,
फाइल कौ राज जामें वावू की दुहाई है॥

बाबू जो संत बनै, नियमन की करै बात,
बढ़ि बढ़ि कानून की नजीरें सुनात है।
न्याय अरु ईमान कौ गहरौ पाखंड करै,
कुर्सी पै बगुला बन, आसन जमात है॥
नोटन की मछरियाँ, चट्ट से गड़प करै,
फाइल पै अनुकूल, नोट लगि जात हैं।
जनता मीन, बक सौ, नित्त कौ भोज है,
दाव लगि जाय तौ जे मंत्रिन सौं खात है॥

मिलावट,बनावट, दिखावट कौ है जुग,
असली कौं पूछै कौन नकली चलतु है।
मित्रता, खानपान, मेलजोल, रसम रीत,
सबही बनावटी न उर छलकतु है॥
मिलावटी खानौ अरु बनावटी बानौ है,
मिलावटी व्यौहार न, कटत बनतु है।
नगरन में सुद्ध वायु तक के परे टोटे,
सच्चौ सनेही जन मुस्किल सौं मिलतु है॥

देस के हुक्कामन के, हाल चाल कहैं कहा,
इनमें ऐश देख इन्द्र तरस जातु है।
विदेसी साम्राज्य के हैं खडैरा साच्छात जे,
दुखिया गरीबन कौं, ठोकरें लगात हैं॥
करै मनमानी, नाँय गावें नियमन की बात,
नित्त नियमन के नए अर्थ बतात हैं।
घूसऊ खाँय अरु ऊपर ते दिखाएं आँख,
कौल करें लंबे अरु चट्ट नटि जात हैं॥

आजु तौ प्रसासन माँहि, बड़े बड़े अधिकारी,
होटल माँहि आइकै ग्राहक पटात हैं।
गलत सलत सही, बोलैं पै अंगरेजी में,
लक्ष्मी पतिन ते हात बढ़कें मिलात हैं॥

जनता, अधीनन ते,टेढ़ो मुख कर बोलैं,
मंत्री देखु आगे पीछे दुमकों हिलात हैं।
सब कछु डकार कैं छोटे ते आदर्सवाद,
कांड ते न स्वार्थ बिन, सूधे बतरात हैं॥

बुरौ हाल आजु नेता नाम धारिन को,
जनता दुखभार ते, दबे मरे जात हैं।
देस दुख दुखी होय, कारन में घूमत हैं,
मदिरा पीय पीय कैं, पीर कौं मिटात हैं॥
निर्धन के पोसक हैं, खुल कैं सोसन करैं,
सत्ता की दलाली कर, खात ना अघात हैं।
देस की, धरम की ओट, लै घर तिजोरी भरैं।
कहिबे कूँ देस में दुख ते मरे जात हैं॥

विधि समान माँहि सोर अधिक काम कम,
गाल बजाइबो बनी, आजु देस सेवा है।
नीति हीन भ्रस्ट जन, चुने जाँय नेता जबै,
स्वार्थ नीति बनै तब, जन जान लेवा है॥
सिंह बने गरजें बे, काम कर गीदड़ के,
धंधौ बढ़ाइबे हेतु, करैं देस सेवा है।
धंधौ हू बढ़ै खूब, नेतागिरी चलतु खूब,
एक हात माँहि लड्डू, एक हात मेवा है॥

ऐसौ कहौ जात है कै हर बारहे बरस,
द्वार परे घूरे के हू, भाग फिर जात हैं।
प्रताप प्रजातंत्र कौ, हर पांचए बरस,
घूरे पुरुषोत्तम सौं, हात जुड़वात हैं॥
छोटे कबूतर हू बाज बने अकड़त हैं,
दो दो कौड़ी के लोग अँखियाँ दिखात हैं।
नोटन की चोटन से, वोटन कौ खरीद कैं,
बड़े बड़े पाजी देखे, काजी बन जात हैं॥

आवत चुनाव कहा, खुलत तिजोरी पाट,
दोऊ हातन से लोग,नामों बनात है॥
बाबू लोग चाटत हैं, चटनी कमीसन की,
साहब लोग घूम घूम, टी.ए. पकात है॥
सम्पत मिलै ठाड़े कौ, छोटे जन बड़े होत,
वोटर हू वोट ओट ,रोकड़ कमात है।
कुर्सी के आसी, प्रत्यासी, धन साधन बिन,
गाँव गाँव धूल फाँक, हार कौं छिपात है॥

सुनकै बाप दादे के, नाम कौ जो झेंप जात,
नए रिस्तेदारन की, सुध बिसरात हैं।
निर्धन सौं बचें, मेल माया बारिन से रखैं,
दुरदिन में मित्रन सौं न आँखें मिलात है॥
धन के मदमातौ फिरै, साँड़ सौ अरडातौ,
तनिक सौ करम करैं, बहुत बतात हैं।
टेढ़ी चाल चलै, नाँहि सूधे मुख बात करै,
जब कभी संत्री से, मंत्री बन जात हैं॥

मत पूछौ युधिष्ठिर, हाल किसानन केऊ,
देस मरै भूखौ पै जे, नाज कौ दबात हैं।
आज के बौपारी करैं, काला बाजारी खूब,
तस्करी करात, नाँहि तनिक डरात है॥
कहा मजदूरन के नेतन की करौ बात,
सेठन सों मिलकै हड़तालें करात है।
पढ़े लिखे, बे पढ़े, नेता अरु जनता सब,
करें देस दलन किंतु नाँहि सरमात हैं॥

देस जे हमारौ हतै, हम याके राजा हैं,
देस कौ नाम लै, सेवा अपनेन की करैं।
कल भयौ हम भए, मंत्री उपमंत्री कछु,
पर जड़ कौ काट कैं, अपनों हरो करैं॥

जीवन बेकार गयौ, कार यदि नाँच मिली,
कार अरु कोठी हेतु सेत की स्याही करैं।
दीन हीन रोटी अरु रोजी की जो मांग करैं,
बिनै कहैं देस हित तपस्या खरी करैं॥

चहुँ ओर दबदबौ, घूस औ सिफारिस कौ,
शासन कौं जाति औ, कुनबे से भरि रहे।
राष्ट्र के अभिमान कौं, त्याग चाटुकार बने,
परदेसी सेठन के पिछलग्गू बन रहे॥
वोट की नीति सौं,सुनीति की राह तज जे,
कुर्सी की खातिरन अनीति सब करि रहे।
राष्ट्र के अनिष्ट कौ, दोष दूसरे पै गढ़
घड़ियाली आँसू भर, देसभक्त बनि रहे॥

गाजे बाजे से जात ब्याह कैं बहू कौं लात,
कम मिलै दहेज तौ, माचिस दिखाई है।
भ्रष्ट धन कमाएं लाख. दान करें दस पचास,
भक्त बनैं, सोचें सेंध स्वर्ग में लगाई है॥
अहिंसा के गीत गाय,नारी भ्रूण कौं गिरात,
धर्म धुरंधर बनै,नाँहि सरमाई है।
हवाले से हवालात, बड़े बड़े नेता जात,
नैंक नाँहि सोचैं होत जगत हँसाई है॥

जब ते जे देस अजाद भयौ तबतें मन में कछु ऐसी सधी है।
जन के, गण के, तन के, धन के, बलिदानन की छबि ऐसे फबी है॥
सुरलोकन ते बढ़कें रचनौ जनता हित स्वर्ग की बात जंची है।
मतदान करौ पलटौ नृप कूँ जनता माँहि कछु आस बंधी है॥

देस तौ सुतंत्र भयौ, का जन कौ राज भयौ,
नेता अभिनेता, धर्मनेतन कौ राज है।
देस की कसमे खात जमकै वे घूस खात,
देस हित पै अघात, पोल पट्ट राग है॥
अभिनेता देव बने, अभिनेत्री बनी देवी,
ऊँचे उपदेस तौऊ बिगर्यौ समाज है।
मनमाने कृत्य कर, संस्कृति कूँ भ्रष्ट करै,
लोकई की चिंता नाँय, कैसौ लोकराज है।

कवि अरु समीक्षक

काव्य के क्षेत्र मे घुटवन बल जे रेगें,
चाहें वे भीम से पराक्रमी दिखाए जाँय।
लेखनी हु पकरिवे की सुधहू जिनै नाँहि,
चाहे वे ब्यास जी की, कोटिन के माने जाँय॥
आपुनी प्रसंसा हेतु पत्रिका प्रकास करे,
तिकड़म सौं स्तुति निज की कराए जाँय।
समीक्षक पुटलावै, धमकावै लिखिबे कौ,
सूर तुलसी के बराबर जे माने जाँय॥

पढ़ें न पढ़ावें, न कृति कौ अध्ययन करै,
कोरे सब्द जालन सौं समीक्षा सवारे हैं।
वनत देस भक्त, देस हित लौं गले जात,
दल प्रतिपालन कौ [illegible] रहे नारे है।
संग लै प्रकासक हूँ [illegible] मे घूमैं फिरै,
सिगरे [illegible] हूँ [illegible] दे किनारे हैं।
श्रेष्ठ कृतिन हू [illegible]
आज [illegible]

तुलसी बिहारी को धूल कूँ उड़ाय करकैं,
निराला से न निजकौं मानत कम रहे।
कवि कुल सिरोमणि नाँय जब बन सके,
क्रोध हूँ पीते रहे अरु खाते गम रहे॥
होयकैं निरास जो लगायौ समीक्षा पै हाथ,
थानेदार चोखे पै समीक्षक बन रहे।
अजौं कुर्सी पै संपादक बन जन रहे॥

वे दिन गए जब दुवेदी महावीर हते,
आपऊ लिखते अन्य जनन सौं लिखावते।
संस्कार परिस्कार, संसोधन करि करि,
कोऊ कौ सुलेखक कोऊ सुकवि बनावते॥
आज कालि रचना नाम देखकैं छापी जाँय,
स्तुति, खुसामद गुन, रचना छपवावते।
राजनीति स्पासक्ति , नद अरु सेठ भक्ति,
एते गुन संपादक गुननिधि कहावते॥

वेऊ दिन गए जबै कविगन मनोसे हते,
साहित्यिक दादा आजु कवि कौ बनात है।
अपने पिछलग्गू को, साधारन कृति कौं जे,
आजु के जुग की, श्रेष्ठ रचना बतात है॥
पीछे पिवाइबे कौ जो उत्तम प्रबंध होय,
वह ता रचना कूँ पुरस्कृत करात है।
हिस्सा बँटाइबे की तौ, बात कछु दूर रहो,
मौकौ लग जाय तौ सिगरौ चाटि जात हैं॥

काव्य के क्षेत्र माँहि, कैसौ घटाटोप है जे,
कैसैं सुलभ कवि श्रेष्ठ रचना करैगो।
साथिन को, नेतन को, साहित्यिक दादान को,
धमकिन सौं. फब्तिन सौं, च्यों न डरैगो॥

कैसी हू श्रेष्ठ रचना लिखकैं मर जाऔ,
संस्तुति बिना बाकी कदर को करैगौ।
जियत उपेक्षा अरु कटुता सहैगौ कवि,
जस जो मिल्यौ तौ ताहि, मरबे पै मिलैगौ॥

फूट पड़े किसलय नवीन बेलि वृच्छन में,
उमग पर्‌यौ जगत माँहि जोवन नयौ नयौ।
आतुर मिलिन्द की बूंदन पै मची धूम,
चापहु पै अनंग के पुष्प बान चढ़ि रह्यौ॥
बैठिये रसाल डारन मुखर पिकी बोली,
देख री देख तेरे द्वारे कौन टेरि रह्यौ।
नयन बैन खोल देखौ तौ मेरे द्वार माँहि टेरि,
चंचल बसंत खिली कली माँहि हँसि रह्यौ॥

वासंती पवन नैं कहा, छुऔ है बेलिन कौ,
कली जो बंधी ही अब चटकबे लगी है,
सिलाखंड के तल माँहि, जो दबी सूखती हीगा,
निर्झरिया कोई अबैं, सरसिबे लगी है॥
झुकी रहिबे वारी सदा बिनकी अखियाँ,
रह रह कैं चितवन सौं, तकिबे लगी हैं॥
परस पाय स्मर कौ दीपित मुख श्री भई,
कमर हू अबै कछु ललकिबे लगी है॥

होरी

आई है होरी सुख आनंद कौ उत्सव है,
राग द्वेष दुर्गन की, होलिका जलाइये॥
आलस प्रमाद कौ त्याग करकैं पुनि,
नवल उत्साहन की चेतना जगाइये॥
आयौ ऋतुपति बसंत सुखमा कूँ साथ लै,
मन ते निरासा के भावन कूँ भगाइये।
प्रीत कौ गुलाल लेय, भ्रातृ भाव रग घोरि,
रंग रँगाइये अरु प्रेम सरसाइये॥

होरी के लक्कड़न के बरबे कौ धूम नाँय ,
अश्रु गैस गोलन सौं निकली धूम धौरी है।
नाँय पिचकारी की मनभावन फुहारै जे,
पुलिस जल धारन सौं करै बरजोरी है॥
होरी हुरियार कौ हुल्लड़ अरु सोर नाँय,
पुतला फूंक मंत्री कौ हाय हाय होरई है।
तू कहै होरी आवत,है बरस में एक बार,
अब तौ नगर में होय दस बार होरी है॥

हेमंत

आई है हेमंत कंत बसै परदेसन में,
नेह ना दिखावै चित्त चाह ना बुझावै री।
भेजे माँहि पाती, कहौ कैसै कवै रात अबै,
पलहू कौं नाँहि सखी पलक जुड़ावै री॥
ईखन के खेतन माँहि, गाम के नर बैयर,
रस पिएं, केलि करें, गोद मन पखै री।
आए घन अगहन के, जग मरैं जाड़ें सौं,
मरे हिये माँहि सखि आगि सुलगावै री॥

आई है हिमंत, बहुत जाड़े से बचौ भाई,
ठंड से जकड़ नाँय खटिया पकड़नौ है।
ल्हौरौ सौ वेतन पाय, होटल की रोटी खाय,
पूरी पकौरी की बात, बिरथा कहनौ है॥
सेठन की नेतन की, बाबुन की नगरी में,
परदेसी लोगन कूँ दुक्ख सदा सहनौ है।
जाड़े सौं मरौ, भूख हु विरह सौं मरौं पुनि,
पूस कौ महीनौ का, मरबे कौ महीनौ है॥

नौकरी

पंडित होय, मूर्ख होय, सूम या उदार होय,
हाकिम की हजूरी माँहि, हाँ हाँ करनी परै।
वृथा चापलूस जब, निंदा अरु स्तुति करै,
मन कौ मन के विरुद्ध, मौन गहनी परै॥
त्रिभुवन जे नौकरी, नाम नीचता कौ है,
यामें स्वाभिमानहू की, आन तजनी परै।
नीचौ सुनिबौ परै अरु नीचौ लखिबौ परै,
नीच नौकरी में नाक नीची करनी परै॥

नौकरी माँहि सफलता पावे कौ मूलमंत्र,
भक्त सिरोमनि जैसौ नाम कछु रखाइये।
साहब नामधारी के झुक कैं पूजौ चरन,
अफसर नामधारी के आगैं झुक जाइये॥
साहब की मैडम की, कुँवरि कुँवरन की
हाजरी लगाइये अरु हुकम बजाइये॥
साहब जब हँसकै गुड वैरी गुड कहै,
खीसें निपोरि 'किरपा आपकी' बताइये॥

पत्नी कथा

होत है व्याह ई कारन सब दुक्खन कौ,
शायन की साखा हर घर में खुलि जात है।
पैसा पैसा कौ सक्त, आडिट तब होन लगै,
हर इक हरकत पै, दृष्टि रखी जात है॥
भेजौ चट जात अरु जेब कतर जात है
बातन के कोड़न सौं, खबर लई जात है।
मिलै प्रितेक साल,उपहार नए बच्चा कौ,
सादी कहा होत इहाँ, सामत आय जात है॥

आवै इतते पगार, उत बहि जात पुनि,
रीते इन हातन में, कछु ना रहतु है।
नित्त नव वस्तुन सौं, अट्यौ भर्यौ रहै घर,
कछू नाँय लाए जे कहतु ही रहतु है॥
जे तौ मदमाती नारि, कछू नाँय समझै,
सामन की अंधी सी ग्रीसम में रहतु है।
चाट चाट दौना, करि दीनौ है पटौना यानैं,
तौऊ चट्टो कौ मन, चलतु ही रहतु है॥

देखे बड़े भीम,गामा, रुस्तम सोहराब हू,
ताकत ते जौंग में सबहुँ से अकड़ते।
बड़े कलट्टर,कमिस्नर, कुतवाल देखे,
सत्ता के गद सौं भर,कोऊ कों न गिनते॥
बड़े बड़े प्रोफेसर,संपादक,कवि देखे,
ज्ञान कौ ठेका लै,जे बात तक न करते।
मामा महारानी की महिमा से सबहिं देखे,
तिरिया के चरनन में नासिका रगड़ते॥

कूक कूक पिक रस बरसाबै कानन में,
कबहुँ तौ तुम हुँ रस कूँ बरसायौ करौ।
झूमि रही मस्ती भरी रसभरी डारि डारि,
कबहुँ सरस तौ नेह सरसायौ करौ॥
हँसि रह्यौ ससि अरु बिहँसै कुमुदनी हु
भौहें कर सुधी नैंक तुम मुस्कायौ करौ।
प्रौढ़ाई आइबे ते मन नाँय प्रौढ़ होत,
कबहूँ जुबती सी नेंक थिरक जायौ करौ॥

खात हैं

मुंसी जी बाबू जी पंडित जी लाला अरु गुप्ता जी,
सर्मा जी अरु वर्मा जी, प्लेट चाट जात हैं।

पिचके कनस्तर सौं, मुख लिए मिस्टर जी,
मौकौ पायकैं माल, खीसन में उड़ात हैं॥
गुप्ताजी गोयलजी, बसंल जी चोपड़ा जी हू,
तर माल देखत ही, लार कौ टपकात हैं।
नाम है वदनाम अरु अपनी करै कौन,
लोग अनखात हैं कि चौवे जी खात है॥

स्वागत है

आज कालि बैरत्न बढ़िवे कौ करि जतन,
मैया कौ गैया समुझि, छूछ करि जात है।
कैरियर बनि जाय, धंधौ कछु जमि जाय,
युक्ति सौं घर संपत, आपुनी बनात है॥
मैया वाप सौं कहैं, बैठै राम राम करौ,
मैया मरै, वाप ओल्ड होम में भिजात है।
मरे पै सिराध करै, बाँमन कौ नौत धरै,
बाम्हन कौं तऊ अनखाम के खुवात है॥

छड़े

छड़े कुँवारन की जितनी होय मजेदार,
महीना में आधे दिन ब्रेड खा रहत हैं।
पक्के गाहक होंय सिनेमा अरु थेटर के,
होटल में वेटर से मित्रता रखत हैं॥
देख पर नारी लाँबी, लार टपकायौ करै,
जेब में अभिनेत्रिन के, फ़ोटो लै फिरत हैं।
कमरा में घुसौ तौ सिरगिट के ठुड्ड मिलैं
पर कटे पंछिन सौं जीवन जियत हैं॥

वस की सवारी

घुसत धक्कौ खात, खड़े खड़े पग पिरात,
जेब कटिवे कौ लगौ, इतै भय भारी है।

भीड़ माँहि पिचे जात, बदबू सौं सड़े जात,
सीट दिखे लपक जात, काहे की भारी है॥
जगै जगै रुक गाय सवारी सौं भरे जाय,
बढ़ौ भयौ भाड़ौ देहु, कैसी लाचारी है।
जाकी कल कल हिलै, बूढ़ी ऊँटनी सी चलै,
जम की सवारी जैसी बस की सवारी है॥

मच्छर महिमा

दूर सौं भन्नात आत, देह से चिपट जात,
सिगरी रात काट काट देह सुजाई है।
आधुनिक जन समान,कान में सुनाय तान,
पाँव पड़ स्तुति कर बिनती सुनाई है॥
मौकौ देख काटि खात, लहू दिखे भागि जात,
स्वारथ बढ़ि जाबै तौ कैसौ मिताई है।
दिन में प्रभू कौ राज, जैसे ही पड़त रात,
मच्छर की सैन देवै, यम की दुहाई है॥

चिर कुमारी

बाप कौ न कहौ मान, कमाई करिबौ ठान,
अहम की पुतरिया, पिसती कमाती रही॥
घर न बसायौ नांहि, संतान सुख पायौ,
भाई भतीजे खिलाय मन घट लाती रही॥
सेज कौ न पायौ सुख, दमित वासना दुःख,
इतै उतै मौंह मार, काम वो चलाती रही॥
वय दालै कौन यार, भाभी नैं दिखायौ द्वार,
खंडर में स्नेह हीन, दीप सी जलाती रही॥

घूंघट वारी

घुंघटन सात छिप्यौ,ससि मुख एक,
देखन हित मिट गए न, पाए देख। 1।

इन घुँघटन को कहियत, माया जाल,
भेद सक्यौ है कोई, बड़ौ सवाल। 2।
देखै सुनै सो मिथ्या, मानौ कौन,
प्रेम विरह में पड़िबौ, जन की जौन। 3।
चलै तो ठोकर लगै, रक्त वहि जाय,
प्रबल वेदना होय, न भूली जाय । 4।
एक समै जो रुचिकर, लागै भोग,
वेई समै दूसरे देवैं रोग।5।
ग्रीसम सीतल वायु, भौत सुहाय,
वोई सिसिर ऋतु माँहि दुख दै जाय । 6।
याते जे जान्यौ मन, दुर्जम होय,
वो रचना करि मेटै, करि करि छोभ। 7।
सपने में भिक्षुक बन, माँगै भीक,
सपनों टूटै धनपति, धन के बीच। 8।
याते जो जा पाकै, मन के पार,
वोई देखन पावैं, रूप अपार । 9।
तबई समझ में आवै माया जाल,
और एक अखंडित व्यापक, जो दिक काल।10।
बिन देखे ही महें बे कछु नाँय,
देखत एकई रहत, दुई मिट जाय ।11।
घूंघट वारी की छबि, चहुँ दिस छाय,
पुस्प, सिसु मुस्कानन में, देखी जाय ।12।
विरहन के गीतन में, गावै गीत,
ऊपा की लाली में, लै मन जीत ।13।
या नागरि कौ रूप हि, रह्यौ समाय,
जैसे पय में लौनी, लखी न जाय । 14।
घसै रूप के लोभी, पथ दुख पाय,
पथ में ही रह जायें, को लख पाय ।15।
घूंघट सात उठावै, रूप लखाय

दरसन लोभी नयन ये, द्वारे टेर लगाय,
सात घूंघटा मुख छिप्यौ, तनिक झलक मिल जाय ।

दोहा कुञ्ज

विनय वीथि

कन कन की जानौं तुमहि, जग के सिरजन हार,
कैंसे मानूं खबर है, मेरी ना सरकार ॥1॥
करुना निधि तव कृपा कौं, कोऊ ओर न छोर,
पै सबई जे ई कहैं, पैलैं मेरी ओर ॥2॥
जबते प्रभु तुमने गही, या निरास की बाँह,
भयौ अंधेरे हीय में, जीवे कौ उत्साह ॥3॥
हौं निगुरौ मानों नहीं, तेरी कृपा अनेक,
हौं मांगत थाकूं नहीं, तुम न थकत हौ देत ॥4॥
तुम अपार संपति सकल,दैवें कूँ तैयार,
मोहि अचंभौ खिलौना मांग रह्यौ संसार ॥5॥
तुम ना देत अघात, हौं अघात ना माँगते,
बू ना भीक कहात, प्रभू पिता सों जो मिलैं ॥6॥
वैद्यराज हम जानिकें, दीनी नबज थमाय,
द्वार तिहारे आ पर्यौ,अब रोगी कह जाय ॥7॥
मुख से तोकों प्रभु कहैं,गुणनिधि दीनानाथ,
बखत परे फैलाबते, नर के आगें हात ॥8॥
कैसौ जे बिस्वास, कैसी सिरधा भक्ति जे,
रस से पूजें आस,जब तेरे बन बिक चुके ॥9॥
मेरे तेरे में फंस्यौ, कलपत जग बेहास,
गुरु पर चंद्र प्रकास ते, मिटे मोह जंजाल ॥10॥
सब जग जरतौं देख, हौं सोचूं कछु बच सकूं,
मिटी नाम की टेक, याई तें मन मैं लगी ॥11॥

प्रेम करत रोवत मिले, न करत मिल्यौ न कोय,
कोउ औडें, कोउ ऊथले, डूब मिले सब कोय॥ 12॥
प्रेम न करियो भूल कैं, जानें दई सलाह,
बुई प्रेममय है गई, मुख में गई समाय॥ 13॥
अँसुआ पलकन में रहैं,आह अधर के माँहि,
जी उमठै ऐसे किज्यों, वस्त्र निचौरो जाहि॥ 14॥
विना प्रेम अरपन नहीं, तातें प्रेमहु होय,
गंध विना पृथ्वी नहीं, तातें गंधहु होय॥15॥
रोम रोम प्रेमहि बसै, जल में लौ न समाय,
को प्रेमी को प्रेमिका, को कहि सकै बताय॥ 16 ॥
प्रेम हिये में होय तौ, कैसें कछु लुटि जाय,
कपट,कुचाली,चातुरी, का कहिकें बहकाय॥ 17॥
हियरो जब गुन गात है, प्रेम कहावै सोय,
मुख पै गुन गन गाइबौ, जंबुक कौ गुन होय ॥ 18॥
लिख भेंजू, मुख ते कहूँ, हिय की पीर विसेस,
याहि सोचते, सोचते ,सेत है, गए केस ॥ 19॥
सहस ससिन तें वढ़ सुनी, मुख श्री सुंदर तोय,
बिन देखे मार्‌यौ फिरौ, देखोंगो का होय ॥ 20॥
विना पते ही खोजते, इहौ उहौ हौ गाँव,
जाकौ हौ प्रेमी सुनौ, ताही को पतियाँव॥ 21॥
धूल फांकते गैल की, ढोवत तन कौ भार,
सांझ भई मैं आ पर्‌यौ, खोलो अपनौ द्वार॥ 22॥
भीक दरस की मांगतौ, च्यों उपदेसौ मोहि,
पेट न सिच्छा से भरै, दरसन ते सुख होय ॥ 23॥
बड़ौ मजौ तुम लै रहै, मेरो हिया जलाय,
अपनौ हिय पजरै जबै, पीर समझ में आय ॥ 24॥
तुम बिछुरे गल बाँह कर, पीर दै गए मोय,

दरसन लोभी नयन ये, द्वारे टेर लगाय,
सात घूंघटा मुख छिप्यौ, तनिक झलक मिल जाय ।

दोहा कुञ्ज

विनय वीथि

कन कन की जानौं तुमहि, जग के सिरजन हार,
कैंसे मानूं खबर है, मेरी ना सरकार॥1॥
करुना निधि तव कृपा कौं, कोऊ ओर न छोर,
पै सबई जे ई कहैं, पैलैं मेरी ओर॥2॥
जबते प्रभु तुमने गही, या निरास की बाँह,
भयौ अंधेरे हीय में, जीवे कौ उत्साह॥3॥
हौं निगुरौ मानों नहीं, तेरी कृपा अनेक,
हौं मांगत थाकूं नहीं, तुम न थकत हौ देत॥4॥
तुम अपार संपति सकल,दैवें कूँ तैयार,
मोहि अचंभौ खिलौना मांग रह्यौ संसार॥5॥
तुम ना देत अघात, हौं अघात ना माँगते,
बू ना भीक कहात, प्रभू पिता सों जो मिलैं॥6॥
वैद्यराज हम जानिकें, दीनी नबज थमाय,
द्वार तिहारे आ पर्‌यौ,अब रोगी कह जाय॥7॥
मुख से तोकों प्रभु कहैं,गुणनिधि दीनानाथ,
बखत परे फैलाबते, नर के आगें हात॥8॥
कैसौ जे बिस्वास, कैसी सिरधा भक्ति जे,
रस से पूजें आस,जब तेरे बन बिक चुके॥9॥
मेरे तेरे में फंस्यौ, कलपत जग बेहास,
गुरु पर चंद्र प्रकास ते, मिटे मोह जंजाल॥10॥
सब जग जरतौं देख, हौं सोचूं कछु बच सकूं,
मिटी नाम की टेक, याई तें मन मैं लगी॥11॥

प्रेम करत रोवत मिले, न करत मिल्यौ न कोय,
कोउ औडें, कोउ ऊथले, डूब मिले सब कोय॥ 12॥
प्रेम न करियो भूल कैं, जानें दई सलाह,
बुई प्रेममय है गई, मुख में गई समाय॥ 13॥
अँसुआ पलकन में रहैं,आह अधर के माँहि,
जी उमठै ऐसे किज्यों, वस्त्र निचौरो जाहि॥ 14॥
बिना प्रेम अरपन नहीं, तातें प्रेमहु होय,
गंध बिना पृथ्वी नहीं, तातें गंधहु होय॥15॥
रोम रोम प्रेमहि बसै, जल में लौ न समाय,
को प्रेमी को प्रेमिका, को कहि सकै बताय॥ 16॥
प्रेम हिये में होय तौ, कैसें कछु लुटि जाय,
कपट,कुचाली,चातुरी, का कहिकें बहकाय॥ 17॥
हियरो जब गुन गात है, प्रेम कहावै सोय,
मुख पै गुन गन गाइबौ, जंबुक कौ गुन होय॥ 18॥
लिख भेंजू, मुख ते कहूँ, हिय की पीर विसेस,
याहि सोचते, सोचते ,सेत है, गए केस॥ 19॥
सहस ससिन तें बढ़ सुनी, मुख श्री सुंदर तोय,
बिन देखे मार्‌यौ फिरौं, देखोंगो का होय॥ 20॥
बिना पते ही खोजते, इहौ उहौ हौ गाँव,
जाकौ हौ प्रेमी सुनौ, ताही को पतियाँव॥ 21॥
धूल फांकते गैल की, ढोवत तन कौ भार,
सांझ भई मैं आ पर्‌यौ, खोलो अपनौ द्वार॥ 22॥
भीक दरस की मांगतौ, च्यों उपदेसौ मोहि,
पेट न सिच्छा से भरै, दरसन ते सुख होय॥ 23॥
बड़ौ मजौ तुम लै रहै, मेरो हिया जलाय,
अपनौ हिय पजरै जबै, पीर समझ में आय॥ 24॥
तुम बिछुरे गल बाँह कर, पीर दै गए मोय,

तबते मैं महकौ फिरों, बिछुरन ऐसो होय ॥ 25 ॥
साँझ भई कब आबुगे, बाट तकों नित तोर,
नित खग लौटे नीड़ कौं, नित मम हिये मरोर ॥ 26 ॥
प्रेम नेम जानौ नहीं, प्रीतहु राखौ गोय,
कठिन परिच्छा लेय कैं, कहा मिलैगौ तोय ॥ 27 ॥
तुम तौ दावौ करत हे, लै जाओगे पार,
आछे केवट बने हो, नाव फँसी मँझधार ॥ 28 ॥
मोहि अकेलौ छोड़ कैं, देखो तुम मत जाव,
अबई नेह की गैल मे, मैंने डारौ पाँव ॥ 29 ॥
जीवन के जा मोड़ पै, मोहि साथ की चाह,
ताही पै तुम सजि भजे, जे है कैसौ साथ ॥ 30 ॥
जीवन भर लागी रही, ऐसी भागम भाग,
याद तिहारी आइ ही, बाँटि न साके बाँट ॥ 31 ॥
तोते मिलबे की रही, मन में सदा मरोर,
चला चली ऐसी लगी, भूल गयो तुव खोर ॥ 32 ॥
प्रीत सच्च को करत है, करैं प्रेम व्यौपार,
खींरा खपिया सी जुड़न, कहें कुसल व्यौहार ॥ 33 ॥
ऐसे ठाड़े हो कहा, नैंकु तौ नैन मिलाव,
कौल बड़ौ लाँबो कियौ, तनिक याद आ जाय ॥ 34 ॥
नाम अधर जिय जगत में,जे तौ प्रीत न होय,
कुलटा पति सेवा करै, ध्यान परायौ होय ॥ 35 ॥
नैन नचाय, रिझाय हिय, मार्जारी सी घात,
तब तक मन ऐसो मर्‌यो, कोऊ नाँय सुहात ॥ 36 ॥
जा दिन ते तुमनैं दई, नेह तोड़ हिय चोट,
तब ते जानै च्यों लगै, हर नीयत में खोट ॥ 37 ॥
इतनौ मान न तुम करौ, नाहिं क्रूरता भात,
रूप बुई छबि कौ लखत, नैना नाँय अघात ॥ 38 ॥
मत इतराऔ, रूप जे, जोबन जे सिंगार,
ऐसो ज्वार मिल्‌यौ नहीं, जाकौ नाँय उतार ॥ 39 ॥
जे तो अच्छौ ही भयौ, साफ है गई बात,

रोलिंगे कछु चैन सौं, सोएंगे भर रात॥ 40॥
प्रेम दर्द मीठौ अहै, जा हिय प्रेम यसाय,
कहि न सकै, पै कहे विन, जी उमड़्यौ ही जाय ॥ 41 ॥
वानी में रस अर्थ कौ, सहज न निसरन होय,
तौ, समझौ, वाजीगरी, शब्दन कौ वध होय॥ 42॥

जीवन दरपन वीथि

जे जग है ऐसो विकट, जो दिखलाए राह,
बोई पहैलैं राह में, पत्थर को रखि आय॥ 43॥
हम सोचत वरसात सौं, धुल जाएंगे द्वार,
पै जे का उलटौ भयो, काई जमी अपार॥ 44॥
जो चुपके से कहत है, आँधी गई विलाय,
बेई नैया भँवर में, चुपके दै खिसकाय॥ 45॥
दीप सिखा वरि वरि करै, सिगरि रैन उजियार,
भोर उजारो वाहि कौ, देवै रूप विगार॥ 46॥
जव दिन विगरें कोउ के, कोऊ छोड़त नाँय,
जाको वस चलि जात है, वोई लात लगाय ॥ 47॥
समै समै की वात है, समै विगड़ जव जाय,
वूढ़ो होवे केहरी, जंबुक आँख दिखाय॥ 48॥
इत्तै धोखे खायतौ, काकौं हियौ दिखाय,
कोऊ को अपनो कहत, अव तौ हौं सकुचाय॥ 49॥
भरे भए कौ सब भरें, निर्धन [illegible] न [illegible],
आज कालि घन हू करें, हरिया पै वरसात॥ 50॥
दाता कौ दिल देखिकैं, [illegible] करकैं [illegible],
नंगो का कहि देयगो, भूखे कौं [illegible] ॥ 51॥
मरने वारे मर गये, [illegible] परे कराह,
रेल पलट गई, [illegible] ॥ 52॥
कहा विनय, का शिक्षा, [illegible] सुनै [illegible],
इहाँ बाँसुरी को सुनै, सबै सुनावें [illegible]॥ 53॥
दगाबाज सुनिकैं सबद, [illegible]

बात तुमारी नाँय है, जे है जंग व्यौहार॥ 54॥

सत्यमेव सबई कहैं, सत्य न पूछौ जाय,
या युग में सच कहे ते, कोउ ना पतियाव॥ 55॥

हौं जानों तौ में हतै, मोते नेह न नैंक,
संग संग चलनौ परै, धर मूरख कौ भेख॥ 56॥

आजकालि को करत है, निश्छल सच्चौ नेह,
साथ निभानौ ही परै, काल चक्र गति देख॥ 57॥

हम जानें सहचर कछुक, बनै चतुरता खान,
साथ हमारे चलत हैं, हमें मूर्ख अनुमान॥ 58॥

आज मित्र औ सत्रु की, बिगरि गई पहचान,
बिनको हँस करिबौ जुलम, लगै कृपा सी जान॥ 59॥

दीख क्रूर मुख पै रही, याके जो मुसकान,
जे कपोत बध में निपुन, लागै क्रूर सचान॥ 60॥

मुँह सीकें मूरत बनौ, बैठो करै न बात,
जे जन नाहीं कर कतल, धोतौ होगो हात॥ 61॥

आपत बदरा घिरैं जब, कोऊ न होत सहाय,
नैया डूबत देखिकैं, केवट हू तजि जाय॥ 62॥

दुक्ख जलाए जीव कौं, पै दे दृष्टि अपार,
विपत परे पै परखिये, कैसे कित्ते यार॥ 63॥

लकुटि बुढ़ापे की समझि,सुतहिं सुराहै लोग,
त्रिया देख, लकुटी भजैं, लगै बुढ़ापौ रोग॥ 64॥

जोबन अरु कर्त्तव्य की, जब जब बिछी बिसात,
कर्त्तव्य तौ हारौ मिलौ, जीत जवानी जात॥ 65॥

जे दुख तौ ल्हौरो लगै, लुटि गयौ बीच बजार,
असल दुक्ख तौ, लूटिबे बारे हे सब यार॥ 66॥

भीख मांगबे आय हौं, तुम पूछो मैं कौन,

भीखन काने कहाँ ते, करवाऊँ में फोन॥ 67॥
बदल गयौ जग कौ चलन, बदलौ सब ब्यौहार,
बिना सिफारिस भीक हू, मिलनी है दुस्वार॥ 68॥
जे गिद्धन कौ भोज है, सबहिं लूट कैं खात,
थम कछु जिय संतोष रख, कोऊ न भूखौ जात॥ 69॥
जब चाहे, पूछे विना, चक्कर चार लगाय,
कूकर लौं ठाड़ौ रहै, टुकड़ा कौं ललचाय॥ 70॥
वो उपयोगी जानकैं, नित्ताई नेह बढ़ाय,
मतलब निकलैं, मिठाई डिब्बा सों तजि जाय॥ 71॥
ऐसे कूकर जनन कों, टूक न डारौ भूल,
हँसि खाए, निंदा करें, पीठ चुभावें शूल॥ 72॥
चुप रह, आपुनि योग्यता, काकों रह्यौ दिखाय,
सुनिबौ, समझ, सराहिबौ, या जुग कौ न सुभाय॥ 73॥
आपुनि आपुनि विपति तो, जानै है सब कोय,
दरद छिपाकैं हँस सकै, मरद कहावै सोय॥ 74॥
अरि कैसौ हू प्रबल हो, मन नाहीं भय खात,
अपनन के षड्यंत्र ते, जिय निस दिन थर्रात॥ 75॥
छुरी मारकैं पीठ में, जो न सहज मुसकाय,
नये जमाने कौ मनुज, ताहि न मानों लाय॥ 76॥
वन में रोओ, का मिलै, कौन सुनै आवाज,
समुझै कौन विवेक को, भयौ भीड़ कौ राज॥ 77॥
सीख अरु उपदेस की, जो झर बाँधे जाय,
वानै कछु ऐसो लगै, दरपन देख्यौ नाँय॥ 78॥
कबहुँ कबहुँ, ह्वै जात है, ऐसे जन कौ साथ,
हिय रोवै, फड़के नयन, करि न सकै मुख आह॥ 79॥
कैसौ जग व्यौहार, कोउ नाय बक्सै इहौ,
वोई देय पछार, नैंक चूक लेवै पकरि॥ 80॥

सुनहु कपोती जगत में, सबई नाहीं बाज,
गौरैया सुक सारिका, इनकौ जोरि समाज॥ 81॥
कोऊ आँधी करि सकै, मेरो कहा बिगार,
मैं अपनौ दीपक स्वयं, कर बैठौ निस्सार॥ 82॥
जब लौं लक्ष्य न मिल सकैं, पंथी मत सुस्ताव,
कबहुँ किनारे के निकट, डूबत देखी नाव॥ 83॥
मंदिर तीरथ दूर हैं, जानैं कब जा पाँय,
तब लौं दुखि अँखियान के आँसू पोंछे ज़ाँय॥ 84॥
कहा काम कौ बुद्धिबल, अरु तरकन की छाँह,
विपत पराई, बिथा सुन, पलक भीज ना पाँय॥ 85॥
पर निंदा करनी सरल, को अपनो मन पेख,
जो चबाव को मन करै, दरपन में मुँह देख॥ 86॥
हौं मानौं गलती भई, तुम दीनन के नाथ,
अपनौ ही जन जानिकैं, नाँय गिनौ अपराध॥ 87॥
टेर लगाते ही रहौ, निज कों जान अनाथ,
वो दाता, दुख भंजना,कबहुँ करै सनाथ॥ 88॥
गाए जा मन गती सौं, विपति बिदारन होय
मौत कराली आयगी, च्यों ताकों नित रोय ॥ 89॥
मौत जनम संग लगी है, कहँ लौं जइये भाग,
जगत रहसि आवै समुझि, तबै मीत सम लागि॥ 90॥
ज्ञान,ध्यान औ तरक सौं, जगत न मिथ्या होय,
हरि गुरु की करुना बिना, रहसि न समझै कोय॥ 91॥
तट पै ठाड़े कहत हौ, कित्तौ गहरौ ताल,
डूबौगे तौ मिलैगौ, गहराई कौ हाल॥ 92॥
मानो फूटी आँख ते, हमें न कोऊ भाय,
हाथ मिलावे में कहां, हमरो है घटि जाय॥ 93॥

जाने जीवन पर कियौ, काँटिन सौं निरवाह,
वो संध्या में च्यो करै, फूलन की परवाह॥ 94॥
जाने परहित में सही, है पत्थर की मार,
वो साहिब कौ कीजिये, फूलन सौ सिंगार॥ 95॥
घुरौ लगी, जब सुपन सब, बिखर गए छिन माँहि,
आँख खुले कौ सुक्ख तौ, मुख ते कह्यो न जाय॥96॥
नेह करत, कहते भए, नेही मिले अनेक,
सब में आपनिई झलक, हम तौ फाए देख॥ 97॥
तन की मन जी विपति नैं सदा कीन गलवाँह,
खग सिसु सी मोकों मिली, पिय पंखन की छाँह॥ 98॥
दुख तौ जीवन से लग्यौ, नित काहे कों रोय,
सुख काजै दै सुकरिया, नित्त कर रत होय ॥ 99॥
जो चुप्पौ बन रहतु हैं, नेक नाँय मुसकाय,
वाते बच चलिबो भलो, जाने का कर जाय॥ 100॥
जीवन भर अमुआ दिए, अब छाया दै पाय,
त्रिभुवन बूढ़े वृच्छ कूँ, काह रहे कटवाय॥ 101॥
आप पधारे भवन में, दुति कौ भयौ विस्तार,
या घट में कब भई ई , ऐसी प्रभा अपार॥ 102॥
साथ हमारौ छोरि देहु, वृथा बनेगी बात,
जग पूछै, का कहोगे, कौन चल रह्यौ साथ॥ 103॥
मेल बढ़ावत ही रहौ, गोप रखौ सब ज्ञान,
ज्ञानी पूछैं ज्ञान कौं, लोग विसै मुसकान ॥ 104॥
देख सुनौ, पै सब कछू, नाँय कहन के जोग,
कही बात का रूप लै, मूड़ पिटावै तोर॥ 105॥
लड़नौ तौ तलवार सौं, मत फेंको तुम म्यान,
कोऊ समै म्यानहु करै, डरपावे कौ काम॥ 106॥
थोड़े से जस मान ते, मान न जिय मे मोद,
रवि ससि से कवि है गये, तू का है खद्योत॥ 107॥

मोहि संत जन मानिकैं, मत छूऔ जे पाँव,
अपनौ जैसौ देखिकें, कहुं सिरधा घटि जाय॥ 108॥
हम प्रतिम्बिति होंय, ये जग निरमल आरसी,
प्रेम घृणा,सथ कोय, हम देखें हमई दिखें॥ 109॥
काम अगिन की टेक, मिटै न क्रोध, न मोह मद,
उपजै नहीं विवेक, जब लौं सद्गुरु कृपा ते॥ 110॥

वीर

(1)

सिद्ध सफलता देखिकैं सब बनि जाएं वीर,
घिर्यौ इकल्लौ देखिकैं को न बनै रणधीर,
को न बनै रणधीर कसक कै हाथ चलाए,
मारे गारी देय मौत कौ स्वाद चखाए
त्रिभुवन अरि बस परे कहत है ताकौ भैया
रोए कसमें खाय कहै मैं तेरी गैया॥

(2)

देश,धर्म, सम्मान हित, जो भिड़ जावै वीर
आपुनि चिंता बिन किए युद्ध करै रणधीर,
बालक अबला वृद्धन पै नहिं हाथ उठावै,
युद्ध करैं रणधीर, निबल कों नाँय सतावै.
लड़ियन कौ दल देखिकैं लड़ै सिंह सो वीर
दल बल हुंकारे भरै, थे काहे के वीर?

(3)

बँधी दलाली देखिकैं हरष करैं व्यौपार,
बिना हानि, बस नफा कौ राखें सदा विचार,
लाभ परायौ देखिकैं बरैं न जोखिम लेंय,
दल्ला व्यौपारी बने, लल्ला में रुचि लेंय,
बोई वीर बोई बाजिक है जो कछु जोखिम लीन
पिया दरस तब पाइये सिर कौ सौदा कीन॥

(4)

ये जीवन संग्राम है, कसकें तेग चलाव,
दुख–सुख मान अमान तें तनिक नाँय घबराव,
काम न काकौ मन हरै, क्रोध न अगनि लगाय
लोभ न टुकड़ा डारकैं, काकौ मन ललचाय,
हार जीत पै सम रहै, हँस हँस झेले पीर,
नाहिं विवेक तजि, हरि भजै, सो कहलाए वीर॥

छंद मुक्त कविताएं

अल्हड़ वसंत

जे तूने कहा कियौ,
ओ, अल्हड़ बसंत,
कैसी रंग भरी पिचकारी, छिड़क दई
पुष्पन पै, पलासन पै,
जि कर दियौ सारौ निसर्ग हू बहुरंगी,
मैं तौ देखतौ ई रहि गयौ, निस्तब्ध,
पै जे कहा भयौ!
तू तौ अल्हड़ कौ अल्हड़ ई रह्यौ,
पर मैं बूढ़ौ है गयौ।

वसंत आय गयौ

नीले नैन खोल कचनार महकी,
कोयल पिंहकी
प्रौढ़ भई कोयल की पायल बजी छन छन,
हाय! अब कोऊ देखे तक न,
भूरे भए गेहूँ के बाल,
हाय! ऋतुराज वस अन्त आय गयौ,
बसन्त आय गयौ।

सुख–दुख

सुख के दिन,
नखरैल जमाई से,
नठै नठै आवैं,
आवैंहू तौ थोड़े छिनन कौं
हल्ला कर, रौब दिखायँ,
चट से खिसक जाएँ
कौन जानै कितकों
दुख के दिन
जानै कौन सौं नाम पूछ
आय धमकत हैं, पौरी में बिन बुलाए मेहमान
कित्तौ ई पल्लौ झारौ,
जाइबे कौ लेत नाँय नाम,
उठत–बैठत मुख सौं निकसै,
हाय राम।
हाय राम॥

स्वामिभक्त

छोटौ सौ स्वान पुत्र,
हरिक राह गीर के,
हरिक पथ गामी के,
पावन कौं सूंघत है,
पीछे लग जातु है,
वर्जन अरु ताडन सों,
खीसें दिखात है, खूब दुम हिलात है,
चिकय सौ जात है,
सोचतु है,
जब जे घर पहुँचैगौ,
मेरे दुम हिलाइबे ते,

कूं कूं कर गिडगिड़ाइबे ते,
कछु टुकड़ा डारैगौ,
आपुनौ बनायगौ,
अरु मैं याकौ कुत्ता बन,
खूब गुर्राऊंगौ,
आइबे जाइबे वारे को स्पष्ट बताऊँगौ,
टुकड़न की स्वामिभक्ति,
ऊँची है, सच्चे स्वाभिमान ते,
न्याय ईमान ते, मान अपमान ते।

सयानौ

गाँव कौ सियार
सहर माँहि आयौ,
सोच रह्यो,
भौत मैं सयानौ हूँ,
भौत तिकड़म वारौ हूँ,
छलांग लगाऊंगौ,
कटघर माँहि घुस जाऊंगौ,
खूब गोस्त खाऊँगो,
सहरी, कुत्ता, कुत्तीन कूँ,
खूब छकाऊँगौ
पै जे का भयौ !
सहर के गोस्तखोर,
चालवाग ,
सधे सधाए कूकरन
सपट फाड़ खायौ
गाँव कौ सियार सहर में आयौ।

हम सब

बड़ी घोर घुटन है,
भौत डर लगै है, बात तक करिबे में,
हँसबे, हँसाइबे में,
हम सब, बाबू मिस्टर,साहब, श्रीजुत,
नामधारी श्रेष्ठजन,
ऊपर ते नीचे तक कलफ लगे से हैं जे,
बोलत हैं मीठो मिस्री घोर घोर,
सजी भई नुमाइस है, सुरुचि सद्‌भावना की,
मजे कलाकार है भावन के प्रदरसन में,
बैसे तौ गाढ़ी मित्रता कौ दावौ करै,
परन्तु जब आपने स्वारथ पै आवै आँच,
आँख में गड़ै पराए की प्रगति जब,
छुरी घोंप देत हैं चुपके सौं पीठ में
अरु ऐसौ विल्लाप करें,
जैसे अपनौ कोऊ सगौ हू गयौ होय मर,
रोय रोय चुपके सौं
वाकी अंत्येष्टि की तैयारी करबे लगें,
मुस्करायकर।

जानौ कित ओर

चहुँ ओर उठि रह्‌यौ संसय ग्रस्त सोर,
जानौ कित ओर हमें, जानौ कित ओर,
चहुँ ओर बाज रही तुरही नई नई,
नई नई ढपली अरु रागनी नई नई,
सबहि दमभर लाएंगे भोर
सताय रई सबहिं कौं, नामवरी की फिकर
नित्त नए बोध कौ अर्थ से कारै जिकर
सबहूँ कों बाँध रही संसय की डोर

चले बिन थकि रहे, सबई के पाम,
अनजाने से लागि रहे अपने ही गाम,
बिना श्रम स्वर्ग के सपने सब ओर
दिसाहीन खेंच रहे, हवा माँहि चाप,
निज के हीन भावन कों युक्ति के ढाँप,
कीचड़ कूँ कहि रहे गंगा की कोर
जानौ कित ओर हमें जानौं कित ओर

बरखा गीत

रितु आई बरखा की आए न साँवरे,
गोरी के गीतन कौ सूनौ है गाम रे

सहमी सी मैके से पुरवैया आय गई
सजनी,सहेली सी तीतरिया छाय गई,
भूल गए बाबुलवा, बिफर गए बीर रे
मैया का जाने, बिटिया की पीर रे,

मतवारे नावें घन बिजुरी के गान रे
कौन संग नाचूं ओ मेरे घनस्याम रे

सपरी तुमारी तौ आँगन में फूल रहो,
गोद भरे बेलरिया महुआ की झूम रही,
अमुआ ते टपके की दी है ज्यौनार रे
भँवरारी जामुन की झूमी बहार रे,

लौट लौट आए सब परदेसी गाम रे
कगुआ उड़ाते मैं हार गई साँवरे

गली गली गूंज रई कजरी मल्हार है
चूनर कौ, मेंहदी कौ घर घर त्यौहार है,
चूनर जो लाए तुम पहनी न जाय रे
ढोलक बिसूरे कि आल्हा कौन गाय रे

पाती की आवे की, पूछैं सब गामरे
आयकैं बता दै, तू बावरे।
रित आई बरखा की॥

थिरकेंगे श्यामल घन

पिहको मत कोयलिया अँबुआ की छाँव में
संदेसौ भिजवाऔ पुरवा के गाँव में

अबहुँ तौ निभौरी नैं चुपके से बतरायौ
भँवरारी जामुन तौ औचक गदराय गई
सपड़ी जो बैठी ही, मन मारें झुकी–चुझी
पायकै घन परस इठला पुष्पाय गई

आवारा पवन हू रवैया बदल करि कै,
सहमौ सौ चलि रह्यो दवे दवे गांव में

सुन्यौ आज प्राची के इंगुराए आंगन माँहि
लाल ओढ़निया पहिर बेड़निया नाचैगी
दादुर के छोकरा ता तरियाँ बजाइंगे
बीन लैकैं वायु हू मल्हारै गाएगी,

कोयल ने अंबुआ को चुपके से बतलायौ
थिरकेंगे श्यामल घन बिजुरी के गाँम में

फूलन पै, पत्तन पै, कुम्लाए, विटपन पै,
रिमझिम को मतवारौ जादू छा जायगौ
पीपर के पत्ता पर मोती सो ढुलकेगो,
हार सिंगार खिलौ, जग कौ महकायगौ

दहकैगौ पीरोपन कादम्बिनि पुलकन में,
महकैगौ एक गीत कदम की छाँव में

पिहको मत कोयलिया॥

डॉ. रामगोपाल शर्मा 'दिनेश'
53, विद्या विहार कॉलोनी
उत्तरी सुन्दरवास, उदयपुर (राज.) 313001

जमुना किनारे गाँव, सिघावली है सुरम्य,
जनमों जहाँ पै राम गोपाल दिनेस है।
प्रकृति के गीत गाए, लोकगीत लिखे खूब,
सबसौं निभायौ नेह, काहू सौं न द्वेस है।
साहित्य सुसाधन में, ग्रन्थन पै ग्रन्थ रचे,
मातु भारती कौ हित, हिय में हमेस है।
आराधक है दिनेस, व्रज की वसुंधरा कौ,
व्रज माधुरी कौ प्रिय, साधक विसेस है।

परिचै

नाम	:	डॉ. रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' मिश्र
जन्म स्थान	:	सिधावली त. वाह जि. आगरा (उ.प्र.)
जन्म तिथि	:	5 जुलाई, 1929
पिता कौ नाम	:	पं. कन्हैयालाल मिश्र
माता कौ नाम	:	श्रीमती सीपा दुलारी मिश्र
परिवार	:	द्वै पुत्र, तीन पुत्री
व्यवसाय	:	शिक्षण कार्य
प्रकाशित ग्रंथ	:	सारथी, मधुरजनी, जलती रहे मशाल,अहं मेरा गेय, साक्षी है सूर्य, विश्वज्योति,एवं आदि 18 काव्य है।
अप्रकासित ग्रंथ	:	दिनेस दोहावली
वर्तमान पतौ	:	53, विद्या विहार कॉलोनी, उत्तरी सुन्दरवास उदयपुर (राज.) 313001

डॉ. रामगोपाल शर्मा: व्यक्तित्व एवं कृतित्व

—श्रीमती इन्दिरा त्रिपाठी

संसार विष वृक्षस्य द्वे फले अमृतोपमे,
काव्यामृत रसास्वादः संगतिः सुजनै सह।

जे दोऊ अमृतोपम फल जो एकई ठौर प्राप्त है जाँय तौ समझौ सोने माँहि सुहागौ। दिनेस जी की व्रजभासा कविता कौ आस्वाद कछु ऐसौई है। आपके कृतित्व माँहि आपकौ सज्जन, सहृदय,संवेदनसील, विद्याव्यसनी व्यक्तित्व सर्वत्र प्रतिविम्बित होतौ दिखाई परै। ऐसी कलम सौं जो रचना प्रवाहित होय बू स्वभावतया स्वान्तः सुखाय के संगई वहुजन सुखाय अरु वहुजन हिताय होय है। आपकौ काव्य सहृदय कौ मनोरंजन करै अरु मार्गदर्सक कौऊ काम करै। पाठक कूँ सत्य के प्रति जागरूक करै, सिवत्व अरु सौन्दर्य के गुनन कौ आनन्द हू प्रदान करै। दिनेस दोहावली के अन्तिम छोर पै वानी जगरानी व्रजभासा कूँ सव भासान में 'मधुरतम' अरु 'सिरमौर' वतायौ गयौ है –

सव भासनि में मधुरतम, व्रजभासा सिरमौर।
वंसी के सुर में सनी, रंग राधिका गौर॥

भेंट वार्ता माँहि कवि नैं कह्यौ है कै व्रजभासा विनके घर में बोली जावे वारी 'माँ की वोली है।' व्रज अंचल माँहि जनमे, पले वढ़े दिनेस जी कौ गाँम जमुना किनारे ही, जहाँ के करारे,टीले,घने जंगल,जमुना की सुन्दर कछारें विनके वचपन अरु किसोर जीवन की क्रीड़ास्थली रही। व्रज–कविता हू यहीं अंकुरित्त भई। सवसौं पैलैं (1942 में) वटेसुर के मेला में पचास हजार श्रोतान के वीच अपनी व्रजभासा

कविता कौ पाठ कियौ जासौ विशाल भारत के सम्पादक पं. श्रीराम शर्मा भौत प्रसन्न भये। बिनकी प्रसंसा कवि के जीवन कौ पाथेय सिद्ध भई। उत्साहित हैकैं दिनेस जी नैं ब्रजभासा में फुटकर कविता, दोहा, गीत आदि लिखे, पै बाबू गुलाबराय की राय सौं खड़ी बोली की बिविध विधान मेंहू रचना करबे में प्रवृत्त भये।

अनेक उपाधीन सौ मंडित डॉ. रामगोपाल शर्मा दिनेश साहित्य रचना क्षेत्र माँहि बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। कविता, कहानी, नाटक, सोधग्रंथ, आलोचना, पाठ सम्पादन आदि के रूप माँहि जो उत्कृष्ट साहित्यिक सेवा आपनैं करी बाके तॉई अनेक पुरस्कार प्राप्त भये। मान सम्मान के अंबार लगि गए। प्रतिष्ठित पुरस्कारन की सूची देखिकैं कोऊ भी प्रभावित भये बिना नाँय रहि सकै।

ब्रज अंचल के विभिन्न स्थान आपकी कार्य स्थली रहे है अरु उदयपुर मेऊँ आपकी ब्रजभासा सेवा निरंतर जारी रही है। अपने उदयपुर प्रेम कौ भेद बताते भये कवि नैं कह्यौ है–'नाथद्वारा में श्रीनाथ जू के दर्सन करिकैं ब्रजवास कौ आनंद मिलन लगै।' ब्रजचंद अरु ब्रज संस्कृति के पुजारी दिनेस जी नैं सुरति मिश्र के ग्रंथ समेत ब्रजभाषा के कुल 18 ग्रन्थन कौं पाठ सम्पादन समालोचन आदि कियौ है। ब्रजभासा कूँ समझिबे बारे छात्र तैयार करे हैं। हिन्दी की अस्मिता कूँ अक्षुण्ण रखबे के काजैं ब्रजभाषा अरु राजस्थानी की रच्छा अरु उन्नति कौ महत्व समझायौ है। जा तरियाँ अपनी माँ की भाषा ब्रजभाषा कौ रिन, उतारिबे कौ सफल प्रयास कीनौ है।

दिनेस दोहावली

व्यक्तिगत अरु सामाजिक अनुभवन की संचित रासि ही इन दोहान कौ उत्स है। अपनी रचना प्रक्रिया के अन्तर्गत कवि नैं बतायौ है "काव्य सहज ऊपजै पै यासौं पैलैं सामाजिक अनुभव प्राप्त करे जाँय," पाछैं कविता प्रवाह रूप में बहि निकरै। कोरी कल्पना के आधार पै जो कविता रची जाय बू अपने उद्देस्य सौं भटक जाय। संगीत चित्र आदि कलान के समाबेस सौं कविता कौ सौन्दर्य अरु आकर्सन बढ़ै, तौ जीवन दर्सन बाय सोद्देस्य बनावै–ऐसी कविता ही सार्थक होय। इन दोहान माँहि काव्य कला अरु उपदेस कौ ऐसौ मणि कांचन संजोग है, अनुभूति अरु अभिव्यक्ति कौ ऐसौ उत्तम समन्वय हैकैं आस्वाद अत्यंत आनन्ददायक है जाय। सहृदय पाठक भाव अरु संदेस कूँ आत्मसात् करतौ चलौ जाय–भावामृत कौ पान करि बू तृप्ति कौ अनुभव करै। बाके मन कौ खालीपन अरु खोखलौपन भरि जाय अरु कवि के उद्देस्य की पूर्ति

है जाय। ऐसे कवीन की अरु गुनग्राही पाठकन की संख्या बढ़ै तौ समाज माँहि सुख-सान्ति स्थापित है जाय।

जा सतक माँहि बड़ी संख्या में ऐसे दोहा हैं जो "देखन में छोटे लगैं" पै अर्थ गांभीर्य परत दर परत उजागर होतौ चलौ जाय। विसेसकर चित्रन अरु बिंबन के माध्यन सौं कवि अपनौ अभिप्रेत प्रेषित करै, फिर बात चाहै ज्ञान बैराग की होय, धरम नीति की होय, सामाजिक उत्थान की चिन्ता होय, ढोंग वितंडावाद की भर्त्सना होय या पर्यावरण प्रदूसन की समस्या होय, कवि कौ संदेस अरु अभिव्यक्ति मन में गहरे पैठि जाँय।

जे दोहा मुख्यतः मुक्तक रूप में हैं। कहूँ कहूँ विसयानुसार समूह हू हैं। कई विसै बारम्बार आये हैं। जे वे समस्या हैं जो कवि के मन पै छाई हैं, बू चोट है जो छिन छिन कसकै-फिरि फिरि दोहान में बहि निकरै जैसै-प्रवासी पूत, स्वार्थी संतान, बूढ़े जननी जनक की व्यथा, विनकौ अकेलौपन। जो इन समस्यान के काजैं जिम्मेदार हैं उन्हें जगायौ गयौ है। चेतायौ गयौ है।

कवि नैं सतक के अन्त में दोहा में लिख्यौ है।
जो लिखनौ सो लिखि चुक्यौ, आगे लिखनौ व्यर्थ।
अब तक जो मैंने लिखौ, समुझि वाहि कौ अर्थ॥

जे दोहा मानौं भारी भरकम सतसई लिखन वारेन कूँ जो हलके फुलके 13-11 के दोहरे रचत चले जाँय अरु अर्थ अभिव्यक्ति अरु संदेस की परवाह नाँय करैं, एक इसारे ते समुझाय रह्यौ है। मंगलाचरण,ईस वन्दना के रूप में आरंभ में कछु दोहा लिखे हैं। पैलौ दोहा देखौ:-

सिव-दुर्गा-गनपति सहित, रमैं हृदय श्री राम।
सीस जानकी-चरन-रज, मन में राधा-स्याम॥

दोहा छंद की कसावट कौ अनुभव कराते भये, सात देवी-देवतान के प्रति भक्ति भाव प्रकट करते भये, तुलसी की परम्परा माँय सैव-वैस्नव समन्वय भाव कौ समर्थन हू कर दियौ गयौ है। आगैं पवन पूत, वीनावादिनी, दस भुजा दुर्गा कौ स्तवन करिकैं सर्वदेव प्रार्थना सौं सतक आरंभ कीन्हौ है। सतक के सेस दोहा अनुभूति सीर्सक के अन्तर्गत राखे गये हैं। पैलौ दोहा जा तरियाँ है-

कविता जीवन संगिनी, कहै हृदय की बात।
भरि भीतर के घाव सब, सान्त करै संघात॥

जा दोहा में मानौ कविता की परिभासा दै दई है। जीवन संगिनी कहकैं वाकौ मानवीकरण करि दीनौ है। कविता हृदय की गहराई सौं प्रगटै, संघर्षग्रस्त मानस कूँ सान्ति प्रदान करै।

अनुभूति के दोहान की खासियत है कै बे कवि की अनुभूति–प्रसूत तौ हैं ई–पाठक कूँ जे अनुभव अपने लगैं। मन में स्वीकृति भाव और प्रसंसा भाव लिए पाठक सान्ति अरु आनन्द प्राप्त करै।

ईश्वर की करुणा, घट–घट व्यापकता, में कवि की गहरी आस्था है। सत्यव्रत, हरिनाम अरु निष्काम कर्म ही मनुष्य कौ इस्ट होनौ चहिए, अरु आडंबर सौं दूर रहनौ, दीन दुखीन की सेवा करनी, जेई साँचौ धरम है–

धरम नहिं झंडा वहस, नाहिं जुलूस प्रचार।
करनो है कछु काम तौ, कर दुखियन सौं प्यार॥
चाहे जितनौ चतुर बनि, बिछा दंभ कौ जाल।
दया दृष्टि विन ईस की, होवै नहीं निहाल॥

'तीरथ–तीरथ घूमनौ' 'व्यर्थ के बिवाद ठाड़े करनौ' पै कन–कन में रमन बारे ईस्वर कौ ध्यान न करनौ साँस साँस में बजतौ अनहद नाद ताँईं बहिरौ बनौ रहनौ. धन, धरती, जस, काम की चिन्ता मायँ फँसौ रहनौ आज के मानव कौ सुभाव बनि गयौ है। जेई समाज के पतन अरु असान्ति कौ कारन है।

सेवा के नाम पै संग्रह में लिप्त, अरु मूलभूत आवस्यकतान की पूर्ति सौं [illegible] न करबे बारेन की कवि नै निन्दा कीनी है परिग्रह छाँड़ि अपरिग्रह कौ [illegible] है–

सेवा करने कौं चल्यौ, भरतौ घर में वित्त॥
जीभ–परिग्रह मंत्र रत, छिन कौ सांत न चित्त॥
कियौं विविध अपकरम करि, संचित वित्त अपार।
चल्यौ जबहिं भोगन तबहिं, डूबि गयौ मँझधार॥

सेवा के नाम पै अनेक संस्था चलायबे बारे सरकार [illegible]
की सेवा ताँईं वित्त प्राप्त करिकैं अपनौ घर भरिबे बारेन कूँ [illegible]

अनीति मन कूँ असांत ही राखैगी। अवई तौ धन प्राप्ति ताँईं तनाव भुगत रह्यौ है। पाछैं अपनी करनी पै पछतायगौ–आत्मा की असांति सौं जूझैगौ। अपराध,तस्करी, घूसखोरी, घोटाले, आदि अपकरम करिकैं आदमी अपार वित्त तौ संचित करि लेय पै जवई भोगन चलै तो मँझधारई में डूब जाय–जेल जाय या ईस्वरीय न्याय की पकड़ में आ जाय। मँझधार में डूबन कौ रूपक, या बिम्ब बाकी दुर्दसा कौ पूरौ चित्र उपस्थित करै।

संसार की निस्सारता, उन्नति–अवनति कौ चक्र, बिना सत्कर्म किये जस की लालसा, सांसारिक माया मोह आदि के सम्बन्ध में कवि बारम्बार चेताय रहयौ है कै कुपथ छोड़ि कैं सतपथ पै अग्रसर होनौ ई साँचौ धर्म है। जस लालसा पालन बारे सौं कवि पूछै है 'तूने कौन सौ ऐसौ भलौ काम कियौ है जो पाथर पाथर पै अपने नाम लिखि रह्यौ है ?' 'मेरौ मेरौ' रटन बारे कूँ बताय रह्यौ है कै अन्त में तौ धूरि में मिलैगौ। अपने पथ पै 'कांटन भरे बवूर' क्यों बोवै ?

सर्वधर्म आदरभाव कौ धार्मिक अरु सामाजिक महत्व काहू सौं छिप्यौ नाँय–

भेजौं जानैं जगत में, ताके नाम अनेक।
काहु एक पै क्यों अड़्यौ, खोयौ वुद्धि विवेक॥
सैयद की पूजा यहाँ, माथ झुकै हर थान।
संग रमैं निसि दिन यहाँ, गीता और कुरान॥

एक ओर अपने कूँ बुद्धिमान, सिच्छित समझबे बारे सहरी ईस्वर के नामन पै अड़िकैं दंगा कराय रहे हैं तौ दूजी ओर सरल सुभाय गाँव बारे सैयद अरु देव स्थानन कूँ बराबर कौ श्रद्धा सम्मान देय हैं। कवि नैं गांव कौ चित्र दैकैं बाँछित स्थिति की ओर वड़ी चतुराई सौं इंगित कियौ है।

समाज में मानव–मानव के बीच भेदभाव करबे बारे, छुआछूत फैलायबे वारेन कूँ कवि नैं समुझायौ है कै जिन्हें तू अछूत कहिकैं तिरस्कृत करि रह्यौ है वे प्रभू सन्तान हैं, 'सुरग के दूत' हैं। मानौ गांधी जी कौ संदेस दोहराय दीनौ है।

जे दोहा यथार्थ कौ चित्रण करते भये अपनौ आदर्श लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत आज के समाज की बहुतेरी बुराई पच्छिमी सभ्यता के अन्धानुकरण अरु नैतिक सांस्कृतिक मूल्यन की गिरावट के कारन पैदा भई हैं। गुरु के आस

बारौ मदिरा पान करै तौ ऐसौ लगै कै अंधौ नैन जोति कौ ज्ञान बाँट रह्यौ है। का अचम्भौ जो सिस्य हू कुमारग पै चलिवे लगि जायँ।

दिनेस जी नैं सांसारिक चाल ब्यौहार कूँ बड़ी पैनी नजर सौं देख्यौ है फिर वाकौ चित्र प्रस्तुत कर मानौ हमै आइना दिखायौ है। स्वार्थी संतान, प्रवासी पुत्र, धन लोलुप,उदासीन, वृद्धावस्था मायँ जननी जनक कूँ अकेले छोड़ दैवे वारे कपूतन के व्यवहार सौं कवि कौ संवेदनसील हृदय भौत आहत भयौ है –

काटे लाखों पेट तव, महल बनायौ एक।
कियौ गरव सौं पूत कौ, फिरि वामें अभिसेक॥

राजस्थान के उदयपुर सहर सौं 22 कि.मी. दूर ब्यावर–अजमेर मारग पै "कैलासपुरी" नाम कौ एक छोटो–सौ कस्बा है। यहाँ पुराने मेवाड़ राज्य के महारानान के आराध्य देवता भगवान एकलिंगनाथ कौ प्रसिद्धि मंदिर है। जाई कारन सौं जि कस्बा 'एकलिंगजी' नाम सौं हू जानौ जात है। अरावली परबत की घाटिन सौं गुजरबे वारे मारग के किनारे बनौ भगवान शिव कौ जे मंदिर प्रकृति अरु धरम कौ अनोखौ, मन कूँ हरनवारौ पावन स्थान है।

पुरानन में हू एकलिंग भगवान की पूजा कौ प्रसंग पायौ जात है। 'वायु पुराण' में "श्री एकलिंग महात्म्य" में जि बरनन मिलतु है:–

"इन्द्रः सर्वसुरेश्वरः कृतयुगे भक्त्यामाराधयत्।
त्रेतायां सकलाभिलाषफलिनी धेनुस्तथा द्वापरे।
नागेशः किल तक्षकः कलियुगे हारीतनामा मुनिः।
सोऽयं सर्वजगद्गुरुर्विजयते श्रीमदेकलिंगः प्रभुः॥

जा उदाहरन सौं भगवान एकलिंग की पूजा–प्रार्थना कौ सम्बन्ध सतयुगीन इन्द्र सौं जुरै है। आधुनिक इतिहासकारन नैं एकलिंग मंदिर की इतनी प्राचीनता स्वीकार नाहिं करी पै बापा रावल के समय सौं जा मंदिर की ख्याति में कोऊ बिवाद नाँय है।

जो प्रमान अब मिलत हैं, विनसौं जि बात सिद्ध है कै जोगीराज

'हारीतराशि' जा स्थान के आदि आचार्य हते। वे मेवाड़ राज्य के संस्थापक बापा रावल के गुरु हते। उनकौ समय विक्रम संवत् ७९१ सौं ८१० तक मानौ जाय है। ऐसौ है सकत है कै जे समै जा स्थान की दुवारा प्रसिद्धि कौ समै हो क्योंकि ऐसे अनेक प्रमान मिलैं हैं, जिनसौं जा स्थान की प्राचीनता सिद्ध होय है।

'एकलिंग–महात्म्य' के अनुसार द्वापर में जब जनमेजय नैं नागयज्ञ करौ हतौ तब तच्छक साँप डरिकैं एकलिंग जू की सरन में गयौ । फिरि बु कुटिलगंगा में एक कुंड बनाइकैं रहन लगौ । कैलासपुरी में अबहू कुटिला नदी अरु तच्छक कुंड है औरु आस–पास की पूरी जगह 'नागहद्र' कहलाबै है। जि नाम बापा रावल के पैलैं सौं ही प्रसिद्ध रह्यौ है। जा 'नागहद्र' कौं ही अब 'नागदा' कहन लगे हैं। जि एक गाँव है, जा गाँव में रहनवारी बामन अरु बनिक जाति हू 'नागदा' कही जाँय हैं। एक जि मान्यता हू है कै 'तच्छक कुंड' में नहावे सौं साँप के काटवे कौ डर नाहीं रहै। जि बात हू कही जाय है कै कुंड में नहावै सौं साँप के काटे कौ बिस हू उतरि जाय है। लोग कहत हैं कै यहाँ साँपन की अधिकता हैबे पै हू काहू की साँप के काटबे सौं मौत नाँय सुनी गई।

कैलासपुरी में दो तालाब हैं। उनमें सौं एक कौ नाम 'इन्द्रसरोवर' है। जि सरोवर भौत बड़ौ है, गहरौ हू भौत है। मंदिर के दच्छिन–पूरब में बने जा सरोवर के बारे में 'एकलिंग महात्म्य' में उल्लेख मिलै है कै बृत्रासुर के बध सौं लगे ब्रह्म हत्या के पाप सौं छुटकारौ पाबे के काजैं यहाँ इन्द्र नैं एकलिंग भगवान की आराधना करी हती। कथा कछू रही होइ पै इतनौ तौ सिद्ध होय है ही कै ई सरोवर बापा रावल औरु हारीतराशि सौं हू पुरानौ है औरु लोक बाकौ सम्बन्ध एकलिंग जू की भक्ति सौं जोड़त हैं। ऐसी मान्यता हू है कै जा सरोवर में स्नान करन के बाद भगवान एकलिंग जू के दर्सन करन वारेन कूँ बिना जज्ञ आदि किए ही पापन सौं छुटकारौ मिलि जाय है। 'एकलिंग माहात्म्य' में ऐसौ उल्लेख मिलत है –

इह तीर्थे नरो यात्रां कुर्यात् पर्वणि पर्वणि।
ब्रह्म हत्यादिपापानामुपपातक कर्मणाम्।
क्षयं करोति भूतेश एकलिंगः कलौयुगे।
न तीर्थेर्नतपोरातैर्न यरोर्वहुविस्तरैः॥

यत्फलं प्राप्यते ब्रह्मन्नेकलिंगावलोकनात्॥

लोगनि में जि बात प्रचलित है कै शुरू में भगवान एकलिंग जू की मूरति सफेद पत्थर की हती। जो मूरति अब है वू स्याम पत्थर सौं बनी है अरु चार मुँह वारी है, जबकि पहली मूरति लिंगाकार ही हती। दच्छिन द्वार पै लगी प्रशस्ति सौं जि ज्ञात होय है कै चार मुँह वारी स्याम मूरति महाराना रायमल नैं प्रतिष्ठित कराई हती। भगवान शिवजी के सब तीर्थन मे चार मुँहवारी मूरति कौ भौत बड़ौ महत्व है क्योंकि जामैं एक मुख ब्रह्मा कौ, दूसरौ विष्णु कौ , तीसरौ सूर्य कौ अरु चौथौ मुख रुद्र कौ है।

मंदिर के परकोटा सौं कछु दूर बने इन्द्रसरोवर के तटबन्ध भौत मजबूत औरु आकर्षक हैं। वहाँ तीर्थ यात्रीन के काजैं नहान आदि कौ सुन्दर इन्तजाम है। एक किनारे पै दो विष्णु मंदिर औरु महाराना के दो महल हू बने भए हैं। मुख्य मंदिर सौं ईसान कोन में बापा रावल की समाधि है, जहाँ मंदिर हू बनौ है औरु पास की पहाड़ी सौं एक सुन्दर झरना झरै। जो लोग एकान्त में साधना करनौ चाहें, उनके काजैं जि भौत ही सान्त– एकान्त अरु मन कौं स्थिर करन वारी जगह है।

सचमुच कैलासपुरी एक दिव्य आनंद दैनवारी नगरी है। यहाँ प्रकृति अरु पुरुष की अनौखी साधना प्रत्यक्ष होन लगै। जि तीरथ मेवाड़ राज्य कौ सैकड़ों सालनि सौं गौरव रह्यौ है। मेवाड़ कौ हर एक महाराना भगवान एकलिंग कूँ अपनौ आराध्य देवता ही नाँय मेवाड़ कौ स्वामी हू मानतौ रह्यौ, है और खुद कूँ उनकौ दीवान मानि कैं राजकाज चलातौ रह्यौ है। मेवाड़ के पट्टे–परवाननि पै ''एकलिंगो जयति'' अंकित करन की प्रथा हू रही है। भगवान एकलिंग की भक्ति की जि परम्परा आजहू चली आय रही है, जो महाराना प्रताप की पुण्य भूमि के गौरव कूँ स्मरन करात है।

(लेखक के जा वर्ष लिखे
''राजस्थान के धार्मिक स्थान''
नामक अप्रकाशित ब्रजभाषा ग्रन्थ कौ एक अंस)

❑

भाषा, लिपि, अरु संस्कृति कौ भविस्य

ऐसौ कोऊ देस नाहिं जाकी स्वाधीनता बाकी अपनी संस्कृति के बिना सुरच्छित रहि सकै। गुलाम देस के काजैं आजादी कूँ पानौ जितनौ कठिन है, बाते ज्यादा कठिन आजादी पाइवे के बाद रच्छा कठिन होय है। भारत नैं एक लम्बी लड़ाई के वाद आजादी पाई हती, जि बात नई पीढ़ी कूँ अच्छी तरह नाहिं समझाई जाय रही। पच्छिमी देसन नैं योजना वनाइकैं हमारे देस की संस्कृति पै एक संग कैई हमला करे हैं। देस की संस्कृति कूँ नष्ट करन काजें या बाकौ विकास रोकन काजैं राष्ट्र भाषा कूँ बिगाड़नौ, देस की सभी भाषान कूँ आपस में लड़ानौं अरु हीनता की गाठें बढ़ानौ एक खास योजना वनाइकैं प्रारंभ कियौ गयौ। नतीजा जि भयौ कै हिन्दी की खिलाफत सिगरे देस में फैल गई अरु अंगरेजी कौ राज बरावर चलतौ रह्यौ, जो धीरैं–धीरैं पक्कौ होत जात है। जाकौ फल जि भयौ है कै हमारे देस की सभी भाषान के वे सव्द विगाड़े जाइ रहे हैं जो हमारी संस्कृति के अर्थन कूँ वहन करत हैं। एक ऐसौ षड्यंत्र हू चालू है, जासौं हिन्दी अपनी विभाषान अरु वालिन के सव्दनि कौं छोड़िकैं अंगरेजी सव्दनि कूँ अपनाय लेइ। नव्वे करोड़ जनता में एक–दो करोड़ लोग ऐसे हैं, जो या षड्यंत्र में लगे हैं। आजकल दूरदर्शन (देसी–विदेसी दोनों) कौ माध्यम खासतौर सौं भाषा और संस्कृति के बिनास में लगौ है। जो लोग अंगरेजी के माध्यम सौं सिच्छित भये हैं या ऊँची कच्छानि में जिन्नैं अंगरेजी माध्यम अपनायौ है, वे बेहिचक भारतीय भाषान में अंगरेजी सव्दनि की ही नाँय, मुहावरेन और वाक्यन कौहू प्रयोग करत हैं। ऐसौ हू देखौ गयौ है कै वे पूरे–के–पूरे वाक्य हू अंगरेजी के मिलाइकैं हिन्दी या अन्य भारतीय भाषा बोलत हैं पर जब कोऊ भारतीय भाषा प्रेमी अंगरेजी में भासन

देत समय उच्चारन भारतीय लहजा में करै या भारतीय सब्द मिलाइ कै बोलत है तौ, उन्हें बुरौ लगै अरु वे भासनकर्ता कौ मजाक बनावत हैं। लगभग ढाई सौ बरस ताँनू देस कूँ गुलाम बनाइकै रखनबारी अंगरेजी भासा की रच्छा कौ आजादी के बाद पचास बरस सौं इन देसी लोगन नैं ठेका ले राखौ है अरु सरेआम वे राष्ट्रभाषा अरु अन्य भारतीय भासान की उन्नति में रोड़ा बनि रहे है। फल जि भयौ है कै हिन्दी की आधारभूत भासाएँ पिछड़ती जा रही है। ब्रजभाषा उनमे ते एक रही है। हिन्दी के सब्द-भंडार में जाके अस्सी फीसदी सब्द हैं, जिनमे सौ ज्यादातर सब्दन की जगह अंगरेजी सब्दन कौ प्रयोग अब होन लगौ है। जाकौ नतीजौ जि है रह्यौ है कै ब्रज की संस्कृति हू भुलाई या बिगाड़ी जाय रही है।

जि सही है कै अनेक देस-प्रेमी अरु आजादी के हामी लोग भारतीय भासान की रच्छा के लएँ संघर्ष करत रहे हैं अरु अब उनमे फिर नई चेतना आय रही है, लेकिन ऐसौ लगै है कि वे हू अगरेजी के प्रचारकन के एक नए षड्यंत्र सौं बेखबर हैं। जि नयौ षड्यंत्र लिपि के बारे में चलन लागौ है। दूरदर्शन अरु सिनेमा में अब सिगरे नाम रोमन लिपि में दिए जान लगे हैं। योजना के तहत ह्याँ तेऊ देवनागरी लिपि हटाई जाय रही है। मैंने जा बारे में तीन लेख हू कछु पत्र-पत्रिकान में छपाए ,जिनकौ आम पाठक नैं स्वागत करौ, कई पत्र हू आए: पर जो लोग ऊपर बैठे हैं उनमें सौं काऊ नैं जा बात कौ सवाल काऊ प्रभावशाली मंच सौं नाहिं उठायौ कै देवनागरी लिपि कूँ हटाइकै रोमन लिपि क्यों लाई जा रही है। जि लिपि केवल हिन्दी की ही लिपि नाँय, जामें वेद-पुरान-शास्त्र लिखे गए हैं, पाली प्राकृत और अपभ्रंश कौ सिगरौ साहित्य जाई लिपि में है। हिन्दी-परिवार की सिगरी भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जामें हैं। मराठी भासा की हू यही लिपि है। उत्तर भारत की सिगरी भासान की लिपिन कौ हू प्राचीन स्रोत देवनागरी ही रही है। साफ जाहिर है कै देवनागरी लिपि पै हमलौ करिकै रोमन लिपि सिगरी भारतीय भासान की जड़ काटनौं चाहति है। हमें याद होइगौ कै उत्तर भारत के विश्वविद्यालयन में हू भौत समय तक संस्कृत कौ साहित्य अंगरेजी भासा में पढ़ायौ जातौ। का आजादी के पचास बरस बादि अब ऐसौ समय आन बारौ है कै हिन्दी भासा रोमन लिपि में लिखी जावैगी ?

आज तौ काहु के काननि पै जूँ नाहिं रैंगि रही। सब अपने-अपने स्वारथ की पूर्ति में लगि रहे हैं। जो चिनगारी भारत की संस्कृति के विसाल भवन में लगाई जाय रही है, बाकी ओर अगर शुरू में ध्यान नाहिं दियौ गयौ तौ सांस्कृतिक गुलामी कौ एक भयकर इतिहास बनेगौ।

भारतीय संस्कृति पै जो काले बादर घिरत चले आवत हैं, वे विश्व की मानवता के काजैं हूँ ख़तरनाक हैं। खुसी की बात है कै राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी ब्रजभाषा की रच्छा अरु विकास की दिसा में अग्रसर है रही है। देस–प्रेमी लोगनि कूँ जा मंच सौं देवनागरी लिपि की रच्छा की आवाज उठानी जरूरी है। जो देवनागरी बचैगी तौ वे भाषाऊ बच सकैगी जो यामें लिखी पढ़ी जाँय हैं। अरु जो भासा बचेगी तौ भारत की हजारों बरस पुरानी संस्कृति की रच्छा है सकैगी। अंगरेजी सौं प्रेम करन वारे कछु लोग कहिंगे कै भारतीय संस्कृति तौ भौत पिछड़ी भई संस्कृति है। आज दुनिया कहाँ ते कहाँ पौहूच चुकी है। ये ही वे लोग हैं, जो संस्कृति कौ सही रूप नाहिं समुझत। ये लोग नाचकूद अरु पहनावे कूँ संस्कृति मानत हैं। ये लोग भूल जात हैं कै भारत की संस्कृति कौ प्रवाह हजारों सालनि सौं नित नवीनता लेतु भयौ चलौ आय रह्यौ है अरु ई नवीनता आचार–विचारन की नवीनता है ,जासों परिवार, समाज और देस गहरी मानव–संवेदना सौं जुरे भए हैं। जि संवेदना अन्य देसन में कहूँ दिखाई नाहिं देति तो कई देसनि में घूमिकैं जि बात देखि चुकौ भारत ही एकु ऐसौ देस बचौ है, जहाँ आज हू गहरी मानव–संवेदना बची है। भारतीय संस्कृति कौ यही एक तत्व सदा विकास करनवारी शक्ति है। पच्छिम के देस याही तत्व पै अंगरेजी भासा के माध्यम सौं हमला करि रहे हैं। ह्याँ के आदमी कूँ ऐसौ बनायौ जाय रह्यौ है कै ऊ परिवार,समाज, और देस कूँ भूलिकैं अपनी मौज मस्ती में ही अपने जीवन की सार्थकता मानन लगै। आज जि बात बड़े बड़े सहरन में तौ इतनी ज्यादा बढ़ि गई है कै चारों ओर जंगलराज दिखाई दैन लागौ है। आदमी आदमी कूँ कुचलि कैं भागौ जाय रह्यौ है। धन की अनाप–सनाप होड़ में माँ–बाप, भाई–बहन, बेटा–बेटी सब कौ सम्बन्ध बेकार होत जात है। ऐसी आपा–धापी में आदमी कौ दिमागी नंगौपन जा हद तक बढ़ि गयौ है कै तरह–तरह के जघन्य पाप होन लगे हैं। सहरन सौं धीरै–धीरै भारतीय संस्कृति के विनास की जि लीला गाँवन तक जान लगी है। जिन लोगन कूँ आजादी सौं प्यार है, उन्हें जि बात गंभीरता सौं सोचनी चहिए कै फूहड़ गाने सुबह शाम मंत्रन की तरह जब हमारे घरनि में गूँजत रहेंगे, तब नई पीढ़ी कौ भविष्य कैसै बनैगौ और कैसी संस्कृति भारत में पनपैगी का यई है संस्कृति कौ नयौ तानौ–बानौ। आज हमारे सिनेमान में जो कछु दिखायौ जाइ रह्यौ है, वासों आँखिन पै कैसौ असर परि रह्यौ है ? का हमारी नई पीढ़ी कूँ लिपि, भासा अरु संस्कृति की ऐसी धरोहर ही उन्नति के सिखरनि पै चढ़ावैगी ? का हमारी आजादी अपने अस्तित्व कूँ खोइकैं बची रहि सकैगी ? पढ़े–लिखे लोगन कूँ जि बात गंभीरता सौं सोचनी चहिए।

❑

मेरी सृजन यात्रा के पथ-चिन्ह

डा. रामगोपाल शर्मा

हमारे पूर्वज जयपुर औरु सीकर के बीच बसे एक गाँव (जगनि की वही के अनुसार "रामसिंह कौ पुरा") के रहनवारे हते। बाद में वे भरतपुर राज्य के दीवान (अरु मंत्री) रहे। वे दो भाई हते। बड़े कौ नाम हतौ पं. गंगाधर मिश्र। भरतपुर महाराज नैं विनकूँ बटेसुर(बटेश्वर) तीरथ के पास विनकी इच्छा के कारन–पाँच गाँव की जमीदारी खैरात में दई। इन गाँवनि में 'सिधावली(सिद्धावलि) नए सिरे सौं विन्नै बसाई अरु पास के 'मई' गाँव में एक "धूरिकोटु बनवायौ, जो अधूरौ ही छोड़िकैं पंडित गंगाधर मिश्र स्वर्ग सिधार गए। जि धूरिकोटु आजु हू अधूरौ मौजूद है। अभई गांव में ही सात मंजिल कौ एक विसाल महलहू विन्नैं बनवायौ हतौ जो आजहू टूटौ–फूटौ वा समय की गवाही दै रह्यौ है। पण्डित गंगाधर मिश्र की वंस परम्परा में सिधावंली गाँव मे (जो अब तहसील बाह जिला आगरा में है अरु पैलैं भरतपुर राज्य कौ ही भाग हतौ) पण्डित देवीप्रसाद मिश्र के पौत्र अरु पण्डित कन्हैया लाल मिश्र के पुत्र के रूप में माता सियादुलारी के गर्भ सौं 22 मई 1927 ई. शनिवार कूँ मैरौ जनम भयौ।

प्राइमरी स्कूल में जब मेरौ नाम लिख्यौ गयौ, तब प्रधानाध्यापक नैं 5 जुलाई 1929 ई. मेरे जन्म की तारीख लिख दई जो अब मानी जाति है। बड़े लाड़–प्यार सौं दादी अमृता देवी नैं मेरौ पालन–पोषण कियौ अरु खानदान की मर्जादनि कूँ तोर कैं मोहि पाठशाला में पढ़न कूँ भेज्यौ, क्योंकि पिताजी तक पूरे गाँव के मिश्र बालक–बालिकान कौं स्कूल में पढ़ावन की मनाही हती। शुरू शरू में कछू दिननि तानूँ मोकूँ हू प्रसिद्ध राजनेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी के (वंस–नाते) चाचा श्री पुखी पण्डित (पुष्पदन्त वाजपेयी) घर पै ही संस्कृत पढ़ावन कूँ आवत रहे।

हमारे गाँव के पास जमुना नदी बहति है। करारें,टीले, भरिका, खार, घनौ जंगल अरु जमुना की सुन्दर कछारें मेरे बचपन अरु किसोर जीवन कूँ अपनी विसेसतानि सौं लुभावति रहीं। तरह–तरह सौं खेलत–कूदत वहीं मेरी कविता कौ जनम भयौ ।

बाह सौं आगरा तानूँ पढ़ाई–लिखाई कौ जो क्रम चल्यौ, बाकौ परिनाम, एम.ए. (संस्कृत) अरु एम.ए.(हिन्दी) की उपाधिन के रूप में सामनैं आयौ। बाह में भदावर विद्या मंदिर नाम सौं एक उच्चतर विद्यालय बन्यौ जो बाद में डिग्री कालेज ह्वै गयौ अरु बाके ट्रस्टीन में मोय शामिल कियौ गयौ। बाह तहसील कौ क्षेत्र 'भदावर' कहावत है। भदावर विद्या मंदिर में हिन्दी के प्राध्यापक कौ पद सँभारिबे के संग–संग ''भदावर भारती'' नामक एक पत्रिका हू मैंनें अपने सम्पादन में निकारी औरु कछु समय तक 'विशाल भारत'मासिक (कलकत्ता) के काजैं पण्डित श्री राम शर्मा, सम्पादक,कूँ सहयोग दियौ अरु कछू दिननि तानूँ तत्कालीन क्रान्तिदर्शी दैनिक 'सैनिक' के साप्ताहिक में हू मैं सम्पादन–सहयोगी रह्यौ।

मेरी साहित्य–रचना कौ आरंभ ब्रजभाषा की कवितान सौं भयौ। बटेश्वर के मेला में पचास हजार सौं ज्यादा श्रोतान के बीच मैंनें अपनी पैली ब्रजभाषा कविता कौ पाठ कियौ, जाहि सुनिकैं कवि–सम्मेलन के अध्यक्ष विशाल भारत के प्रसिद्ध सम्पादक पण्डित श्री राम शर्मा नैं जो प्रशंसा करी बू मेरे आगैं के जीवन कौ पाथेय सिद्ध भई। वे वा समय उत्तर प्रदेश सरकार की कृषि–विकास समिति के अध्यक्ष हते। वे अपनी जीप लैकैं मेरे घर आए औरु अपने संग आगरा लै गए। तबसौं मेरी साहित्य साधना कौ अटूट क्रम बन गयौ। पत्र–पत्रिकान में मेरी रचनाएँ छपन लगीं। धीरे धीरे मैं ब्रजभाषा की कवितान की ठौर खड़ी बोली में अधिक लिखन लग्यौ। ब्रजभाषा की ज्यादातर कविताएँ अप्रकासित ही रहीं। खड़ी बोली में अब तानूँ 18 काव्य (सारथी महाकाव्य सहित), 2 उपन्यास, एक कहानी संग्रह, 8 नाटक तथा 75 के करीब अन्य विषयन में (आलोचना शोध आदि) की पुस्तकें प्रकासित है चुकी हैं। लेकिन ब्रजभाषा की तौ फुटकर रचनाएँ ही छपी हैं। पुस्तक–रूप में ब्रजभाषा के तीन काव्य संग्रह तैयार हैं, जिनमें एक दिनेश दोहावली हू सामिल है। ब्रजभाषा में तीन एकांकी नाटक हू भौत पैलैं मैनें लिखे हते, जो अब पुरानी फाइलनि में मिलि गए हैं। ब्रजभाषा अकादमी की प्रेरना सौं अब चार–पाँच एकांकी ब्रजभाषा में औरु तैयार करि रह्यौ हूँ जासौं एक पुस्तक बनि सकै।

सन् 1958 ई.के अक्टूवर मास सौं मैं भरतपुर अरु महारानी श्री जया डिग्री कॉलेज मे प्राध्यापक नियुक्त भयौ। वहाँ 'बुद्ध की हाट' अरु वी नारायन गेट पै हमारे बस के लोगन के निवास हते। रिश्ते मे चाचा लगन वारे एक भदौरिया मिश्र, 'वीनारायन गेट' के पास रहते। वे बोले बेटा! जा मकान में तिहारे पिताजी कौ हू खानदानी हिस्सा है, सो यहां हमारे संग रहौ। मैनै उन्हें धन्यवाद दियौ, लेकिन मैं रह्यौ अपने एक रिश्तेदार वैद्य के घर, जिनकौ लक्ष्मण मंदिर पै औषधालय हतौ। कई पीढ़ीन के बाद मेरे रूप में पण्डित गंगाधर मिश्र कौ खानदान फिर भरतपुर लौट्यौ। चार बरस तानूँ भरतपुर के कॉलेज में मैं रह्यौ अरु यहीं सौं मेरी रचनानि के प्रकासन की परम्परा तेजी सौं आगैं बढ़ी। वाह मे निवास के समय मेरी तीन पुस्तकें छपीं हती–वीरांगना, संघर्षो के राही, विश्वज्योति बापू। भरतपुर में श्री मूलचंद गुप्त नैं मेरे साहित्य क़े प्रकासित करन कौ बीड़ा उठायौ। उन्नैं साहित्यालोक प्रकासन की स्थापना करिकैं मेरी जो पुस्तकें प्रकासित करीं वे हैं–

1. संघर्षो के राही(दूसरा संस्करण, गीत संग्रह)
2. जलती रहे मशाल(गीत–संग्रह)
3. आयाम (नई कविताएँ)
4. जय घोष (गीत–संग्रह)
5. गौरव गान (गीत–संग्रह)
6. दुर्वासा (खण्ड–काव्य)
7. हिमप्रिया (खण्ड–काव्य)
8. सारथी (महाकाव्य)
9. उत्सर्ग (खण्ड काव्य)
10. हिम्पुरुष (एकांकी–संग्रह)

सन् 1962 में मैं गवर्नमेण्ट कालेज, अजमेर में स्थानांतरित है गयौ। वहाँ दो साल रहिकै सन् 1964 मे मैं उदयपुर के विश्वविद्यालय में स्थानान्तरित है गयौ।

भरतपुर के कार्य–काल में मैंनै "हिन्दी काव्य मे नियतिवाद" विसय पै पी.एच.डी. की उपाधि सन् 1960 ई. में प्राप्त करी औरु अपनी अप्रकासित काव्य कृति "मधुरजनी" पै राजस्थान साहित्य अकादमी कौ काव्य–पुरस्कार हू पायौ। अजमेर में निवास के समय मेरी "हम धरती के लाल" गद्य कृति राजस्थान सरकार सौं पुरस्कृत भई अरु 'लोक देवता जागा' नाटक पै भारत सरकार कौ पुरस्कार

हमारे गाँव के पास जमुना नदी बहति है। करारें,टीले, भरिका, खार, घनौ जंगल अरु जमुना की सुन्दर कछारें मेरे बचपन अरु किसोर जीवन कूँ अपनी विसेसतानि सौं लुभावति रहीं। तरह–तरह सौं खेलत–कूदत वहीं मेरी कविता कौ जनम भयौ ।

वाह सौं आगरा तानूँ पढ़ाई–लिखाई कौ जो क्रम चल्यौ, बाकौ परिनाम, एम.ए. (संस्कृत) अरु एम.ए.(हिन्दी) की उपाधिन के रूप में सामनैं आयौ। बाह में भदावर विद्या मंदिर नाम सौं एक उच्चतर विद्यालय बन्यौ जो बाद में डिग्री कालेज ह्वै गयौ अरु बाके ट्रस्टीन में मोय शामिल कियौ गयौ। बाह तहसील कौ क्षेत्र 'भदावर' कहावत है। भदावर विद्या मंदिर में हिन्दी के प्राध्यापक कौ पद सँभारिबे के संग–संग ''भदावर भारती'' नामक एक पत्रिका हू मैंनैं अपने सम्पादन में निकारी औरु कछु समय तक 'विशाल भारत'मासिक (कलकत्ता) के काजैं पण्डित श्री राम शर्मा, सम्पादक,कूँ सहयोग दियौ अरु कछू दिननि तानूँ तत्कालीन क्रान्तिदर्शी दैनिक 'सैनिक' के साप्ताहिक में हू मैं सम्पादन–सहयोगी रह्यौ।

मेरी साहित्य–रचना कौ आरंभ ब्रजभाषा की कवितान सौं भयौ। बटेश्वर के मेला में पचास हजार सौं ज्यादा श्रोतान के बीच मैंनैं अपनी पैली ब्रजभाषा कविता कौ पाठ कियौ, जाहि सुनिकैं कवि–सम्मेलन के अध्यक्ष विशाल भारत के प्रसिद्ध सम्पादक पण्डित श्री राम शर्मा नैं जो प्रशंसा करी बू मेरे आगैं के जीवन कौ पाथेय सिद्ध भई। वे वा समय उत्तर प्रदेश सरकार की कृषि–विकास समिति के अध्यक्ष हते। वे अपनी जीप लैकैं मेरे घर आए औरु अपने संग आगरा लै गए। तबसौं मेरी साहित्य साधना कौ अटूट क्रम बन गयौ। पत्र–पत्रिकान में मेरी रचनाएँ छपन लगीं। धीरे धीरे में ब्रजभाषा की कवितान की ठौर खड़ी बोली में अधिक लिखन लग्यौ। ब्रजभाषा की ज्यादातर कविताएँ अप्रकासित ही रहीं। खड़ी बोली में अब तानूँ 18 काव्य (सारथी महाकाव्य सहित), 2 उपन्यास, एक कहानी संग्रह, 8 नाटक तथा 75 के करीब अन्य विषयन में (आलोचना शोध आदि) की पुस्तकें प्रकासित है चुकी हैं। लेकिन ब्रजभाषा की तौ फुटकर रचनाएँ ही छपी हैं। पुस्तक–रूप में ब्रजभाषा के तीन काव्य संग्रह तैयार हैं, जिनमें एक दिनेश दोहावली हू सामिल है। ब्रजभाषा में तीन एकांकी नाटक हू भौत पैलैं मैंनें लिखे हते, जो अब पुरानी फ़ाइलनि में मिलि गए हैं। ब्रजभाषा अकादमी की प्रेरना सौं अब चार–पाँच एकांकी ब्रजभाषा में औरु तैयार करि रह्यौ हूँ जासौं एक पुस्तक बनि सकै।

सन् 1958 ई.के अक्टूबर मास सौ मैं भरतपुर अरु महारानी श्री जया डिग्री कॉलेज मे प्राध्यापक नियुक्त भयौ। वहाँ 'बुद्ध की हाट' अरु बी नारायन गेट पै हमारे बंस के लोगन के निवास हते। रिश्ते में चाचा लगन वारे एक भदौरिया मिश्र, 'बीनारायन गेट' के पास रहते। बे बोले बेटा! जा मकान में तिहारे पिताजी कौ हू खानदानी हिस्सा है, सो यहां हमारे संग रहौ। मैनैं उन्हें धन्यवाद दियौ, लेकिन मैं रह्यौ अपने एक रिश्तेदार वैद्य के घर, जिनकौ लक्ष्मण मंदिर पै औषधालय हतौ। कई पीढ़ीन के बाद मेरे रूप में पण्डित गंगाधर मिश्र कौ खानदान फिर भरतपुर लौट्यौ। चार बरस तानूँ भरतपुर के कॉलेज में मैं रह्यौ अरु यहीं सौं मेरी रचनानि के प्रकासन की परम्परा तेजी सौं आगें बढ़ी। बाह मे निवास के समय मेरी तीन पुस्तकें छपीं हती–वीरांगना, संघर्षों के राही, विश्वज्योति बापू। भरतपुर में श्री मूलचंद गुप्त नैं मेरे साहित्य के प्रकासित करन कौ बीडा उठायौ। उन्नैं साहित्यालोक प्रकासन की स्थापना करिकै मेरी जो पुस्तके प्रकासित करीं वे हैं–

1. संघर्षों के राही(दूसरा संस्करण, गीत संग्रह)
2. जलती रहे मशाल(गीत–संग्रह)
3. आयाम (नई कविताएँ)
4. जय घोष (गीत–संग्रह)
5. गौरव गान (गीत–संग्रह)
6. दुर्वासा (खण्ड–काव्य)
7. हिमप्रिया (खण्ड–काव्य)
8. सारथी (महाकाव्य)
9. उत्सर्ग (खण्ड काव्य)
10. हिमपुरुष (एकांकी–संग्रह)

सन् 1962 मे मै गवर्नमेण्ट कालेज, अजमेर में स्थानांतरित है गयौ। वहाँ दो साल रहिकैं सन् 1964 में मै उदयपुर के विश्वविद्यालय मे स्थानान्तरित है गयौ।

भरतपुर के कार्य–काल में मैंने "हिन्दी काव्य मे नियतिवाद" विसय पै पी.एच.डी. की उपाधि सन् 1960 ई. मे प्राप्त करी औरु अपनी अप्रकासित काव्य कृति "मधुरजनी" पै राजस्थान साहित्य अकादमी कौ काव्य–पुरस्कार हू पायौ। अजमेर में निवास के समय मेरी "हम धरती के लाल" गद्य कृति राजस्थान सरकार सौं पुरस्कृत भई अरु 'लोक देवता जागा' नाटक पै भारत सरकार कौ पुरस्कार

मिल्यौ। यों मेरी साहित्य साधना कौ जो क्रम चल्यौ वाहि मेरे उददपुर में पहुँचबे पै ज्यादा बल मिल्यौ क्योंकि जा नगर कौ वातावरण मेरे स्वभाव औरु रचना के ज्यादा अनुकूल रह्यौ।

उदयपुर विश्वविद्यालय मे 1964 ई. मैं प्राध्यापक के पद पै ही आयौ हतौ। 1972 ई में मैं रीडर अध्यक्ष चुनौ गयौ अरु फिर एक साल वाद ही प्रोफेसर अध्यक्ष है गयौ। जा पद पै मैं 1989 तक रह्यौ अरु सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय कौ अधिष्ठाता हू तीन बार बनायौ गयौ। धीरे–धीरे हमारौ परिवार उदयपुर में ऐसौ रमि गयौ। जैसै कै पीढ़िन ते जाही नगर में रहत आयौ होय। मकान हू बनाइ लीन्हों अरु अब तौ उदयपुर छोड़न की काहू सदस्य की इच्छा नाहिं होवै। श्रीनाथद्वारा में श्रीनाथजू के दर्शन करिकैं मन ब्रज–वास कौ ही आनंद अनुभव करन लगै है।

मैं भरतपुर आयौ तब तानूँ दो कन्याएँ जन्म लै चुकी हतीं। भरतपुर में तीसरी कन्या नैं जन्म लियौ। अरु अजमेर में पुत्र भयौ, वाकौ नाम उमेश मिश्र है। उदयपुर में एक कन्या भई। यों मेरी चार कन्या अरु एक पुत्र तथा पत्नी सुखदेवी के परिवार के साथ कछू समय तक मेरे माता–पिता हू रहे जो क्रमशः 1968 और 1972 में मेरौ साथ छोड़ि स्वर्ग सिधार गए। 1977 सौं 1988 तक संताननि के विवाह की जिम्मेदारी पूरी करीं अरु तब तक 1989 में सेवा–निवृत्ति कौ समय आय गयौ। लेकिन पारिवारिक व्यस्तान के बीच हू मैं निरन्तर साहित्य–सेवा में रत रह्यौ।

गृहस्थ धर्म के संघर्सन की कहानी बड़ी विचित्र अरु खट्टे–मीठे अनुभवन सौं भरी होवै है। इन संघर्सन में ही मैंनें अपनी साहित्य–साधना चलाई। गद्य–पद्य की सिगरी विधान में खड़ी बोली अरु ब्रजभाषा की सेवा करी। विश्वविद्यालय में पढ़ावत समय मैंने डी. लिट् के काजैं महाराणा के संग्रहालय में ब्रजभाषा की पुरानी महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपीन कौ अवलोकन कर्यौ। फलतः मोहि रीतिकालीन कवि सूरति मित्र के ग्रंथनि की दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ मिलीं। इन ग्रन्थन की खोज में मैं राजस्थान के अन्य संग्रहालयन में हू गयौ अरु कठिन परिश्रम के बाद में 17 ब्रजभाषा–ग्रन्थन कौ पाठ–सम्पादन अरु समालोचन करिवे में सफल भयौ। राजस्थान प्रकाशन, जयपुर नैं इन ग्रन्थनि में से मेरे द्वारा सम्पादित ''सूरति ग्रन्थावली'' के चार खण्डन कौ प्रकाशन हू कर्यौ। भक्ति विनोद कूँ मैं पैलैं ही छपाय चुकौ हतौ। ब्रजभाषा के एक अन्य महत्वपूर्ण कवि 'सोमनाथ' के 'शशिनाथ–विनोद' काव्य कौ हू मैंनें सम्पादन करिकैं प्रकाशन करायौ। पाठ–सम्पादन कितनौ कठिन काम है, जि बात वे ही विद्वान जानैं

हैं, जो जा काम में थोडे हू प्रवृत्त भये होय। मैनैं कुल 18 ब्रजभापा ग्रन्थन कौ पाठालोचन पूर्वक सम्पादन कीन्हों अरु उनकी भूमिका हू लिखी। आज मोहि संतोप है कै मैनैं ब्रजभापी हैकै अपनी माँ की भापा कौ ऋण अपनी शक्ति के अनुसार उतारन की पूरी कोशिश करी है। विश्वविद्यालय में अध्यापन के समय हू ब्रजभापा के काव्य कूँ भली भाँति समझन वारे छात्र तैयार करे है अरु उन्हें सदा जि दृस्टि दई है कै ब्रजभापा अरु राजस्थानी के अस्तित्व सौं ही हिन्दी कौ अस्तित्व है; जा दिन लोग इन दोनोंन कौ भूल जायँगे, ता दिन हिंदी हिंदी नाहिं रहैगी, कछू और ही है जाइगी। अत: अगर रास्ट्रभासा हिंदी की रक्षा औरु सम्मान करनौ है, तौ सबसें पैलैं ब्रजभापा अरु राजस्थानी की रक्षा करौ। इन दोनोंन की शब्दावली में ही हिन्दी की पूरी संस्कृति कौ स्रोत छिपौ है, जि संस्कृति ही हमारे जीवन कौ पाथेय है।

अपनी इन भावनान कौ मैने सात शोध–पत्रन में हू विचार–विस्तार दियौ अरु मॉरीशस, जर्मनी (बर्लिन), रूस (मास्को) उत्तरी कोरिया(प्योंग्यांग) चीन(बीजिंग) जापान (क्योटो) तथा थाईलैण्ड(बैंकाक) में अपने देश की भापा संस्कृति अरु दर्शन सम्वधी व्याख्यान हू दिये लेकिन मेरे जैसे साधन–हीन सेवक टिटहरी प्रयास सौ कछू नाहिं है सकै, जव तानूँ कि अन्य विद्वान जा काम में आगै न आवैं। ब्रजभापा के काजै तौ भौत कम काम है रह्यौ है। राजस्थान ब्रजभापा अकादमी के कंधनि पै जो भार है, वाहि हल्कौ करनौ अरु आज अनेक रचनाकार अरु विद्वान आगै आमैं तौ भारतीय संस्कृति अरु बाके माध्यम सौ भारतीय जीवन–पद्धति की रक्षा है सकति है। पर दुर्भाग्य जि है कै आजकल के कई कवि, लेखक,पश्चिम की विचार धारान में नहात भये सेठनि के लखटकिया इनामन की लालसा मे अपनी कलम कौ दुरुपयोग करन में लीन हैं। हिन्दी सेवा के नाम सौ मोहि तीनि वेर काव्य पै अरु एक बेर गद्य के काजैं राजस्थान साहित्य अकादमी नैं पुरस्कार दिए। उत्तर प्रदेश सरकार नै हू 'हिन्दी शिव काव्य का उद्‌भव और विकास'' ग्रन्थ पै विशेप तुलसी पुरस्कार दियौ तथा महाराणा मेवाड़ ट्रस्ट नै साहित्य और सस्कृति की सेवा के काजैं। महाराणा कुंभा पुरस्कार सौं सम्मानित कियौ। ये सेठन के पुरस्कार नाहिं जो आय कर बचावन कूँ बाँटे जात है। विभिन्न संस्थान सौं राष्ट्रकवि, साहित्य शिरोमणि, साहित्य–महोपाध्याय, साहित्य–श्रीनिधि आदि जन सम्मान हू मिले औरु राजस्थान साहित्य अकादमी अरु राजस्थान ब्रजभापा अकादमी नै विशिष्ट साहित्यकार हू मान्यौ ,परन्तु इन सवनि सौं ज्यादा मेरौ सम्मान वा दिन होयगौ, जा दिन भारत के विश्वविद्यालयन मे ब्रजभापा के साहित्य की प्रतिष्ठा फिरि लौटि आवैगी। आज तौ ऐसी हालत है गई

है कै सूर अरु मीराँ कूँ समझन समुझावन वारे विद्वाननि कौ अभाव है गयौ है अरु नए प्राध्यापक नई कविता, कहानी अरु उपन्यास के अलावा औरु कछु पढ़ावन की इच्छा नाँय करैं।

उदयपुर में मैंनैं "राजस्थान भाषिकी·अनुसंधान अकादमी" की स्थापना करी हती । मैं चाहत रह्यौ कै जि संस्था राजस्थान की उन सब बोलिन की शब्द–सम्पदा तथा व्याकरण आदि कौ काम करै, जिनसौं हिन्दी कौ हू अंगरेजी–निरपेक्ष विकास है सकै। मैंनैं भीली भाषा के व्यावहारिक रूप कौ तीन साल अध्ययन हू कियौ अरु एक शब्दकोष बनायौ है जो शीघ्र छपैगौ जि सब्दकोष जा बात कौ प्रमान है कै भीली भाषा कौ ब्रजभाषा अरु राजस्थानी सौं बहुत गहरौ सम्वन्ध है। अँगरेज विद्वान अरु उनके अनुकरणकर्ता भारतीय विद्वानन नैं जो भ्रम राजस्थानी अरु ब्रजभाषा के संग–संग हिन्दी के काजैं हू फैलाए हैं, उन्हें दूरि करिबे की आज भौत बड़ी जरूरत है। लेकिन जि ऐसौ काम है, जाहि केवल वे विद्वान अरु लेखक ही करि सकत हैं, जिन्हें अपनी माँ, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति अरु अपने राष्ट्र पै अभिमान होय। जो लोग भारत कौ भूगोल अरु इतिहास तानूँ नाहिं समुझत, उनसौं ऐसी आसा करनौ व्यर्थ है। उनके लिये तौ केवल भगवान् सौं जि प्रार्थना करी जाइ सकति है–

हे प्रभु! जो सपननि रमत
देखि न सकल प्रभात।
खोलो बिनके उर–नयन
कटै भ्रमनि की रात॥

❑

ब्रजमाधुरी

कामना

प्रभु–गुन बानी मधुर करौ।
जा ब्रज जीव स्याम–रस भींजे
ता ब्रज हौं विचरौं।
प्रभु–गुन बानी मधुर करौं॥

जमुना–तीर करीलन–कुँजनि
गोपिन के सँग राधा।
नाचति–गावति रही चरावति
गाएँ, सही न बाधा।
जहाँ बजी बंसी कान्हा की
पथ–रज सीस धरौ।
प्रभु–गुन बानी मधुर करौ॥

गोपिन के घर करत कन्हैया
दधि–माखन की चोरी।
ग्वाल–बाल कौ बाँटि खवाबत
फिरि खेलें मिलि होरी।
मैं बरनौं वा रस–लीला कौं
मन कौ ताप हरौ।
प्रभु–गुन बानी मधुर करौ।

कलिजुग कंस अनेक भए

द्वापर कंस हतौ इक कान्हा!
कलिजुग कंस अनेक भए।

कुल–मर्जादा लाँघि रहे सब
बहिन–भानजी को समझै अब
कुर्सी के मद में मतवारे
सब नैतिकता भूलि गए।
कलिजुग कंस अनेक भए!
भेस धरैं साधुन कौ डोलें
ऊपर–ऊपर मीठौ बोलें
भीतर साँप बसैं द्रोहनि के
घर–घर विष के बीज बए!
कलिजुग कंस अनेक भए!
भूख रोग बेकारी छाई
घोर गरीबी घिरि गहराई
राजा मौज करैं महलनि में
अधिकारिन नैं ताप बए।
कलिजुग कंस अनेक भए!

एक बार लै चलौ
दम घोंटि रहीं गैस
धुआँ
काननि कौं फोरती
करकस धुनि
हत्यान सौं भरे अखबार
बलात्कार
हाँसिए पै इंसान!
कान्हा!

शहर एकु जंगल है
लै चलौ
मोहि लै चलौ वृन्दावन।
करील की कुंजनि में
सुननी है फेरि
तुम्हारी बाँसुरी
सीतल सुगन्धित हवा सौं
भरनी हैं हर साँस।
राधा के नीम तरे
झूलनि के रागनि मे
झुमनौ है
कान्हा! मोहि
लै चलौ बृन्दावन।

जा शहर रोज-रोज
रोग है
विहाग हैं
दौड-धूप
लूटमार। हाय-हाय!
बृन्दावन ऐसौ जहाँ
छप्पर के छेदनि सौ
राति-दिन छनत कान्हा!
जीवन रस-धार है।
लै चलौ
मोहि बेगि लै चलौ
जमुना के तीर
गाँव। वही
मेरौ रस-धाम है।

सूरज नैं देखी है

तुमनें देखी है माँ ?
सूरज नैं सबसौं पैलैं
देखौ है बाकौं
गायनि की सेवा में
चकिया पै
चौका में
घर–आँगन बुहारति
नहाइ–धोइ
तुलसी के घरुआ पै
रामायन कौ पाठ करि
ढारति है जल–कलस
सूरज नैं देखी है माँ!

फटे–खुले
कपड़नि कौं
तार–तार जोड़ति है
चेहरे की झुर्रिन पै
टूटे चस्मे के नीचे
सिमटे भए सीकरनि
बार–बार पोंछति है
दूरि दूरि देखति है
बीते दिन–राम माँ!
तुमने देखी है माँ ?

खेतनि में साँझ तानूं
झुकी–झुकी
चुनति धान
साँझ की गोधूली में
सिर पर लादे बोझ
सूरज नै देखी हैं माँ !

अवतरहु कन्हैया

कान्हा! भारत तुमहिं बुलावत।
शाम भई पै काहू पंथ पै, ग्वाल नजरि नहिं आवत।
गाएँ कचरा चरैं गलिन में, भूखे वत्स रँभावत।
कट्टीघर खुलि रहे शहर में ,अधरम करम बढ़ावत।
तन–मन–रंजन में जन भूले, दुर्लभ जनम गँवावत।
कवि 'दिनेश' अवतरहु कन्हैया,काहे देर लगावत।

मदिराए कूप

सहमी सी आवति है
आँगन में धूप।
छतनि के मुँडेरन सौं
छप्पर के छेदन तानूँ
अलसाई लेटी है
जमुहाती शीत।
बिगरौ है कुहरे में
गोरौ–सौ रूप।
आँगन में धूप।
गलिहारन में घूमति
पनिहारिन–पग चूमति
पनघट–घट गूँजति है
पायल की प्रीति!
आँचल लहरात देखि
मदिराए कूप।
आँगन में धूप।

गीत समझियों

मेरे भाव तिहारे आँसू
धो पावें तौ गीत समझियो।
यों तौ हर डाली फूलति है
हर उपवन में मधुऋतु आवति।
हर कोकिल कौ कण्ठ कुहकतौ

सूरज नैं देखी है

तुमनें देखी है माँ ?
सूरज नैं सबसौं पैलैं
देखौ है बाकौं
गायनि की सेवा में
चकिया पै
चौका में
घर–आँगन बुहारति
नहाइ–धोइ
तुलसी के घरुआ पै
रामायन कौ पाठ करि
ढारति है जल–कलस
सूरज नैं देखी है माँ!

फटे–खुले
कपड़नि कौं
तार–तार जोड़ति है
चेहरे की झुर्रिन पै
टूटे चस्मे के नीचे
सिमटे भए सीकरनि
बार–बार पोंछति है
दूरि दूरि देखति है
बीते दिन–राम माँ!
तुमने देखी है माँ ?

खेतनि में साँझ तानूं
झुकी–झुकी
चुनति धान
साँझ की गोधूली में
सिर पर लादे बोझ
सूरज नै देखी हैं माँ !

अवतरहु कन्हैया

कान्हा! भारत तुमहिं बुलावत।
शाम भई पै काहू पंथ पै, ग्वाल नजरि नहिं आवत।
गाएँ कचरा चरै गलिन में, भूखे वत्स रँभावत।
कट्टीघर खुलि रहे शहर में ,अधरम करम बढ़ावत।
तन–मन–रंजन में जन भूले, दुर्लभ जनम गँवावत।
कवि 'दिनेश' अवतरहु कन्हैया,काहे देर लगावत।

मदिराए कूप

सहमी सी आवति है
आँगन में धूप।
छतनि के मुँडेरन सौं
छप्पर के छेदन तानूँ
अलसाई लेटी है
जमुहाती शीत।
बिगरौ है कुहरे मे
गोरौ–सौ रूप।
आँगन में धूप।
गलिहारन में घूमति
पनिहारिन–पग चूमति
पनघट–घट गूँजति है
पायल की प्रीति!
आँचल लहरात देखि
मदिराए कूप।
आँगन में धूप।

गीत समझियों

मेरे भाव तिहारे आँसू
धो पावें तौ गीत समझियो।
यों तौ हर डाली फूलति है
हर उपवन में मधुऋतु आवति।
हर कोकिल कौ कण्ठ कुहकतौ

मधुपनि पै मादकता छावति।
किन्तु तिमिर सौं बंधे कण्ठ की

सिसकै जब आवाज न कोई
तब तुम जीवन के मौसम में
परिवर्तन की जीत समझियों।
मेरे भाव तिहारे आँसू
धो पावें तौ गीत समझियों।

स्रोत खुलत सरगम के लेकिन
पवन नहीं झंकार उठावत।
हिमगिरि गलत निरंतर तौ का
अगर नहीं मरुथल रस पावत।
जा दिन मौन खुलै माटी कौ
मेघनि की गर्जन कों पीकें
ता दिन तुम पतझर में आवत
जीवन कौ संगीत समझियों।
मेरे भाव तिहारे आँसू
धो पावें तौ गीत समझियों।

दिनेश–दोहावली

स्तवन

शिव–दुर्गा–गणपति सहित,
रमैं हृदय श्रीराम।
सीस जानकी–चरन–रज,
मन में राधा–स्याम॥ 1॥

पवनपूत कौ वरद कर,
करै दुखनि कौ नास।
बीना बादिनि देहिं नित,
सास्वत ग्यान–प्रकास॥ 2॥

मेरे मन-मंदिर बसैं,
राधा-नंदकिसोर।
आँखिन में उनसौं जगैं,
अमर जोति चहुँओर॥3॥

दसभुज माँ दुर्गा करैं,
रच्छा भू आकास।
साप-ताप सब मेटिकै,
चरननि देहिं निवास॥ 4॥

अनुभूति

कविता जीवन-सगिनी,
कहै हृदय की बात।
भरि भीतर के घाव सब,
सांत करै संघात॥ 5॥

माला मन में साँच की
जीभ जपै हरि नाम।
लैनौ का या जगत सौं,
करहु करम निस्काम॥ 6॥

सृष्टि रची जानै अमित,
फूँकी तन में साँस।
भूलि वाहि कौं चौं करौ,
मैं जग कौ विस्वास॥ 7॥

पूजा अर्चा ठीक है,
पर काकी मन बोल।
धन-धरती-जस-काम की,
या प्रभु की, मुँह खोल॥ 8॥

धरम नाहिं झंडा-बहस,
नाहिं जुलूस-प्रचार।
करनौं है कछु धरम तौ
करि दुखियन सौं प्यार॥ 9॥

भेजौ जानैं जगत में,
बाहि गयौ तू भूलि।
बहतौ पापाचार-नद,
डारि रह्यौ सिर धूलि॥ 10॥
दो रोटी औ दारि सौं,
भरौ न तेरौ पेट।
जग की सारी सम्पदा,
घर में धरी समेट॥ 11॥

ऊपर तू जितनौं चढ्यौ,
उतनौ गिर्‌यौ धड़ाम।
साँस गई, पावक जर्‌यौ,
गरौ कबरि में चाम॥ 12॥

कल तक जो जयकार हौ,
बनौ घृणा कौ गान।
वे ही गाली देत अब,
हौ जिनपै अभिमान॥ 13॥

भेजौ जानैं जगत में,
बाके नाम अनेक।
काहु एक पै च्यौं अड्यौ,
खोयौ बुद्धि-विवेक॥ 14॥

बीज-बीज में विरछ है,
पात-पात में सृष्टि।
फल रस-मय, छाया सुखद
हर क्षण जीवन-वृस्टि॥ 15॥

तू काहू का देतु है,
अपनौ घट तौ देख।
सागर के तट पै खडौ,
खीचैं सिकता रेख॥ 16॥

फूलनि कौं चुनतौ फिरौ,
तू काँटिन कौं भूलि।
माला अपने ही गरे,
पहरि मिलि गयौ धूलि॥ 17॥

छाया छीनी दीन की,
खड़ौ करि दियौ धूप।
अपनौ आसन ऊँच रखि,
फेंकौ वाकूँ कूप॥ 18॥

जल में वह जीवित रह्यौ,
तोहि खा गयौ काल।
जनम दियौ जानैं जगत,
वाकौं देखि कमाल॥ 19॥

चाहे जितनौ चतुर बनि,
बिछा दंभ कौ जाल।
दया-दृष्टि बिन ईस की,
होवै नहीं निहाल॥ 20॥

चढ्यौ यंत्र-बल तू गगन,
पहुँचौ रवि के पास।
मलन भयौ उलटौ उड्यौ,
भयौ दंभ कौ ग्रास॥ 21॥

जिनहिं घृणा सौं देखतौ,
कहतौ "दूरि अछूत।"
वे प्रभु की संतान हैं,
सुखद सरग के दूत॥ 22॥

तू जाकौं सुख मानतौ,
वह आकासी-फूल।
निसि-वासर हुइ पाप-रत,
काटि रह्यौ निज मूल॥ 23॥

मेरौ-तेरौ रटि मर्यौ,
मिलौ अंत में धूल।
अपने ही पथ बो गयौ,
काँटनि-भरे बबूल॥ 24॥

सेवा करबे कौं चल्यौ,
भरतौ घर में वित्त।
जौन परिग्रह-मंत्र-रत,
तिन कौं सान्त न चित्त॥ 25॥

तप-व्रत तेरे बिरथ हैं,
जौलौं मन में ताप।
प्रेम-अहिंसा-खेल में,
बनौ विदूषक आप॥ 26॥

भौतिक साधन खोजतौ
रचतौ दुख-जंजाल।
अपने हाथनि काटतौ,
अपनी जीवन-डाल॥ 27॥

माली बगिया सींचतौ,
तोड़ै तू फल-फूल।
डूबैगौ वा भँवर में
जहाँ न कोई कूल॥ 28॥

धरती पै आकैं कियौ,
भलौ कौन-सौ काम।
पाथर-पाथर लिखि रह्यौ,
जो तू अपनौ नाम॥ 29॥

जस की इतनी लालसा,
खोटे करतौ कर्म।
दया-धरम कौ छोड़ि कै,
करै कौन सौ धर्म॥ 30॥

काटे लाखों पेट तब,
महल बनायौ एक।
कियौ गरब सौ पूत कौ,
फिरि वामें अभिसेक॥ 31॥

तोहि बुढ़ापै में वही,
मारि रह्यौ है लात।
अब रोवै क्यों पकरि सिर,
सहि अगनित आघात॥ 32॥

चौं असुंवन की धार चह,
चौं यह व्यर्थ प्रलाप?
भोगि रहे हैं सब यहाँ,
जितने जाके पाप॥ 33॥

ममता उतनी ठीक है,
जासौं मिलै न त्रास।
फैलै लता-प्रसून-सी
गंधित होइ अकास॥ 34॥

सत्ता के मद में भयौ,
तू घमंड में चूर।
लूटे उपवन गंध के,
रह्यौ दान सौं दूर॥ 35॥

देनौ हौ सो दै चुकौ,
सेस रह्यौ संताप।
लगी यहाँ हर करम पै,
तव पापनि की छाप॥ 36॥

अब तेरे आगे कहाँ,
बची धरम की राह।
घाटी-तम मद-मत्त नद,
मिलै न जाकी थाह॥ 37॥

आँखिन सौं आँसू नहीं
झरन लगै अंगार।
तेरे रोदन सौं नहीं,
पिघलैगौ संसार॥ 38॥

रखौ गरभ में मास नौ
सहिकैं कष्ट अपार।
जन्म दियौ, ढाली मधुर
मुख दूधनि की धार॥ 39॥

करी रात-दिन प्रार्थना-
"दुखै न सुत कौ रोम।"
वाहि जननि कौं दै रह्यौ,
तू दुख कौ तम-तोम॥ 40॥

तिरिया तेरी नासमझ
कालि बनैगी सास।
जोबन कितने दिन रहै,
सभी काल के ग्रास॥ 41॥

जननी कौ अपमान करि,
पूजै तू पापान।
कोई देव न करि सकैं,
यौं तेरौ कल्यान॥ 42॥

अपनौ दामन देखि तू
मत गिनि पर के दाग।
तेरे उर में लगि रही,
जग-निन्दा की आग॥ 43॥

तू जग के भ्रम-जाल में
भूलि गयौ निज पंथ।
मन चिन्ता के चक्र में,
व्यर्थ पढ़ि रह्यौ ग्रन्थ॥ 44॥

सूरज तपै अकास में,
चलै भूमि कौ चक्र।
पिघलै ससि नवनीत जिमि,
तू ही पीतौ तक्र॥ 45॥

पानी पड़तौ धूलि में
निकसत अंकुर लाल।
काकी रचना? कौन तू?
बिरथ बजावै गाल॥ 46॥

जीबौ मरबे सौं कठिन
तू जी कै तौ देख।
जल में तेरे भाग्य कौ,
मीन लिखै नित लेख॥ 47॥

साँस-साँस में बजि रह्यौ
जाकौ अनहद नाद।
बाहि समझबे कौ करै,
तू चौं बिरथ बिबाद॥ 48॥

कियौ बिबिध अपकरम करि,
संचित वित्त अपार।
चल्यौ जबहिं भोगन तबहिं,
डूबि गयौ मँझधार॥ 49॥

हथकड़ियन की झनक में,
अब गूँजैं वे पाप।
धन-मद में करतौ रह्यौ,
जो तू अपने आप॥ 50॥

सतखंडे जा भौन कौ,
कियौ भव्य निरमान।
ता में भटकैगौ सदा,
तेरौ पागल प्रान॥ 51॥

जीवन घोर तनाव में,
काटि रह्यौ दिन-रात।
यौं न घटैगी दुख-निसा,
नाहिंन होय प्रभात॥ 52॥

गुरु के असन वैठि कैं,
करतौ मदिरा-पान।
अन्धौ औरनि बाँटतौ,
नैन-जोति कौ ग्यान॥ 53॥

जोबन के मद में फिरौ
तू फूलनि के पास।
मंगल कुंकुम कौं दियौ
तूनैं भीषण त्रास॥ 54॥

नदी किनारे तू खडौ,
देखि रह्यौ है बाट।
कब आवैगी वह लहरि
जो पहुँचावै घाट॥ 55॥

इतनौ चौं रोवै खडौ,
रख निज नीर सम्हाल।
कल बरसिंगे कुफल सब,
बन बादल विकराल॥ 56॥

सीस पाप की पोटली,
पैर बँधे तूफान।
जीनौ है तौ करम करि,
दै दुखियन मुस्कान॥ 57॥

गाँव नहीं देखौ क्यौं
देखौ जगत अनंत।
खोयौ तूनैं सून्य में,
अपनौ दीठि-दिगन्त॥ 58॥

सैयद की पूजा यहाँ,
झुकै सीस हर थान।
संग रमैं निसि-दिन यहाँ,
गीता औरु कुरान॥ 59॥

मंजरियन सौं महकते,
बागनि रसिक रसाल।
कोयल बाँटति सबनि कौं,
गीतनि के सुर-ताल॥ 60॥

फूल-फूल पै घूम कैं,
लावत पवन सुगंध।
सुद्ध साँस कौ है रह्यौ,
जीवन सौं अनुबंध॥ 61॥

नाव माँगती राधिका,
हँसती खड़ी कछार।
स्याम बजावैं बाँसुरी
जमुना के बा पार॥ 62॥

दुर्जोधन तत्पर भयौ,
चौं करने कौं जुद्ध।
बात-बात में चौं भयौ,
पांडव जन पै क्रुद्ध॥ 63॥

गान्धारी-धृतराष्ट्र नैं,
बिरथ सह्यौ संत्रास।
दुर्जोधन कौ जनम दै,
भये पाप के दास॥ 64॥

सबकी जननी बसुमती,
जो पांचाली रूप।
बसनहीन तिहि करि रह्यौ
दुस्सासन खनि कूप॥ 65॥

न्याय-तुला कौ तोड़ि जो
फैंकि रहे आकास।
जनम-जनम तक वे करै,
घोर नरक में बास॥ 66॥

राम न जाते अगर बन
करते भवन निवास।
कैसैं अत्याचार कौ,
होतौ जग सौं नास॥ 67॥

उठ तू हू सुभ करम कौं,
दै सरीर कौं ताप।
हुंगे तेरे हाथ सौं,
नस्ट जगत के पाप॥ 68॥

जो गीता पढ़तौ रह्यौ,
करौ नाहिं सुभ कर्म।
समझि, न पायौ धरम कौ,
तौ तू कोई मर्म॥ 69॥

तीरथ-तीरथ घूम कैं,
खोजि फिरौ भगवान।
जो कन-कन में रमि रह्यौ,
धरौ न वाकौ ध्यान॥ 70॥

जिनके माया-मोह में,
उरझि रह्यौ दिन रात।
जब तक स्वारथ, संग हैं,
फिर न करिंगे बात॥ 71॥

साथ रहिंगे तब तलक,
भरै न जब तक पेट।
दूरि जाइँगे फेरि सब,
करिकैं मटियामेट॥ 72॥

चौं तू उनकी याद करि,
रोवत है दिन-रात।
प्रेम नाहिं, जो मोह है,
झरैं पेड़ सौं पात॥ 73॥

जनक-जननि कौं देखि तू
रचहिं सकल संसार।
जो इनकौं दुख देत हैं,
डूबत हैं मँझधार॥ 74॥

तू परदेसी होत जब,
जननि रहित बेचैन।
सपने हू आवत नहीं,
खुले रहत हैं नैन॥ 75॥

बाप सोचतौ डाकिया
लावै तेरौ पत्र।
बाट देखतौ द्वार जब,
हँसी उड़ावत मित्र॥ 76॥

हाथ-पैर उठते नहीं,
बुढ़िया भई निढाल।
पूत रमौ परदेस में,
बेटी है ससुराल॥ 77॥

एक-एक करि सब मिटे,
जीवन के आधार।
जरा-ग्रसित माँ-बाप कौ,
नर्क भयौ संसार॥ 78॥

बेटा हू का करि सकै,
बिकौ सहर में गाँव।
सन्नाटे सोए जहाँ,
बोझिल करिकै पाँव॥ 79॥

धुआँ धूलि पीकर जिएँ
कब लौं नीम रसाल।
रोगन कौ घर बनि गए,
कल जो थे चौपाल॥ 80॥

मखमल पै सोवैं सहर,
धूपनि गलैं किसान।
भूख-प्यास की मार सौं
तड़पैं पागल प्रान॥ 81॥

सुनहु टेर श्रीकृष्ण जू,
है भगतिन पै भीर।
छिन-छिन दुख-वदरा घिरैं
जन-जन होत अधीर॥ 82॥

अखवारनि में नित छपैं,
अगनित नर-संहार।
हाड़-माँस के तननि में,
जन कौ रह्यौ न प्यार॥ 83॥

जिनके हिरदय मरि गए,
नित्य करत हैं पाप।
तिनहिं न व्यापत नैंक हू,
पर-जन कौ संताप॥ 84॥

हे प्रभु! ऐसे जननि कौं,
देहु ग्यान-परकास।
अधरम छोड़ैं अरु वनैं,
तव चरननि के दास॥ 85॥

भूख रोग वाधा अमित,
सव मिलि करत प्रहार।
दीन जननि के सोक कौ,
नाहिंन पारावार॥ 86॥

जाति–पाँति कौ भेद नहिं,
करैं गरीबी–वाढ़।
सब ही करत पयान नित,
प्रविसत जम की दाढ़॥ 87॥

गोली, कब पूछति धरमु,
समुझति कब को जाति।
छिन में चीरति वक्ष कूँ
देह पड़ी रहि जाति॥ 88॥

बरसा में बाढ़ति नदी,
वहत सबनि के धाम।
नहिं देखत जल की झड़ी,
कालौ–गोरौ चाम॥ 89॥

तौऊ नर नहिं जगत है,
करत अनेकन भेद।
धरती फोड़ि पताल घुसि,
करत प्रकासनि छेद॥ 90॥

हे प्रभु! जीवन वन भयौ,
हिरदय–हिरदय मैल।
स्वारथ में अन्धे जननि,
देहु ग्यान की गैल॥ 91॥

अंग्रेजी–अच्छर बिकै,
यहाँ स्वर्ण के भाव।
घर–आँगन डूबन लगी,
अपनी भाषा, नाव॥ 92॥

लुटै अंक, भाषा लुटी,
भई नागरी भूत।
धरम-सास्त्र अब को पढ़ै,
अच्छर भये अछूत॥ 93॥

कोलाहल में राति-दिन,
डूबि रहे घर-द्वार।
निर्वसना नारी बनी,
मन-रंजन-आधार॥ 94॥

कवि 'दिनेश' या देस में,
घुसे बाहरी चोर।
धरम-करम सब भ्रष्ट करि
करैं व्यर्थ कौ सोर॥ 95॥

अपने अपने नाम कौं,
करैं झूठ-व्यापार।
छलैं परस्पर, नित करैं,
अगनित भ्रष्टाचार॥ 96॥

जो लिखनौ सो लिखि चुकौ,
आगे लिखनौ व्यर्थ।
अब तक जो मैंने लिखौ,
समुझि बाहिकौ अर्थ॥ 97॥

जो तू ही समुझौ नहीं,
काहि सुनावौं गीत।
सब्दनि की बरसात में,
सम्वेदन भयभीत॥ 98॥

सब भाषनि में मधुरतम,
ब्रजभाषा सिरमौर।
बंसी के सुर में सनी,
रंग राधिका गौर॥ 99॥

या ब्रजभाषा भूलि जो,
करै ज्ञान कौ गर्व।
कवि 'दिनेश' ता जाति कौ,
शेष न रहै अथर्व॥ 100॥

हे जगदम्बे! देस कौं,
देउ अस्मिता–ग्यान।
अपनी संस्कृति पै रहै,
हरजन कौ अभिमान॥ 101॥

चैन मिलै रूप देखें

भीजि गई राधारानी बाँसुरी की सुर–धार
काननि में गूँजि रह्यौ एक नाम प्यारे कौ।
मोर लागे नाँचन, गगन नाँचे बदरा हू
झूमि उठे लता–द्रुम, जादू बंसीवारे कौ।
फूलनि पराग झर्‌यौ, पातन सौं ओस गिरी
दूब हू नें गान गायौ पीतपट धारे कौ।
गाएँ छोड़ि बछरानि भागीं फिरैं बन माहिं
चैन मिलै रूप देखें नद के दुलारे कौ।

ऐसे तुम नेता भए

भीड़ देखि भेड़िन–सी भाषण बड़ौ सौ देत
एकता–अखंडता कौ नारौ हू लगात हौ।
कुर्सी देखि कागन–सी काँव–काँव करि–करि

रात–दिन चीखि–चीखि झूठ में समात हौ।
भूख–प्यास–मारैं लोग फिरैं बिललात, तुम
सामाजिक न्याय की दुहाई दै अघात हौ।
सीत–बँगलान माहिं बैठि रजधानी बीच
जनता में भेद–भाव अगिनि लगात हौ।

न्यारे–न्यारे पंथ औरु मंजिलें हू न्यारी–न्यारी
साधु औ असाधु कौन भेद कछु जानौ है।
कालि सत्रु आज मित्र खेल खेलि बचपन
राजनीति क्षेत्र सब गंदगी सौं सानौ है।
देस पर छाइ रहे मेघ विपदा के तौऊ
स्वारथ कौ गीत रोज तुमकौं तौ गानौ है।
न्याय–धर्म बेचि–बेचि कैसे तुम नेता भये
झोंक भाड़ दया–नीति कौन स्वर्ग पानौ है?

माँगत हैं 'मत' एक

जोड़ैं कर दोनों लएँ, लोकतंत्र कौ पात्र।
पेट घड़ा–सौ बढ़ि रहौ, लगै भीम–सौ गात्र।
लगै भीम–सौ गात्र, पीठ पै कुर्सी बाँधे।
रगड़त नीची नाक, दुपट्टा डारैं काँधे।
माँगत है 'मत' एक, शर्म की रस्सी तोड़ैं।
कवि 'दिनेश' हर द्वार खड़े दोनों कर जोड़ैं॥

मिली है कुर्सी

धंधा इनकौ चलि रह्यौ, आमदनी है खूब।
अनचाहे ही उगि रही, इनके सिर पै दूब।
इनके सिर पै दूब, मिली है कुर्सी जब सौं।
खावत हैं खर खड़े, खुली है रस्सी कब सों।
लोकतंत्र कौ बोझ, झुकि रहौ इनकौ कंधा।
चलतौ कहै 'दिनेश' रात–दिन इनकौ धंधा॥

कहौ कान्ह

अर्जुन पूछत रथ में,
कैसें लड़ें महाभारत में
मारें का कौं रन में?
सब तौ भाई-बन्धु सामनें
भेद करें अब किन में?
सबनै पाप करे, सब कौरव
जात नरक के पथ में।
अर्जुन पूछत रथ में॥
कहौ कान्ह गीता की बातें
कौन करम है नीकौ?
पाप-पुन्य की कौन तराजू
कहाँ धरम कौ टीकौ?
सबके हाथ सने लोहू में
कौन अनय के पथ में?
अर्जुन पूछत रथ में॥

को मंजिल तक जावैगौ

चारों ओर आँधियाँ, घन तम
मरुथल में पथ खोयौ है।
कौन मशाले लै जन-हित कौ
को मंजिल तक जावैगौ?

जाकौ उदर भर्यौ [illegible]
सोनो-चाँदी खावत है।
मदिरा के [illegible] कौ पीकें
जो प्यासौ चिल्लावत है।
चलि न सकै दो पग धरती पै
वह का मग दिखावैगौ!

कौन मशालें लै जन–हित की
को मंजिल तक जावैगौ॥

थके सप्त–रिसियन के कंधा,
नहुष–पालकी पापनि की।
जनता–सभी दुखी–आतंकित,
घिरीं घटाएँ तापनि की।
साप लगौ है इन्द्रासन कौं
पतन पताल पठावैगौ।
कौन मशालें लै जन–हित की
को मंजिल तक जावैगौ॥
सूरज कैसै आवैगौ

दीप नहीं अँधियारौ घिरतौ
सूरज कैसै आवैगौ ?
कौन आँधियाँ चीर रोशनी
मंजिल तक लै जावैगौ ?

पात झरे कलिका सब सूखीं
काँटिन कौ विस्तार भयौ।
पहरे वैठि गए मरघट पै,
जीनौ विष की धार भयौ।
दिसाखोर गिद्धनि सौं बचिकैं
कौन यहाँ जी पावैगौ ?
कौन आँधियाँ चीर रोशनी
मंजिल तक लै जावैगौ॥

घर के सूने से कोने में
चिड़िया नीड़ बनावति है।
जानैं का की कोप–नजरिया

तिनकनि तक कौं खावति है।
बूँद-बूँद संवेदन सूखौ
कण्ठ काहि दुहरावैगौ?
कौन आँधियाँ चीर रोशनी
मंजिल तक लै जावैगौ॥

माखनचोर कन्हैया

दूध-दही बिकि गयौ शहर में,
माखन कौन खवावैगौ?
माखनचोर कन्हैया अब तू
कैसैं ब्रज में आवैगौ?
दूरि गईं गोपियाँ विदेसनि
संस्कृति-नाच दिखावन कौं।
कुंज गलिन में तू नाचैगौ
किनकौं रास सिखावन कौ?
गोकुल नंद-जसोदा दोनों
रोबत विलखत पावैगौ।
माखनचोर कन्हैया अब तू
कैसैं ब्रज में आवैगौ॥

वृन्दावन सन्नाटौ छायौ
ग्वाल न गाय चरावत है।
साँझ नहीं गोधूली दीखै
बछड़हु नाहिं रंभावत हैं।
सूखे बाँस, बदर नहिं बरसै
वंसी कौन बजावैगौ
माखनचोर कन्हैया अब तू
कैसैं ब्रज में आवैगौ॥

पाती

आई बाकी पाती।
दरबाजे पै दस्तक दैकैं
अपनी झोली खाली लैकैं
पेट दबाएँ लौटि गयी जो
बनिकैं बुझती बाती।
आई बाकी पाती॥
माटी नैं बाकौं अपनायौ।
तुमनैं गीत गगन कौ गायौ।
दरसन झूठे भए, भूख सौं
बनौ आतमघाती।
आई बाकी पाती॥
बानैं लिखौ हवा पै इतनौ:-
हौं तौ आयौ पार, काल की
सौंपी तुमकौं थाती।
आई बाकी पाती॥
आँसू दुख सौं भरे नैन कौ।
का कौ है अधिकार चैन कौ?
का की मूक बिथा अम्बर सौं
नाहिं यहाँ टकराती?
आई बाकी पाती॥

होली

आओ खेलौ संग कन्हैया
रंगबिरंगी होली।
ग्वाल-बाल सब खेलन लागे
लै गोपिन की टोली।

पीले पात झरे पेड़न सौं
सरसौं भरी जवानी।
गेहूँ औरु चना के खेतनि
ओढ़ी चादरि धानी।
नई फसल नैं गानौ गायौ

कोयल बगियन बोली।
आऔ खेलौ संग कन्हैया
रंग बिरंगी होली॥
राधा जमना-तीर निहारै
तुमकूँ बंसीवारे!
चलौ संग खेलिंगे हम हूँ
होली साँझ सकारे।
अपने रंग रंगैगी तुमकों
आजु राधिका भोली।
आऔ खेलौ संग कन्हैया
रंग बिरंगी होली॥
एटम की धमकी मति दीजौ

सागर गावत साथ हमारे
साथ हमारे लहरावत है।
चट्टानन सौ टकरावन कौ
इन चरननि मे ज्वार भरे हैं।
फौलादिन के कंकालनि में
तूफानन के सार भरे हैं।

उठति जबहिं आवाज हमारी
ऊँचौ नभ हू झुकि जावत है।
सागर गावत साथ हमारे
साथ हमारे लहरावत है॥

अंगारन सौं राह सजावत
गति में गावति मौत बिचारी।
एटम की धमकी मति दीजौ
करियो मत इनकी तैयारी।

कंकालन की अस्थि अस्थि सौ
बज्र यहाँ पर बनि जावत है।
सागर गावत साथ हमारे
साथ हमारे लहरावत है॥

श्री रत्नगर्भ तैलंग

सी-8 मंजु निकुंज, पृथ्वीराज रोड
सी-स्कीम, जयपुर

कविता कौ मनभायौ, बोध मिल्यौ बालपन,
सैसव सौं चौरासी लौं, एकसी उमंग हैं।
चलें सदा सद् पंथ, पढ़े बहु सद् ग्रन्थ,
वेदन पुरानन के, सरस प्रसंग हैं।
पिंगल के रंग रूढ़ और अंग-अंग गूढ़,
ज्ञात व्यजंना के नीके, तीखे-तीखे व्यंग हैं।
बिन कोऊ यत्न करैं, लेखनी सौं रत्न झरैं,
रत्न के सरिस रत्नगर्भ जू तैलंग हैं।

परिचै

नाम	:	श्री रत्नगर्भ तैलंग 'देर'
जन्म स्थान	:	जहानाबाद (उ.प्र.)
जन्म तिथि	:	13 नवम्बर, 1914
पिता कौ नाम	:	शास्त्री लक्ष्मीकिशोर तैलंग
माता कौ नाम	:	कालिन्द्री बाई
परिवार	:	द्वै पुत्री
व्यवसाय	:	अध्यापन
प्रकाशित ग्रंथ	:	कानपुर के प्रताप, दैनिक जागरण विभिन्न पत्र पत्रिकान में, जयपुर सौं संस्कृत की भारती पत्रिका में।
अप्रकासित ग्रंथ	:	चक्षु पुराण, प्रहेलिका परिचय, वंश पुराण
वर्तमान पतौ	:	सी-8 मंजु निकुंज, पृथ्वीराज रोड, सी-स्कीम जयपुर

स्मृति के झरोखन सौं

- श्रीमती माधुरी शास्त्री

मेरे परम आदरणीय पिताजी श्री रत्नगर्भ जी शास्त्री कौ जन्म उत्तर प्रदेश के एक महानगर कानपुर के समीप एक तहसील जहानाबाद में विक्रम संवत 1971 में भयौ। आप अपने घर की प्रथम संतान हैबें के काजें, बाबा, दादी बुआ के भौंतई लाड़ले हते। गौर वर्ण, कुशाग्र बुद्धि एवं बाल सुलभ चपलतान सौं सिगरे घर वारेन कूँ दिन भर आनंदित करते रहबे हे।

जैसो कै हर बालक के संग होवे है पांच वर्ष की अवस्था बीतते ही खेल-कूद आदि सौं मुक्त करा कैं विद्याध्ययन के लिए आपकौ पाटी पूजन संस्कार कर दियौ। वहाँ पै हू आपने अपनी कुशाग्र छबि सौं हर अध्यापक कौ मन मोह लीनौ। जो कछू मदरसे में पढ़ायौ या लिखायौ जातो वाकूं घर आयकें तत्काल अपने पिता श्री अरु माता जी कूँ ज्यौं को त्यौं सुना देते।

पैले के समै में अक्षर ज्ञान, आजकल की तरियौं कापी अरु पेन सौं नाँय होतौ हो अरु न तब तानू स्लेट ही चलीं ही। हर बालक के ढिंग लकड़ी की एक पाटी होती। एक 'बोरका' अरु कलम। पाटी कूँ प्रतिदिन कारी करनी परती कोयला सौं फिर वामें घोटा फेरकै चमकानौ पड़तौ याके बाद पानी में घुरी खड़िया सौं कलम(नेजा) के माध्यन सौं, लिखनौ पड़तौ। जे विधि अपनावे सौं तत्कालीन विद्यार्थीन कौ लेख सुलेख होवे हो। जो विद्यार्थी सुंदर-सुंदर अंक अरु अक्षर लिखतौ वाकू पांच नम्बर ज्यादा मिलौ करते।

वा समै की जे परम्परा अच्छी ही जाकौ आजकल भौंतई अभाव दीखे है। या तरियाँ सौं आप निरंतर विद्याध्ययन में रत रहे। आपके पिताश्री शास्त्री लक्ष्मी किशोर जी तैलंग व्याकरणाचार्य हे। कर्मकांड प्रवीण हते, पौरोहित्य एवं पुराणन के अच्छे वाचक हे। साथ ही काव्य कला में हू निपुण। वे अपनी समस्त रचना 'किशोर' उपनाम सौं करे हे। जे तो सभी जाने हैं कै पिता कौ संस्कार तो पुत्र कौं स्वत: ही मिल जाय है। जेई श्री रत्नगर्भ शास्त्री जी के संग भयौ।

अपने अन्य कामन में अति व्यस्त रहवे सौं वे अपने पुत्र पै अपनी कविता कूँ फेयर कागज में उतारवे के लिए कह जावे हे। या प्रक्रिया सौं गुजरवे सौं बालक श्री रत्नगर्भ जी कूँ लय ताल, यति, विराम आदि कौ स्वत: ही वोध है गयौ। धीरे धीरे वे ऊ कछू लिखवे लग गये अरु उठाय के रख देते।

एक बेर ऐसे ही इनके पिताजी की निगाह इनकी कछू कवितान पै गई। मन ही मन खुश तौ भये पै दर्शायो कछू नाँय। उल्टे थोरी सी डांट लगाई कै कविता लिखवौ हंसी खेल नाँय है। भावन की गम्भीरता वाकौ प्रमुख तत्व है, याय लाऔ। खूव सोचो बेर-बेर लिखौ अरु अपने ही लिखे भये कूँ जब तब उठाइके बेर-बेर पढ़ते रहो। सारी गलती स्वत: मालूम है जाएगी। जेई नाँय बिनने अपने पुत्र कूँ विधिवत काव्य कला कौ ज्ञान हू दियौ।

आपकी माता श्रीमती कालिन्द्री दतिया नरेश के राजगुरू श्री बालकृष्ण शास्त्री की एक मात्र कन्या हती। अत्यधिक लाड़िली अरु तेलगू भाषा में निष्णाता; कहे हैं कै मूल सौं ब्याज ज्यादा प्यारो होय। सो हू इनके साथ भयौ। श्री रत्नगर्भ शास्त्री अपने नाना के बहुत लाड़ले दोहिता हे। जद्‌पि इनके बड़े भ्राता श्री हिरण्यगर्भ कौ हू नाना कौ लाड़ प्यार मिल्यौ पै बिनकी बाल्यावस्था में ही मृत्यु है जावे के कारन नाना को समस्त दुलार श्री रत्नगर्भ जी कूँ ही मिल्यौ। नाना नैं ही अग्रिम अध्ययन हेतु इनकूं अपने पास बुला लियौ अरु वहीं सौं अपनो अध्ययन संपूरन करके वापस जे कानपुर आ गए। कछू वर्षन बाद नाना-नानी कौ देहावसान है गयौ।

श्री रत्नगर्भ शास्त्री कौ ब्याह विक्रम संवत् 1986 (सन 1930) में फागुन वदी सप्तमी कूँ भयौ। आपकी पत्नी कौ नाम सौ० शांता बाई तैलंग है। जो मध्यप्रदेश के सागर निवासी श्री यमुना प्रसाद की प्रथम पुत्री हैं। शादी के आठ बरस पाछे श्री रत्नगर्भ शास्त्री के घर पहली कन्या कौ जनम भयौ जाकौ नाम माधुरी रख्यौ गयौ। याके पश्चात् एक

मैं श्री मुद्गल साहब कौ हृदय सौं आभार व्यक्त करते भये गौरव कौ अनुभव कर रही हूं कै बिनकी सूझ बूझ सौं भूले बिसरे श्रेष्ठ कविगन प्रकाश में आ पा रहे हैं।

अछूते संदर्भ

श्री रत्नगर्भ जी नैं अपने पिता पं. लक्ष्मीकिशोर तैलंग सौं संस्कृत व्याकरण, काव्य और ब्रज साहित्य की शिक्षा तो प्राप्त करी हती, ता पाछैं वे राजस्थान में काँकरोली में अपने नाना पं. बाल शास्त्री अरु मामा पं. कंठमणि शास्त्री सौं संस्कृत साहित्य और ब्रजभाषा के काव्य कौ अध्ययन करबे काजैं काँकरोली आय गये। काँकरोली के पुष्टिमार्गीय वल्लभसंप्रदाय के तृतीय पीठ के गोस्वामी अरु श्रीद्वारकाधीश मन्दिर के प्रबंध मँडल की देखरेख में वहाँ कौ विद्याविभाग बिन दिनान में बहुत सक्रिय हो जहाँ सैकड़ान ब्रजभापा के ग्रन्थ, काव्य आदि संग्रहीत हते। विद्याविभाग के अध्यक्ष अरु रत्नगर्भ जी के मामा पं कंठमणि शास्त्री संस्कृत के अरु ब्रजभापा के विद्वान और सुकवि हते। बिननैं बिनके दुर्लभ ब्रजभाषा ग्रन्थन को संपादन एवं प्रकाशन करौ है। अष्टछाप के कविन के पद संग्रह तौ बिनकी लगन के फलसरूप प्रकाशित भये हते।

रत्नगर्भ जी नैं काँकरोली में छ सात वर्ष रह कैं शुद्धाद्वैत दर्शन और ब्रजकविता की शिक्षा प्राप्त कीनी। वही ये ब्रजभापा में कविताऊ करन लगे, यद्यपि बिनकी मातृभाषा अवधी हती।

सी-8 पृथ्वीराज रोड़,
जयपुर-1

■

श्री तैलङ्ग की कविता में भक्ति-भाव

- श्री ब्रजेश कुलश्रेष्ठ

देर कवि शास्त्री रत्नगर्भ तैलङ्ग नैं अपने कविता संकलन में भाँति भाँति के रसन कौ स्वाद चखाय कै पाठकन कूँ आनन्द के सागर में डुबायौ है,कहूं भक्ति रस है तौ कहूं अनूठो अनुपम श्रृंगार रस तौ कहूँ हास्य रस, समूचे संकलन ते ऐसौ लगै कै कवि कौ झुकाव भक्ति रस की ओरई ज्यादा रह्यौ है। भक्ति रस में कवि नैं प्रत्येक देवता के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं पै ऐसौ लगै कि ब्रजनन्दन श्री कृष्ण नैं कवि कौ मन ज्यादा रिझायौ है। कवि नैं अनेक छन्दन में राम,शिव,सरस्वती आदि आराध्यन कौ गुन- गान कियौ है।

वैसें ऐसौ देख्यौ गयौ है कै जीवन के आखरी पड़ाव में भक्ति अध्यात्म, अध्ययन, आस्था, आराधना अरु अनुराग कौ निचोड़ नेंक ज्यादा मुखर अरु प्रखर है उठे। संकलन तै ऐसो लगै जैसे कवि के चित्त नैं भक्ति भाव कौ पूरी तरियाँ रूप लै लियौ होय। अत: भक्ति रस की भीनी सुगंध सब ओर मुखर है उठी है। वैसे तौ ये कह्यौ जाए, कै कविता स्वयं ही भक्ति अरु अध्यात्म कौ गुम्फित रूप है। कवि के मन मस्तिक पै जब कई तरियाँ के दबाव परैं अरु उन दबावन कूँ जब कोई सुघड़ भासा मिल जाए तौ कविता साकार है उठै।

तैलङ्ग जी नैं भगवान श्री कृष्ण कूँ ई अपनौ आराध्य बनायौ है अरु वाई के गुनन कौ, वाई के हावभावन अरु वाई के श्रृंगार कौ खुल कै वर्नन कियौ है। आम परिपाटी ये है कै कोऊ नयौ काम सुरू करिबे ते पैले श्री गनेश कूँ मनायौ जाए। तैलङ्ग जी नैं संकलन सुरू करिबै ते पैले गनेश स्तुति के पश्चात् अपने बन्सीधर कौ ही आह्वान कियौ है।

कवि नैं बड़े सुन्दर ढंग सौं भगवान श्री कृष्ण के नख सौं शिख लौं श्रृंगार को वर्नन कर मंगला में बिनके जगवे की गुहार कीनी है

उठिये कमल नैंन ब्रज चन्द्र रे गोविन्द
आये हैं गुआल बाल टेरत हैं बार बार
सरस गुलाब जल आनन परवार लोहु
लेहु कर मुरलिया आई मधु मंगला

गुहार के बाद कन्हैया जाग गयौ है। मैया नैं पूरे मनोयोग तें वाकौं श्रृंगार कियौ है। याके बाद राज भोग में कन्हैया कूँ भांति भांति के पकवान परोसे हैं-सिकरिन छाछ, मेवा, भात, मोतीचूर चन्द्रकला, फैनी, चूरमा, घेवर, गुझिया और न जाने कहा कहा स्वादिष्ट भोजन परौसो है, पूरे छन्द कवि के भक्ति भाव तैं ओत प्रोत हैं।

आगे चल कैं महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के पुत्र गो. विठ्ठल नाथ के बालपन कौ वर्णन कियौ है, बिन छन्दन में बाललील कै संपूरन भाव प्रगट होए-

कबहूँ उठाय देर गऊमुखी कर लेंय
कबहूँ रिझाय मात कौ कर गहनू हैं॥
लक्ष्मी सपूत सिरी बल्लभ दुलार आप
बाल वेस याही विधि विठ्ठल नचत है॥

याते आगे कवि नैं प्रार्थना के रूप में दसों अवतारन की स्तुति गाई है।

गौ द्विज धर्म सुरच्छा कारन
अरु मर्जादा की विधि धारन
राम रुप धरि मारे रावन
अरु
चोर जुबारल बार कपट रति
कलयुग अन्त होई हैं नरपति
कल्कि रुप धरि दुःख नसावन
जय जगदीश जयति जग पावन।

पूरे छन्दन कूँ कवि नैं भांति भांति के अलंकारन तै अलकृंत कियौ है पै बिन में केशव कवि जैसी कसरत नाँय दीखे। जदि दीखे तौ छन्द भक्ति भाव तै ज्यादा

ओत- प्रोत होतो दीखे याही कारन सौं श्री तैलङ्ग की कविता हमें भक्ति अरु अध्यात्म की ओर खैंच ले जाए है। कवि नैं महाकवि तुलसी की मनोभावना कौ कैसो सुन्दर वर्नन कियौ है। 'तुलसी मस्तक तव झुके, धनुष बान लेओ हाथ' या बात कूँ कवि तैलङ्ग नैं दूसरे ढंग तैं कही है-

तुलसी ब्रज-मंडल बीच गये
मधुरा पहुँचे, पहुँचे बरसाने।
तँह कृष्णहि कृष्ण लखे सरवत्र
सु राम बिना कवि 'देर' दिवाने।
प्रनिपात किये बिन मोहन को
तुलसी मुख साँवर यह बैन बखाने।
मुरली धरि देहु लला अपनी
कर लेहु धनू, सुनि श्री मुस्काने।

यों तौ या संकलन में होरी पैऊ भाव पूर्ण छन्द पढ़िवे कूँ मिलैं, समाज की वर्तमान दसा पैऊ छन्द लिखे गए हैं। पै ज्यादातर छन्द भगवान श्री कृष्ण कूँ ई अर्पित करै हैं। कहूँ सूर की आत्मा बोलती दिखाई परै तो कहूं तुलसी की। मैंने पैले लिख दीनौ है कै संकलन में ऐसौ नाँय दीखे कै छन्दन में अलंकारन की कसरत करी गयी है, साफ दीख रह्यौ है कै कवि की भक्ति भावना की ही प्रमुखता रही है। भाषा अलंकार को जो कछु ज्ञान है वाई कूँ भगवत् भक्ति कौ सहारौ लैकें प्रकट कियौ है याही कारन ये छन्द सीधे-सादे भोले-भाले पाठकन कौ मन अपनी ओर खैंच लेऐं।

वैसे तो तैलंग जी नैं पूरौ संकलन ब्रजभाषा तै सजायौ है पै कहूं कहूं खड़ी बोली केऊ छींटा, दिये हैं जो अखरें जरूर हैं।

बी-68, अनीता कॉलोनी,
बजाज नगर, जयपुर (राजस्थान)

■

देर कवि रत्नगर्भ सौं साक्षात्कार

- श्री गोपालप्रसाद मुद्‌गल

प्र- आपके पूर्वजन नैं ब्रजभाषा साहित्य लिखौ याकी एक बानगी बताएँ ?

उत्तर- हमारे पूर्वजन में एक दत्तात्रेय गोस्वामी भये,जिनकौ उपनाम हौ 'दत्त'। लखनऊ के 'मिश्र बन्धून' नैं बिनकौ उल्लेख अपनी सोध पुस्तक में करौ है। वे कोड़ा जहानाबाद अरु नरवर गाँव में विख्यात हे। सरस ब्रजभाषा में वे फुटकर काव्य रचै हे। एक उदाहरन-श्री कृष्ण वियोग में व्यथित गोपी कौ कथन है-

दही दही घर घर दही, दही दही सु पुकार।
हाय दही, हा हा दही,आए कृष्ण मुरार॥

प्र- ब्रजभासा की ओर आपकौ रुझान कब अरु कैसैं भयौ ?

उत्तर- पूज्य पिताजी के काव्य संग्रह देखिके मन में इच्छा जगी कै ब्रजभाषा में काव्य रचना करी जाए। यह तब की बात है जब मेरी उमर पन्द्रह सोलह साल की होयगी। पिताजी नैं कवित्त,सवैया,दोहा, बारहमासी(विरहनी जगतमासी) लावनी, कजरी, ठुमरी, आदि लिखे। पिताजी गवैया हू हते। बिनकी छन्दन में रुचि ही। बिनके छन्दन कूँ सुनवे कौ पूरौ औसर मोय मिलौ। कानपुर के प्रसिद्ध रामलला अरु जगन्नाथ जी के मंदिरन में काव्य गोष्ठी होती रहतीं। समस्या पूर्ति होती।समस्या पूर्तीन कौ प्रकासन हू नियमित होतौ रहतौ। बिनमें बैठकैं सुनते अरु प्रेरणा पायकैं टूटी फूटी रचना करौ करै हे।

प्र- आपकौ क्षेत्र अवधी कौ है, तऊ ब्रजभाषा की ओर रुझान कैसें भयौ अरु का भाँति की रचना करीं?

उत्तर- कानपुर में ब्रजभाषा के कवियन में पं. श्याम बिहारी, हरिजू प्रणयेश सनेही, हितैषी,शंकर त्रिशूल, किशोर जैसे कवीन की गोष्ठी में ब्रजभाषा कौ माधुर्य अपने आप मन पै प्रभाव डारतौ। याही सौं ब्रजभाषा की ओर रुझान भयौ। अरु हमारी दादीजी कामवन की हीं। विनकौ नाम हौ श्यामा देवी। वे कामां के छोटे दाऊ जू के मंदिर की हीं। जब वे श्री ठाकुर जी की सेवा में रहै हीं तौ ब्रजभाषा के गीत प्रभु कूँ सुनाती अरु रात में बालकन कूँ ब्रजांचल की अनेक मनोहर कहानी सुनावै हीं। हमारे काका श्री बाल कृष्ण भट्ट, जो कामां की रासलीलान में भाग लेते वे हू कविता करै हे। बिनकौ सान्निध्य मिलौ। बातचीत घर में ब्रज में होती। बालकृष्ण 'काका' छंदन कौ ज्ञान देते। मैं हू आठ दस वर्ष ताँईं ब्रज अंचल के कामां में श्री रमणलालजी गुसांई के पुत्र श्री घनश्याम लाल जी अरु रघुनाथ लाल जी कूँ संस्कृत और हिन्दी पढ़ातौ रह्यौ। ब्रज कौ परिवेस अरु प्रभाव रह्यौ। याही सौं अवधी क्षेत्र में रहते भये ब्रज की ओर ललक स्वभाविक ही। काँकरोली में श्री कण्ठमणि सास्त्री हे। वे श्री ब्रजभूषण लालजी के शिक्षा गुरु हे। वे संस्कृत अरु हिन्दी के विद्वान हे, पै ब्रजभाषा में अपनी रचना करते हे। विन मामाजी सौं हू हमें प्रेरणा मिली। बिन्नैं श्रीद्वारकेश साहित्य मंडल की स्थापना करी। हर माह समस्या पूर्ति गोष्ठी होती, महाराज कूँ बड़ौ सौक हौ। एक बेर तुलसी जयन्ती पै हमारे ऐसे अनपढ़ कवि ने अपनी कविता पढ़ी (सब लोग हँसबे लगे)

तुलसी तुलसी तू लसी, तुलसी तूल तवंग।
हुलसी हुलसी हूलसी हुलसी हूल हवंग॥

कांकरौली में हमें हू रहवे कौ औसर मिलौ वहाँ मैं हू समस्या पूर्ति करकें सुनावै हौ। दिव्यादर्श नाम की एक पत्रिका छपै ही वामें मेरे छन्द हू छपै हे। श्री कंठमणि शास्त्री दतिया 'बुन्देलखण्ड' नरेश के परंपरागत राज गुरु हे।

मेरो जन्म गंगातीर-पढ़ाई यमनुातीर
राजस्थानी सेवा करि कमर झुकाई है।

ठौर-ठौर भागवत पाठ किये बहु बार
देस देस घूमि घूमि आयु हू गमाई है।
भासाई प्रदूषण सौं ग्रस्त भयौ 'देर'' तऊ
ब्रज ना बिसारी, कबौं सबकी जो माई है।
मैं ब्रज कौ ब्रज मेरौ वारौं सब ब्रज पर
ब्रज भाषा लागै मोहि बासोंधी मलाई है।

प्र- प्रारंभ में आपनैं कैसी रचना करी ?

उत्तर- प्रारंभ में दोहा लिखौ करतौ सबसौं छोटा छंद दोहा है। हमैं वा समै मात्रा अक्षर आदि कौ कम ज्ञान हतौ। याही सौं यह स्वीकारौ, फिर जिज्ञासा बढ़ी अरु कवित्त सवैया पै आय गए। एक प्रारंभिक रचना या भाँति सौं है-
पिय के रस पीयूप कौ, पिय राधा सुधि हीन।
ऐसौ अचरज देखिकैं, कृष्ण भये अति दीन ॥ 1 ॥
श्री राधे मुख कमल कौ लखैं सु चन्द्र चकोर।
वा छवि राधे पदन लखि विहँसे नंद किशोर ॥ 2 ॥

प्र- ब्रजभाषा के किन साहित्यकारन सौं आप प्रभावित रहे याकौ कारन का है ?

उत्तर- मैंनें साहित्य की परिच्छा दई। वा में रत्नाकर, सूर, बिहारी, देव, मतिराम, ग्वाल, भूषण, पद्माकर, केशव आदि कौ काव्य पढ़ौ, इनसौं ही मैं बहुत प्रभावित भयौ। इन कवीन में तुलसी, सूर के सिंगार अरु वात्सल्य भाव सौं विभोर भयौ। आज हू वामें मोय सूर बहुत भावैं।

प्र- ब्रजभाषा में आपने किन विसैन कूँ चुनौ है?

उत्तर- आध्यात्मिक विसैन सौं विसेस लगाव रह्यौ है। 'कृष्ण' मेरी कवितान के केन्द्र विन्दु रहे हैं। हास्य व्यंग की रचना हू करी हैं-
तमाकू गुटखा खायवे वारेन पै कटाच्छ या भाँत सौं कियौ है-
'महक' आनन्द कोऊ लेत रहे वेर-वेर,
कोऊ भक्त हाथ माँहि सुन्दर सौं ''गुटका है ॥
कोऊ भयौ सुरती कौ, कोऊ भयौ जर्दा भक्त
कोऊ त्रिशंकुवत 'अम्बर' में लटका है ॥

कोऊ भक्त हाथरसी कोऊ है बनारसी को
कोऊ तौ सुजन मैनपुरी पै अटका है॥
कोऊ तो तमालपत्र लिए चूर्णयुक्त "दर"
तरल सन्तुष्टि हेतु कोऊ मुख मटका है।

प्र- काव्य कौ उद्देश्य आप का मानें हैं ?

उत्तर- काव्य आनन्द कौ सहोदर है। आनन्द दैवे वारौ है। जीवन कौ उद्देश्य हू आनन्द पाइवौ है। काव्य के माध्यम सौं आनंदानुभूति कराई जाए तौ अनहद होय है। काव्य कूँ जो औजार के रूप में या विचार के रूप में लाइबे की कहैं बिन सौं हमारौ कोऊ सरोकार नाँए। न यासौं हमारी सहमति है न हम याके पक्षधर हैं। काव्य सौं क्रांति लाइबे के हम हिमायती नाँए।

प्र- अकादमी के तांई आपकौ संदेसौ का है?

उत्तर- संदेस या प्रकार है कै जे ब्रजभाषा के सृजक हैं वे कविवर गद्य सैली के होंय या पद्य सैली के होंय सबई कौ उत्थान,प्रगति होय अरु बिनकी रसभरी कवितान कौ आदर होय। चाहे बालकन की तोतरी भाषा की होय अथवा लालित्य सौं भरी होए। जैसौ उदाहरण भारतेंदु हरिश्चन्द्र जी कौ है-
निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कौ मूल।
पै निज भाषा ज्ञान बिन, मिटत न हिय को सूल॥

प्र- नई पीढ़ी में चेतना जगावै कूँ आपकै का सुझाव हैं?

उत्तर- मैं नई पीढ़ी कूँ बतानौ चाहूँ हूँ कै बिना अध्ययन- मनन अरु सद्गुरु मार्ग-दर्शन के बिना सरस साहित्य कूँ उच्च शिखर तक पहुँचावौ असंभव है। हर विधा कौ विधिवत् नियम के अनुसार, पैलैं-अध्ययन, कठिन परिश्रम करैं फिर बाकौ मनन करैं ता पाछैं लिखबे कौ साहस (प्रयत्न) करैं। तुलसी के अनुसार निज कवित्त केहि लाग न नीका। अरु छपबे की मोह ममता कूँ त्यागें। कारण निज काव्य छपास एक विकट बीमारी है जो मानुस कूँ निरासा में ज्यादा ढकेले है। अपने लिखे काव्य या गद्य भाव कूँ और निज काव्य के भावन कूँ, कम सौं कम अपनौ वा कविता कूँ बार बार पढ़ें। गलती अपने आप निकस जाएगी, अरु बाकौ फल (स्वान्तः सुखाय) होयगौ।

प्र- अपनी रचनान के एक दो छन्द सुनाएँ-

उत्तर- कुंभकार कोश्रय

कण कण मृत्तिका को लेइ कोऊ कुंभकार
जल सौं मिलाइ करि पिंड सौ बनायौ है॥
चक्र पैधरिकैं घुमाइ वाये बेर-बेर
काटि दियौ तंतु पौन सेवन करायौ है॥
सप्त दिन अनल प्रचंड में पकाइ 'देर'
रंग सौं रंग्यौ है घट रूप में सजायौ है॥
श्रम कौ सफल तब जानौ कुंभकार बन्धु
सुन्दरी वधू नैं ताहि कटि सौं लगायौ है ॥1॥

उमड़ि घुमड़ि घन गरज गरज घेर,
फेर फेर आवत अकास उड़ उड़ कैं।
निसि अंधियारी कारी बिजुरी चमक जोर,
मोर की कुहुक सुनि मोर मन कुहुकैं।
पवन झकौर सह मदन मरोर रह्यौ,
करे झकझोर जोर पौर पौर फड़कैं ।
बिन बरसात मोहि कछु ना सुहात 'देर'
यह बरसात साज़ लाई गढ़ गढ़ कैं ॥3॥

प्र.- आपके जीवन में का का रुचि रही हैं?

उत्तर- व्यंग हास्य सुनबे की इच्छा अरु क्रीडा क्षेत्र में शतरंज, तास खेलबौ अरु संग्रह करबे में विसेस रुचि। चित्र संग्रह, तास, माचिस, डाक टिकिट आदि, प्राचीन ग्रंथन कूँ पढ़बौ। भागवत पुराण पठन पाठन एवं सांझी बनाइबे में रुचि रही हैं।

प्र.- आपनै समस्यापूर्ति खूब करी हैं। कछू बानगी प्रस्तुत करैं?

उत्तर- नैन बिछाय करी पहुनाई

दधि ओजन भोजन लेहु लला, सुचि 'नेनु' सुधा सी लेहू मलाई।
बंसीवट जाउ सुचराउ अजा, बेनु बजाइ के गोप रिझाई।
मनरंजन की दृगं जन परी, कनी राधे ताहि काढ़ि ना पाई,
संकेत पै स्याम गये सुराधे-नैन बिछाय करी पहुनाई॥ 1॥

जुन्हाई नहाइ सुचंद्रकलाजु-कला विमला सु करी अगुवाई।
द्वारन बंदनवार लसै औ-पौरन पौर बजी सहनाई॥
तिय मोर पखा कटि काछनी काछि सु नंदहि देत सु भान वधाई।
बरसाने बरात चली सजकै-नैन बिछाय करी पहुनाई ॥ 2 ॥

शुभ राम के वाट न हाट गई-कंटक झारि करी जु सिंचाई।
मचिया खटिया कुटिया 'सबरी' गगरी सिगरी जल सौं भरि आई,
बेर कुबेर अबेर सबेर सु-द्रोण भरी सुधरी चतुराई।
जब राम मिले सबरी सबरी, नैन विछाय करी पहुनाई॥ 4 ॥

लंबोदर सूपकर्ण गजानन भालचंद्र
द्वै मातुर एक दंत संकट निवारिये।
कर में शुभ सुमाल मोदक प्रिय गणेश
स्कंद के अग्रज द्विज कलिमल टारिये।
ऋद्धि सिद्धि के दाता विधाता करत गान
सर्प सूत्रधारी पद्म पातकी को तारिये,
गंगाधर के दुलारे प्यारे उमासुत पर
देह गेह नेह सब ताहि पर बारिये,

ब्याह हेतु बरात ले आयो शिशुपाल यहाँ
रुकमिनी कहै मेरी या बला कौं टारिये।
मेरे यहाँ ब्याह पूर्व देवी पूजन कौ नेम
हरन हमारौ करि हमकौ उबारिये।
दासी की विनय पर उदासी ना करै 'देर'
पार कर सिंधु हरि किंकरी कौ तारिये।
सुयस तुमारौ सुनि निसचय करी हम
देह गेह नेह सब ताहि पर वारिये।

कोई अलि आवै अरु विपत सुनावे वहु
चोरी छिछोरी की वान याकी तौ निवारिये।
माखन चुरावै अरु सखान को बाँटि देय
वसन चुराइ लेय यसोमति-दारिये।
वेसुध परी राधे को मन हरन कियो ये
नजर न लागी होय-कछु तो विचारिये।
औषध है मेरौ लाल-वाहि लइ जाउ उतै
देह गेह नेह सब ताहि पर वारिये,

पांडेय मौहल्ला डीग, भरतपुर

■

ब्रज-माधुरी

लंबोदर गज वदन अलि, चार भुजा एक दंत।
आउ चलैं पूजन करैं, बहुरि रह्यौ हेमन्त ॥1॥

एक दन्त मंगल करन, विघ्नराज शुभ तुण्ड।
श्रवन स्रवै मद पै भ्रमैं, ये भंवरन के झुण्ड ॥ 2 ॥

विघ्नेश्वर शुभ गज वदन, एक दन्त गजराज।
कृपा करहु मंगल प्रभो, बनूँ दास ब्रजराज ॥ 3 ॥

चरण कमल की नखत छवि, मणि मरकत छवि देत।
दरसन सौं मुक्ती मिलै, धारौ निर्मल हेत ॥ 4 ॥

पद सरोज की अंगुरिया, चन्द्र किरन की भांत।
चंदन चरचित युग्म छवि, द्विगुणित होती कान्त ॥ 5 ॥

तुलसी सोभित चरन में, शुभ मंजरिका युक्त।
मानहु गंगा यमुन मिलि, करत चरन अभिसिक्त ॥ 6 ॥

नूपुर सज्जित चरण दल, युगल कमल परिपूर्ण।
छुद्र घंटिका कटि लसत, करैं दुःख कौ चूर्ण ॥ 7 ॥

गंगा यमुना सरसुती, मिलि कैं त्रिविध सुमाल।
त्रिवलि त्रिवेणी नाभि की, काटत काल कराल॥ 8॥

वक्षस्थल पर भृगु चरन, अरु वैजन्ती माल।
हरि नख, गज मुक्ता, लसैं श्री गोविंद गोपाल॥ 9॥

कण्ठा श्री के कण्ठ में, सोभित सुन्दर गोप।
श्यामल नीलम कान्ति सौं, दोप होत सब लोप॥ 10॥

श्री मुख की सोभा कहा, कोटिन चन्द्र लजात ।
ता छवि कूँ कवि 'देर'' लखि, बरनत अति सकुचात ॥ 11॥

अधर सुधारस सौं भरे, यथा सु दाडिम पुष्प।
दंतावलि दुति तड़ितवत्, दमकत पुष्कर पुष्प ॥ 12॥

केहरि-अरि के सीस ते, निकसत स्वाती बुन्द।
ताकी नक वेसरि धरी, चीर हरन गोविन्द ॥ 13॥

युगल नयन कोमल सरस, धवल वरण जिमि शंख ।
भृकुटी तौ अहि-सत्रु के, मानहु दोनों पंख ॥ 14॥

चंदन चरचित भाल पै, पीत रंग की खौर।
मृग मद की बैंदी लसै, अहि भुक कौ सिरमौर ॥ 15॥

हंस पै चढ़नवारी सुबुद्धि की दैनवारी
एक कर कंज सुभ वर वीणा बजावती।
पद्म कौं आसन रम्य, अंबर सौ तन सुभ्र
मुख सौं वचनामृत सरस उचारती।
कष्टन कौ हरै आप व्यथित उपासकन
विद्या बुद्धि मंडित कर पंडित बनावती ।
सरन तुमारी आय सुबंदना करैं 'देर'
मेरी ओर दया दृष्टि करौ मातु भारती ॥ 16॥

मंगला

उठिये कमल नैंन व्रज चन्द रे गोविन्द
बोलिये मधुर बैन जिमावै श्री मंजुला।
आये हैं गुआल बाल टेरत हैं बार बार
बाजे मधु बाँसुरी मृदंग ढोल तबला।
सरम गुलाब जल आनन पखार लेहु
लीजै सद्य नवनीत, सुकंद हि सौं मिला।
बीरी अरोगौ पुनि गोरोचन तिलक देहु
लेहु कर मुरलिया आई मधु मंगला ॥ 17 ॥

सिंगार

अधर धरे मधु बाँसुरी, रूप सुरूप अपार।
राधेजू कौ आज तौ, करत कृष्ण सिंगार ॥ 18 ॥

ग्वाल दरसन की भावना

छाक अरोगत युगल शुभ, गल वैजन्ती माल।
ग्वाल बाल मिलि खेलते, बलदाऊ गोपाल ॥ 19 ॥

मंजुल मनोहर मुक्तान के धवल हार
मोर मुकुट सुन्दर सीस पै भ्राजत हैं॥
हीरक सुसोभित चिबुक मुख गोविन्द कौ
विद्रुम से अधर पुट छवि छाजत हैं।
कटि तट लसत छुद्र घंटिका मंजु 'देर'
दिव्याभरण बसन श्री अंग साजत हैं।
लोचन ललाम अभिराम व्रज धाम रम्य,
पूर्न घनश्याम स्याम राधिका राजत हैं ॥ 20 ॥

राजभोग

सलौंने अलौंने बहुभाँति पकवान बने,
सिकरन, दही, छाछ, औं मोहन भोग है।
मोहनथार वासोंधी मेवाभात सद्य खीर
मोतीचूर चंद्रकला सु फेनी कौ योग है।
थपड़ी कचरी सेव पापर मखाने सेव दाल
पाँचों भात बाटी चूरमा घी को संयोग है॥
मठरी मावा मगद, ठौर फल फूल रम्य
तुलसी दल सौं सुपूरित राजभोग है॥ 21॥

गोल गोल घेवर हैं गुझिया मेवा सौं भरी
तिलवरी सांउगे तरल तिनकूरा है।
मिलसारू अडबंगा कह भुरता अनेक
पूरी तवापूरी पुआ मुठिया कौ चूरा है।
खुरचन रसभरी खुरमा कपूर कंद
काँजी कढ़ी दधि मंड बेसन कौ कूरा है।
सरस अवलेह आदौ और सुदाख मिली
सकरी अनसकरी मिसरी और बूरा है ॥ 22 ॥

श्री मुख सुद्धी हेतु है सीतल जल की झारि।
नागर एला लौंगयुत, वीरी खैर सुपारि॥ 23॥

या विध भोग अरोग हरि, करि छन लौं विसराम।
उत्थापन कौ दरस दैं, राधे नयन लालाम॥ 24॥

कमल वदन कर में कमल, कमल सजी परयंक।
कमल नयन करते सयन, कमला श्री निः संक ॥ 25॥

अष्टाक्षर मंत्र महिमा-

जपत निरंतर मौन, अष्टाक्षर इक मंत्र है।
संसय या में कौन, सब सुख वाकौ मित्र है॥ 26॥

श्री- तौ सौभाग्य को जु करनहार महा दिव्य
कृ- नाम लेवत ही कटत भव पाप हैं।
ष्ण-सब्द कहते कटै तीनों ताप 'देर' कवि
श- कार के कहे कट जात संताप हैं।
र- कार बढ़ावै सुज्ञान को अपार निधि
णम्- सब्द प्रीति देय गुरू कौ प्रताप है।
म-कार को कहै जीव पावै न जनम पुनि
म-न मोहन में रमै, मंत्र की ये छाप है। ॥ 27 ॥

गोस्वामी विट्ठलनाथ जी की जयन्ती पै

लक्ष्मी सुत, पदमापती, श्री विट्ठल गिरिराय,
लीला अद्भुत आपकी, लखि सन्देह नसाय ॥ 31 ॥

पौष कृष्ण नवमी तिथी, नयन ऋषी सर इन्दु ।
प्रगटे वल्लभ भवन में, श्री विट्ठल नव चन्दु ॥ 32 ॥

अंक सौं उतरि मात के प्यारे श्री विट्ठल जू
तात ढिंग जाय बहु कौतुक करत हैं ॥
परिजन देखत हैं बाल लीला नित्य-नित्य
कृष्ण-कृष्ण कहि तारी देत हैं हँसत हैं ॥
कबहू उठाय 'देर' गऊमुखी कर लेंय
कबहूँ रिझाय मात कौ कर गहत हैं ॥
लक्ष्मी सपूत सिरी वल्लभ दुलारे आप
बाल भेस या ही विधि विट्ठल नचत हैं ॥ 33 ॥

उत्प्रेक्षा अलंकार

पिय के रस पीयूष कौ, पिय राधा सुधहीन।
अचरज सौं यह देखि कैं, कृष्ण भये अति दीन ॥ 34 ॥

कालिया के फनन पै
लखि के चरित चूडामनि ब्रजधाम माँहिं
आवै नहीं बात ये मुनीन के मनन पै ॥
देखे गोविन्द सु गोप गोपिन गैय्यन बीच
विष पान हेतु पूतना के स्तनन पै ॥
यमुना पुलिन आय देखी जो अनीति राह
नगन नहाती गोपियन के वसन पै ॥
गैंद मिस कूदि परै स्याम कालीदह माँहि
नाचत कन्हैया आज कालिया फनन पै ॥ 35 ॥

होबैं हैं अनर्थ जबैं, लेबैं अवतार विष्णु
कहीं तो कराल नरसिंह रूप लावैं हैं।
कहीं वामनावतार राम कौ सरूप धारि
रावण अभिमानी कौ नास करि जाबैं हैं॥
कबौं बुद्ध कबौं मीन, कबौं कच्छप वराह,
शंभु हेतु मोहिनी स्वरूप दिखलाबैं हैं॥
आज भक्त-भयहारी, रसिक बिहारी कृष्ण,
नंद के निकेत धर्म हेतु धरा आबैं हैं॥ 36 ॥

सुखद समीर बहै मंद-मंद अंब बिन्दु,
मैना-मैना बोलै शुक कूकै पिक वन में॥
बाजत मृदंग ढफ-ढोलक उमंग संग,
नाचत अनेक गोप नंद के सदन में॥
भांति-भांति चौक पूरैं गोप ललनाएँ सबै
गाती हैं बधाई मोद मावे नहीं तन में ॥
भाद्र कृष्ण अष्टमी कौ दिवस महान शुभ,
उत्सव है कृष्ण, जन्म, नंद के भवन में॥ 37 ॥

दशावतार

जय जगदीश जयति जग पावन
हयग्रीव संहारन कारन।
मीन स्वरूप कियौ हरि धारन
सत्य व्रत को प्रलय दिखावन ॥
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 38 ॥

कीन्ह सुरासुर अरणव मंथन
अमृत हेतु लिख्यौ सद्ग्रंथन ॥
कच्छप बनि मेरु उठावन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 39 ॥

स्वर्ण नेत्र भयौ अति दारुन
बनि वराह तेहि मूल संहारन
दधि पर भूमि लगी तैरावन ।
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 40 ॥

हिरणकशिपु कौ मारन कारन
नरसिंह रूप कियौ प्रभु धारन
तब प्रहलाद् भक्त उद्धारन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 41 ॥

नृप बलि कियौ यज्ञ, सुख कारन
वामन वेस कर्‍यौ मनभावन
छलि करि भूमि दई सब देवन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 42 ॥

दुष्ट नृपन कौ भयौ जब वरधन
बारम्बार कियौ तब मरदन
परसुराम बनि रूप सुहावन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 43 ॥

गौ द्विज धर्म सुरच्छन कारन
अरु मर्जादा की विधि धारन
राम रूप धरि मारे रावन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 44 ॥

भक्त जनन के हिय हुलसावन
लीला करी वहुत वृंदावन
कृष्ण रूप वनि कंस नसावन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 45 ॥

जयति बुद्ध सन्मार्ग प्रचारक
कुमतिहारि खल दर्प विदारक
मोहत दैत्य सदा मन लावन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 46 ॥

चोर जुवार लवार कपट रति
कलियुग अंत होई हैं नरपति
कल्किरूप धरि दुःख नसावन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 47 ॥

जो यह पढ़ै सुनै चित लावहिं
दशावतार चरित सुठि गावाहिं
तिनके अघ सव दूरि विनासन
जय जगदीश जयति जग पावन ॥ 48 ॥

मदमत्त मयूर घने कुहकैं
पिक वोलत वोल सुहावन में ॥
युवती सुभ साजि सिंगार करैं-
सुविहार करैं मिलि कानन में ॥
कोइ गावत राग मलार भली-
डारि हिंडोर सुडारन में
कवि 'देर' कहै यह पावस की-
छवि नीकि लगै इमि सावन में ॥ 50 ॥

नव कोमल पल्लव के तन वस्त्र
सुपुष्पन की सजि मौर सुहावन॥
गिरि गैरिक कौ सिर टीकौ दियौ
बिखरी जु लता पटुका हरसावन॥
चहुँ ओर है भीषण बिज्जु छटा
सँग वीरबहूटि सखी मनभावन॥
दुलही बरसात को साथ लिये
दुलहा बनि घूम रह्यौ वर सावन॥ 53॥

झांकी सुझांकी जबसे बाँकी मनमोहन की,
तब सौं हिया की गति या विधि ठगी रहै॥
घर ना सुहाय वर-वर ना सुहाय अरु,
तरु ना सुहाय चाह चहुँधा पगी रहै॥
'देर' कवि कहै बेर-बेर हेर फेर-फेर
जाऊँ मिलि आऊँ ऐसी भावना जगी रहै॥
कहा ये बताऊँ बासौं कैसें मिलि पाऊँ सखि
दारी ननदुल लो दांयें, बांयें ही लगी रहै॥ 54॥

होली 'नवजीवन' में होली कई बेर 'देर'
गोकुल 'बाजार मौंहिं' अब तो बहारें हैं॥
'आवैं' सखि जो तिन्हे हू बरसाने सौं बुलाय
चलि कैं कहैंगे राधा तेरे ही सहारे हैं॥
'अवनी आकाश लौं' पैठी हैं तिहारी बात
एरी बीर देखि जुरि आये हुरिहारे हैं॥
'बाजत' मृदंग ढप ढोलहू उमंग संग
नंद के दुआरे 'छूटैं' रंग के फुहारे हैं॥ 55॥

उमड़ि-उमड़ि घन गरज-गरज घोर
फेर-फेर आवैं सु अकास उड़ उड़ कै।
निसि अँधियारी कारी बिजुरी चमक जोर
मोर की कुहुक सुनि मोर मन कुहुकैं॥
पवन झकौर सह मदन मरोर रह्यौ
करे झक झौर-जोर पौर-पौर फड़कैं।
बिनु बरसात मोहि कछु न सुहात 'देर'
यह बरसात साजि लाई गढ़-गढ़ कैं॥ 56॥

ताल तलैया भरी बहु ठौर कहूँ अरविन्द खिले मनभावन।
मत्त मयूर नचैं जु कहूँ सु कहूँ पिक बोल रही जु सुहावन॥
दादुर ताल सौं हूकैं भरैं अरु झींगुर वृन्द मँजीर बजावन।
गावैं सबै इकहि सुर सौं सखि बारहु मास बन्यौ रहे सावन॥ 58॥

देख सखी यह बान बुरी यह रोज हमैं मुख चौं मटकावै।
नंद सौं जाय कहूँगी अबै निज पूत की छूत चौं नाँय छुड़ावै॥
मारग बीचि मिल्यौ हम सौं रस ऐंचि चख्यौ औ सींग दिखावै।
आज वही रंग खेलिबै कूँ अरी बीर अबीर लिये चलि आवै॥ 59॥

सुन बात अरी इतराय नहीं हम जानत हैं कजरी कजरा।
सर तीर खडी जब तू जुहती तब छूट परे लुगरी लुगरा॥
अलि दोस हमारौ कछू हू नहीं सुन स्याम कियौ झगरी झगरा।
भयभीति भई हिय छुट गयौ, मग भूलि लखी मगरी मगरा॥ 6 0॥

बारी तिबारी मेरौ आइबौ भयौ हैं बन्द,
उड़ी उड़ाइवौ नयौ हिये हरियतु है॥
बालपनौ मेरौ गयौ घटि बढ़ि अंग भयौ
मित्रन कौ संग गयौ बैठे बढ़ियतु है॥
'देर' कवि कहाँ लौं कहै यह आपनौ दुख

गोखन सौं देखिबे की साध सधियतु है।
जा दिन ते जोबन हमारे अंग आयौ अरि
ता दिन ते फूँकि-फूँकि पग धरियतु है॥ 61॥

जनम के छठे दिना पूतना उद्धार कियौ
तृणावर्त शकटासुर हू कौं पछारे हैं॥
रसरी-रसरी बँधि दामोदर भये हरि
ताथेई-ताथेई करि अहि सीस फारे हैं॥
माटी जब खाई जसोदा कौ मोहित कियौ
वसन चुराइ तरू डार डार डारे हैं॥
नख पै गिरिधारि गिरधर कहाये आप
मोर मुकुट वारे हमारे रखवारे हैं॥ 64॥

ध्रुव पै प्रसन्न होइ हरि आपु दर्स दियौ
प्रहलाद हेतु नरहरि रूप धारे हैं॥
सुदामा के चाउर चखे मु सबरी के बेर
कौरव गृह त्यागि विदुर के पधारे हैं॥
गज की पुकारि सुनि नंगे पग धाये नाथ
ग्राह कौं मारि कैं गयंद कष्ट टारे हैं॥
गोपिन के नैन तारे राधे जू के प्राण प्यारे
मोर मुकुट वारे हमारे रखवारे हैं॥ 65॥

जयपुर बर्नन
हाट किनारे खाट बांस औ निवारवारे
सरस मिठाईवारे कहीं मिर्चीवारे हैं॥
जालिन में सजे खुब जेवर अनेक भाँत
बैठे साहूकार कहूँ बड़ी तोंदवारे हैं॥
घृत-तेलवारे कहुँ साग फलवारे कहूँ
कहूँ पै किनारी कहूँ बासन सँभारे हैं॥
लाट के सहारे रंगवारे औ मसीन वारे
अतर -फुलेलवारे कहूँ फूलवारे हैं॥ 66॥

पैर पसारे

हरि लीला करी सिगरे ब्रज में
महिमा विनकी सब वेद उचारे॥
नंदलाल कबौं तजि गोकुल कौं
बलदाऊ कूँ लै मथुरा पगधारे॥
तँह युद्ध जरा सौं भयौ तौ भजै
दोउ जाय घुसे इक खोह मझारे॥
तब कोप सौं काल ने लात हनी
इत सोए निसंक हो पैर पसारे ॥ 69 ॥

दु:सासन चीर कैं खैंच्यौ जबै
तब द्रोपदि आरत बैन उचारे॥
दीन के बन्धु पियूष के सिन्धु
दुखी गजराज के प्रान उबारे॥
आन कैं लाज बचाओ हरी
कहँ 'देर' लगावत मोहन प्यारे॥
आज विपत्ति पहार परे
तुम जाय कहाँ पर पैर पसारे ॥ 71 ॥

तरंग में

नव रस सौं भरे सरस अलंकार सबै
भाव अनुभाव सौं तुकान्त है प्रसंग में॥
सुन्दर हैं सोराठा सु छप्पय हैं भाँति भाँति
दोहन की पंक्तिन लगी हैं राम रंग में॥
करि कैं प्रनाम बूझत हौं एक बात,
कीजियौ छिमा जो कवि 'देर' हैं उमंग में॥
नारी तो त्यागी पैन त्यागै नारी वाची शब्द,
कैसें करी कविता ई तुलसी तरंग में ॥ 77 ॥

श्री मुसकाने

तुलसी ब्रजमंडल वीचि गए
मथुरा पहुँचे, पहुँचे वरसाने॥
तँह कृष्णहिं कृष्ण लखे सरवत्र
सुराम विना कवि 'देर' दिवाने॥
प्रनिपात किये बिन मोहन कौं
तुलसी मुख सौं बर वैन बखाने॥
मुरली धरि देहु लला अपनी
कर लेहु धनू, सुनि श्री मुमकाने॥ 78॥

तुलसी

तुलसी जग पाप नसावन है
त्रय ताप निवारत है तुलसी॥
तुलसी भव फंद विनासि सवै
हरिधाम दिवावति है तुलसी॥
तुलसी गति है तुलसी मति है
पत राखनहार अहो तुलसी॥
तुलसी हरि कौ ऐती प्रिय है
नहिं भोग लगावैं बिना तुलसी॥ 83॥

बातैं-

सूर रँगे घनस्याम के रंग में
नैन बिना दरसा गए बातैं॥
राम रमायन कूँ रचि कैं
तुलसी अवधेस सुनागे बातैं॥
एक ही काल में दोऊ भये
औ दोउ सिरोमनि गा गये बातैं॥
सागर सूर रच्यौ रुचि सौं
भरिगौ तुलसी अवधेश की बातैं ॥84॥

तुलसी सपूत की
आगे चलि कलि में समस्त सुभ कर्म धर्म
होइंगे विनष्ट यह जी में जिन कूत की॥
कुटिल कुचाली गैर हाली सब लोग होवैं
कैसैं भक्ति होगी इन कुमति कपूत की॥
'देर' कवि कहै पद बंदि रामचंद्र जू के
रचि रामायन राम भक्ति मजबूत की॥
जाते राम धाम भयौ सुलभ महान पूत,
समता करैगौ कौन तुलसी सपूत की॥ 85॥

मोर सोर करते-
नैनन ही नैनन में दोउन में भई बात
रसिक बिहारी राधा दोऊ चले घर ते॥
आये बन बीच वेकरीलन की कुंज माँहिं
चाहैं रस केलि पै संकोच भरे डरते॥
पीउ पीउ बोली पिक दूर-दूर दादुर ये
कास कुस अंग अंग माँहि जु अखरते॥
राधे कहै स्याम सौं अरु स्याम कहैं राधे सौं
भाग में मिलन नाहिं मोर सोर करते॥ 86॥

झूमत डाली-
भाल पै केसर खौर लसै
झलकैं अलकैं अति सुंदर काली॥
मुक्ताअवली सी अति सोभित है
अधराधर दाँत की पाँत निराली॥
गोप वधूटिन संग लिये
करि रास रहे वन में वनमाली॥
'देर' कहै धुनि नूपुर की सुन
पवन झकौरन झूमत डाली॥ 87॥

सोरठा-

वंदहु तुलसी दास, जिन रामायन रचि कियौ।
राम भक्ति परकास, जगमगात जिमि चाँदनो ॥ 88 ॥

चाहैं तौ मयंक कौं पतंग सौ बना दें कहौ
चाहैं तो मयंक में दिखावें उष्णता घनी॥
चाहैं अति नीच कौं बनावें अति उच्चतम
धनी कौ बनावें रंक, रंक कौ महा धनी॥
बड़े बड़े सूर वीर राजा महाराजन कौं
चाहैं तो भगावें बिन आयुध बिना अनी॥
ऐसी अत्युक्ति 'देर' कविन की ही सक्ति है, जो
चाहैं तो अमावस में चमकावें चाँदनी ॥ 90 ॥

औघड़ शंभु के ब्याह समै सजि
आइ परे सब अद्भुत भुत्तू।
आनन वक्र अरु वाहन नक्र
सुआयुध चक्र ओ भोजन सत्तू॥
बाजत शंख मृदंग कहूँ कहूँ
बाजत शृंग सु धुत्तर धुत्तू॥
स्वागत हेतु हिमांचल नें सबै
भाँग पिबाय कैं करि दिये बुत्तू॥ 91 ॥

गुरु के आदेस सौं दिलीप नृप भए भक्त
सेवा करि गौ की कीन्ह सुजस कमाई है॥
जमदग्नि से भये कर्मनिष्ठ ऋषिवर
गौ के हेतु मुनि राज जान लौं गमाई है॥
तनिक सी भूल किए कष्ट पायौ नृगराज
है कैं कृकलास पुनि सुभ गति पाई है॥
याही हेतु धन्य मात जय हौ तुम्हारी सदा
काटती कलेश लेस राखती न राई है ॥91 ॥

सोचौ हौ कै चैत में चढ़ाइंगे प्रसाद हम,
बीते बैशाख जेठ गरम लू के झौंके में॥
आयौ आषाढ़ मास औ सावन तो सुन्न भए
भादौं भीर देखि शान्त रहे ऐन मौके में॥
क्वार कातिक में कछु गिरस्ती कौ फेर फार
अघन पूस बहु तापे ईंधन फोके में॥
फागुन को मास 'देर' बीति गयौ हुल्लड़ में
चढ़ो न प्रसाद हाय, बीते दिन धोखे में॥ 97 ॥

मथुरा है

श्रीकृष्ण नें जहाँ जन्म लियौ वो है ब्रजभूमि
कालिन्दी कूल ढिंग सुन्दर सातघरा है॥
यम न सतावै सो दोज के दिन स्नान करौ
देव दर्शन करो जीवन में का धरा है॥
सिरी गिरिराज जू के पास मानसी है गंग
प्रेम सरोवर और कुण्ड अप्छरा है॥
महावन कामवन सु कोकिलावन भ्रमौ
सब नगरीन सौं न्यारी प्यारी मथुरा है॥ 98 ॥

बसन्त है

मानस में बसन्त मन मंदिर में बसन्त,
मान में बसन्त महिलान में बसन्त है॥
मग में बसन्त महि मरुधर में बसन्त
मावस मयूर मूल मणि में बसन्त है॥
मुक्ता में बसन्त मुरज मलार में बसन्त
मेवा मिष्ठान्न मधु मधुर में बसन्त है॥
माघ में बसन्त मंडली मंडित में बसन्त
मौज माँहि माननी में मंगल बसन्त है॥ 99 ॥

आयौ ऋतुराज सोर भयौ चहुँ ओर 'देर'
प्रकृति पुरातन बदले पट तन्त है॥
कोमल कलियन आवरन हटायौ निज
मलय समीर सौं सुरभित दिगन्त है॥
पाटल पै गुंजरित है रहे मधुप वृन्द
सरल सरस पिक शब्द हू सुबन्त है॥
अंबर में बसन्त धरनि धरा में बसन्त
सुजन प्रियजनन बगर्‌यौ बसन्त है॥ 100॥

मनभावना

प्रात ही उठ गई री तू तौ नीर लेन सखि
आई भाग कहि कहा भूली सो बतावना॥
ब्रजभूपण देखि भूषण गिरे तुव अंग
तट पै परे हैं तिन्हें जाइ लइ आवना॥
तेरी सखि सौंह अब जाऊँ नाँय भूलि वहाँ
वह गिरिधारी कौ तू जानत सुभाव ना॥
जैसौ वह कारौ तैसी करतूत वारौ
ऊपर सौं दीखै 'देर' बड़ौ मनभावना॥ 102॥

वीर बानौ है

आयौ हौं प्रचण्ड बनि रण भूमि मध्य आज
शत्रु दल दलन कौ मैंने पन ठानौ है॥
ज़ानौ है तिन्हें हू यम लोक जाके लिखे नाम
तहाँ बैठि चित्रगुप्त जू की खोर खानौ है॥
आनौ है न लौटि तिन्हें बुरौ है जमानौ यहै
तानौ निज सीस जिहि ताहि पीर पानौ है॥
राना रणधीर सिंह जू कौ समझानौ सुनि
वीर सैनिकन हू बनायौ वीर बानौ है॥ 103॥

लाई री-
जाहि दिना गये हैं मोहन परदेस सखि
ताहि दिना वीर ये वियोग भरमाई री॥
सरद सिसिर हेमन्त कौ हू अन्त नाँय
कंत नहीं कंत नहीं रटन लगाई री॥
ग्रीसम वितायौ कूल कालिन्दी के वैठि 'देर'
साँवरे की वाट जोइ घोर दुख पाई री॥
आयी वरसात सखि, आयी बेर सात सखि,
आयी वरसात वर साथ नहिं लाई री॥ 104॥

बसन्त पर

मंद-मंद महकै मालती मुचकुंद कुंद,
मलय समीर है सुवासित बसन्त पै॥
मोर मोर टेरैं पीउ पीउ पिक डारन यै
रसिक रसान के वौरन बसन्त पै॥
मत्त मतवारे मधु मोहक मिलिंद मिलि
गावैं हैं धमार ताल देत हैं बसन्त पै॥
'देर' कवि श्याम श्याम हो रहे बसन्तमय
फूल रही सरसौ सु सोने सी बसंत पै॥ 105॥

घसीटत चींटी

ग्रीष्म बिताइ चले घर सौं, दूर सौं सुनि लई रेल की सीटी॥
नैन में डारि कैं धूर सी चोरन, लीनैं चुराइ कैं भूसन बींटी॥
भौंचकि होइ कै हारे सबै सुनि, उत दीखै नाहि कहूं पै टी टी॥
बिस्तर 'देर' उठाइ चलै जिमि, मत्त-गयंद घसीटत चींटी॥ 106॥

कीजिये -

ठूँस ठूँस खूब घास फूँस जैसौ खायौ अन्न
मात किये फागुन हू अब तो पसीजिये॥

इतनौ उजाड़ कियौ पाँव ही उखारि दिये
गेर्‌यौ है पहार जेसौ प्रान गये, खीजिये॥
आपसे कुपातर सौं अव लौं ना भेंट भई
झुलसौ है गात घर दूजो तजि दीजिये॥
चाहे जितै सीजिये न दीजिये आसीस भले
लीजिये विदाई और कृष्ण मुख कीजिये॥ 107॥

पानी है

बीतिगौ आपाढ़ अरु सावन हू गयौ सून
सून मानसून यहै कौन ठान ठानी है।
चमके न चपला ना उठै घटा घन घोर
ठौर ठौर मची त्राहि कहा मन मानी है।
सूख्यौ सर-नीर मानो पी गये अगस्त अंबु
शंभु की जटा हू पटा पट्ट सी सुखानी है।
दौरे चीनी तुर्क अरु ईरानी जापानी सबै
पानी पानी टेरैं तऊ पावत न पानी है॥ 108॥

सेस फुफकारैं दिग्गज दहारैं दिसि दिसि
नारद मल्हार पै हू बरसै न पानी है॥
ब्रह्मा अकुलाने चार आनन सुखानै जबै
देखे हैं कमंडल में वामे हू न पानी है॥
दीन भये देवेन्द्र सूखि गयौ नंदन वन
कलपै कामधेनु कहाँ गयौ अब पानी है॥
तृपित मृडानी पड् आनन मलीन भए
सूँड सटकाए गजराज कौं न पानी हैं॥ 109॥

सूखौ मान सरवर उड़ि गये हंस अबै
नंदी बापुरै कौ आज आवै याद नानी है॥
दोऊ नीलकंठन के कंठन गरल तेज
सुमन सु सेज तजि भूमि पै भवानी है॥
औंधौ पर्‌यौ लोटा औ सिलौटा करुं और 'देर'
सटकारें जटा शम्भु गंग हू सिधानी है॥

मूषक न सूंघै धर्‌यौ मोदक गजानन कौं,
चढ़त त्रिशूल खोजि देखैं कहाँ पानी है॥ 110॥

हिंडोले में
केसर की क्यारी में बिहारी किशोरिन संग
खेलैं दृग मींचिबो सुखेलैं एक गोले में॥
अंबर में उठी घनघोर घटा ताही समै
पटापट संभारैं बिछोह भयौ टोले में॥
खोजत बिचारी गिरिधारी तऊ पायै नाहिं
विपत की मारी चित्त चंचल न चोले में॥
कुंज कुंज धाई आई देखत कालिन्दी-कूल
डारि गलबहियां स्याम झूलत हिंडोले में॥ 111॥

पद की
पावन कियो है घर विदुर कौ कृष्ण जाइ
छिलके खाइ कदली के आपने हद की॥
ग्राह नें ग्रस्यौ जब गज कौं सरोवर बीच
तब कंज लै मुक्ति हेतु जोर सौं नद की॥
सुनि कैं पुकार भव सागर कियौ है पार
मुष्टिक प्रहारि अंत करी कंस मद की॥
तारी अहिल्या कौ आपने चरण रज सौ
माथे धरैं ऊधो रज, तब पद्‌म पद की॥ 112॥

मचले
मचलैं अवसर देख कैं, कर पकरे गोविन्द।
कहैं नंद सौं बबा हम, लैहैं यह सुभ चन्द॥
लैहैं यह सुभ चंद हमें है अति ही प्यारौ।
करैं कौन सी जुक्ति चंद नभ सौं हौ न्यारौ॥
कहैं 'देर' कविमंद चन्द धरि थारी उछले
जल बिच दियौ दिखाय पकरिबे मोहन मचलैं॥116॥

रोला छंद

तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर अति छाये।
सरस सुगंधित पुष्प सुसरसत हिये सुहाये।
लसत राधिका स्याम अनोखी छवि सौं भाये।
पकरि परस्पर करन मनोहर रूप दिखाये ॥ 117॥

गिरिराज है

चाहौ जु अनन्द आपु गहिये गोविन्द पद
धन्य ब्रजभूमि सब देस सिरताज है।
कोसन चौरासी मध्य बने रमणीक कुण्ड
तिनमें नहायबैं सौं पड़ै नहिं गाज है।
जमुना समान गंगा मानसी की छटा रम्य
वाही के किए सौं याद सिद्ध होत काज है।
सुन्दर सी लता औ पतान भरी कुंज यहै
स्वामिनी सरोज सोहैं, गिरि गिरिराज है॥ 119॥

बरसाने की

नंद उपनंद मिलि पूजैं आज सैलराज
यशोमति माँगति असीस मन माने की।
कीनैं नमकीन मीठे व्यंजन अनेक भाँति
मनसा भई इन्द्र की ब्रज कौं सताने की।
कोप करि चाबुक चलायौ बलाहक पर
यत्न करि डारौ आज ब्रज कौं बहाने की।
बचै नाँय गोकुल औ रहे नाँय नंद गाम
दसा सौं कुदसा करि डारौ बरसाने की॥ 120॥

पीत पटधारी गिरधारी मन ठानी यहै
आज रमन रेती पै रास कै रचाने की॥
सोर सुनि रास को कंदर्प हिय दर्प भयो
सोची कछु मन मांय मोहन रिझाने की॥
मुरली बजाई नाम लेइ-लेइ गोपिन के
सुनि धुनि धाई भूली तन कौं सजाने की॥
करि के सिंगार आई बालाएँ बिहार हेत
नवल नवेली चलि गोपी बरसाने की॥ 121॥

बसी सुनि दारी ये पिछारी छोरि छोरि कहू
भूसन विहीन, तारी मिली ना खजाने की।
वारिन की सारी जरतारी सुकिनारीदार
वारी सजि धाई 'देर' सारी चार खाने की।
वारी भरै बारी झार-पौंछ करैं बारी माँहिं
वारिन निवारी खीर मिसरी मखाने की॥
वारि पति त्यागि अनुरागी बनी मोहन की
वारि बड़बोला औ मखोला बरसाने की ॥ 122 ॥

फंदा

निज जन्म कृतार्थ कर्यौ जो चहौ
तुम दर्श करौ प्रिय गोकुल-चंदा॥
ब्रज-धूरि कौं सीस लगाये रहौ
जमुना जल न्हाइ करौ जु अनंदा॥
रस नाहिं तजौ, रसना कौं तजौ
फल फूल व मूलहि खाय सु कंदा॥
रस स्याम कौं जा में भर्यौ सो पढ़ौ
काटत है भागवत जम के फंदा॥ 132 ॥

बंसीवारे की सेवा-

बाजी दुलरावैं बाजी अंक लै खिलावैं 'देर'
बाजी करैं अंगराग बाजी नहलावैं री॥
बाजी पौंछै अंग बाजी झंगुला धरावै दिव्य
बाजी करैं कंघी बाजी कजरा लगावैं री॥
बाजी लेइ रोरी बेंदी श्याम कै लगावैं भाल
बाजी मुख चंद्र देखि ठाड़ी मुसकावैं री॥
बाजी करै राई नोंन बाजी गहि रहै मौन
बाजी ब्रज बाम स्याम पलना झुलावैं री॥ 133 ॥

कुबरी को घर है

केसर कस्तूरी बहु सीसिन सनेह भर्यौ
चौकी धरै मुकुट औ कंग ही अगर है॥
गुदगुदे तकिया सुखद् परयंक सजे
दीप की सिखान घर जगर मगर है॥
चहूँ ओर छाजै चारु चित्र स्वर्ग गनिकनि
अंक में सितार पर्यौ ता पै एक कर है॥
बागन में महक परागन की भरि रही
सेठ कौ सदन कैंधो कूबरी को घर है॥ 134॥

स्याम स्वरूप सजे सुचि कुण्डल
क्रीट विराजत भाल पै चंदन॥
पीत ही अंबर धारै हुए तन
हाँक रहे प्रभु भक्त को स्यंदन॥
विनती है कवि जू की यही
स्वीकृत हो मेरौ अभिवंदन॥
जय सुख कंदन जय जग वंदन
कंस निकंदन देवकी नंदन॥ 135॥

बिन दाम गुलाम बनायौ हमैं
अपनायो सखे जो दया करि कैं॥
यह जन्म कृतारथ आज भयौ
अखियाँ सरसी अति पाकरि कैं॥
तऊ याद रहे यह बात सदा
बिसराऊँ नहीं वहाँ जाकरि कैं॥
जब प्रेम कियौ तो निभानो पैरै
अपराध हमार छमा करि कैं॥ 136॥

बजत नगारे आज गोकुल में द्वार द्वार
बाँसुरी मृदंग झांझ और सहनाई है॥
वेद पाठी वेद पढ़ैं कोविद् सुनावैं काव्य
गनक गनावैं ग्रह-नखत बताई है॥
मंगल कलश लावैं दधि दूब हल्दी साथ
गावैं गीत मंगल दधि कांदों मचाई है॥
धन्य धन्य मंगलहक यह जन्मोत्सव 'देर'
ब्रज सिरमौर नन्द राय कौ बधाई है॥ 140॥

गाय की दुर्दशा-

देती रही धेनु दूध मान दियौ नेह दियौ
पाछैं छोड़ि दई मग सुधि लई नांई है॥
विपत की मारी हा बिचारी भई निराधार
देवैं जितै मुख तितै मिलत पिटाई है॥
सोचि सोचि दीन दशा आपुनी कौ 'देर' कवि
तृन बिन तन की ठठरी सी बनाई है॥
ऐसी दीन दुखिया की मुखिया न पूछै बात
जानौं धरा बीच वाए क्रूर औ कसाई है॥ 142॥

मारत चोंच अचानक तोता

भूलि रह्यौ भ्रम सौं जग में-
न रह्यौ कछु ज्ञान निरन्तर सोता॥
ईश को ध्यान न कीन्हौं कबौं
चित्त लगावै न प्रेम में गोता॥
मंत्र महा न गुरू पर प्रेम
न छेम दया सतसंग हु होता॥
तौ नर को फल जानि कैं काल कौ
मारत चोंच अचानक तोता॥ 143॥

कण कण मृत्तिका को लइ कोऊ कुंभकार
जल सौं मिलाइ करि पिंड सौ बनायौ है॥
चक्र पैधरिकैं घुमाइ बाये बेर-बेर
काटि दियौ तंदु पौन सेवन करायौ है॥
सप्त दिन अनल प्रचंड में पकाइ 'देर'
रंग सौं रंग्यौ है घट रूप में सजायौ है॥
श्रम कौ सफल तब जानौ कुंभकार बन्धु
सुन्दरी वधू नैं ताहि कटि सौं लगायौ है॥ 146॥

वन की शोभा पावस में अलौकिक लख
देखो 'देर' उतै स्रोत गिरिन ते झरहैं॥
वायु के झकोरन ते झूमि रहे वृक्ष वृंद
सुंदर कदम्ब के पुहुप वहाँ पै परहैं॥
मंजु षटपद नित विहरैं सरोजन पै
झिल्ली झनकार रही दादुर टिट करहैं॥
मंद मंद गरजि अमंद बुन्द झरै मेह
पेगि-पेगि किहों किहों मोर सोर करहैं॥ 148॥

कालयवन कौ भस्म करि, दियो दर्स मुचकुन्द
कलि में अलि ये हो गये, सुन्दर बाल मुकुन्द॥ 149॥

ताम्र परकोटा परि कनक कंगूरा बने
लोह बनी बुर्ज अष्टधातु के किंवार हैं॥
चौक मणि मोतिन के, बीच बीच वाटिकनि
सिंहपौर गजपौर चंदन के द्वार हैं॥
सुंदर सरोवर में कल हंस केलि करैं॥
झूमै गज बाजि तहाँ लाखन सवार हैं॥
मुष्टिक अरिष्ट दुष्ट आदि चाटुखोर वीर
कंस के हितैपी वीर करैं जयकार हैं॥ 151॥

मोरन की पाँख धारि कच्छ औं कछौटा मारि
ग्वाल वाल संग लिए स्याम लखी नगरी॥
आयौ रंगकर्मी रजक एक वरजिवै कूँ
खाईकै प्रहार मुष्टि दशा तासु विगरी॥
दरज़ी सुधारे वस्त्र माली पहिराये हार
तोर्यौ धनुराज गज आतमा हू निकरी॥
चंदन कटोरी सुचि लेइ मिली कूवरी जो
चंदन दै स्याम-भाल दासी दसा सुधरी॥ 152॥

कंस अनाचारन सौं धरती कौ भार बढ्यौ
गौकुल औतार लियौ सव सुख छाए हैं॥
पूतना पछारी सकटासुर संहार कियौ
मारे आतताई सवै गिरि कौं उठाए हैं॥
गोपिन कै चीर हरै पूनम कौ रास रच्यौ
सवन सौं मोह छोर मथुरा सिधाये हैं॥
सुधनु कौ नष्ट करि मल्लन को मार मार
कंस कौ घसीट विसराम घाट लाए हैं॥ 153॥

कोई कहैं पूत-ना सौं निपूती कही है वाये,
कोई कहैं पू-तना पवित्र तन वारी है॥
कोई कहै पू-जहर ना नारी विषवारी ये
कोई कहैं जननी जानि या सौं निवारी है॥
कोई कहैं शिव विस, माखन आरोगे स्याम
कोई कहै वाम जानि नैना ना उघारी है।
कोई कहैं पय नहीं याहि कै उरोजन में
कोई कहैं महाकारी पूतना कूँ मारी है॥ 154॥

कंस कौ इमारौ पाइ पूतना हौ गोकुल में,
चंद्रमुखी वनि वेणी भार्‌यौं एकु फूल हैं॥
विंव से अधर दोऊ पुहुप के हार गले
चुन्नट की सारी अहो कांधे पै दुकूल है॥
आई है तिवारी मग झांकि देखे नंदलाल
भारी भार नहीं नव कमनीय तूल हैं॥
जसोदा सौं वोली एरी ऐसे ना खिलावै पूत,
सूंत डारौं याकौ जेही समै अनुकूल है॥ 155॥

कारी कारी महाकारी नाक तौ नारेल सम
वाके विकराल -दाँत भैंस के से खूँठा हैं॥
आँखें दोऊ आँधो कुआँ छाज सम दोऊ कान
हाथ पैर मेढ़क से बाकी तन ठूँठा है॥
ताड़ सम लंबी अहो कठौता सी वनी नाभि
कारे कारे केस सव तन भरभूँठा है॥
पूतना पिसाचिनी की, देह भई चंदन सी,
छाती बैठि श्याम निज, चूसत अँगूठा है॥ 156॥

बरसाने की

नामी है जलेबी जबलपुर की मावेवारी
नामी कलाकंद खास जैपुर घराने की॥
मिर्जापुर के चेहुरा रेवड़ी लखनऊ की
ख्याती है विंध्याचल के लायची के दाने की॥
गट्टा कन्नौज के सुफेनी जहानाबाद की
तुअर की दार कंपू लट्‌य्या रामदाने की॥
गोकुल की मिसरी सुपेरा मथुरा के 'देर'
माखन मधुवन कौ छाछ बरसाने की॥ 158॥

महलन में ताजम्हैल नूरन में कोहनूर
फलन में दाख और मेवा में मखाने की॥
कहै कवि 'देर' सु देविन में मंगला मुखी
तीर्थन में बांध यात्रा है बस जेलखाने की॥
जप तप व्रत पूजा पाठ सब यहीं छोड़
प्रतीक्षा बनी रहत सिनेमा में जाने की॥
पाप के छिपायबे को अनेकन उपाय हैं
जरूरत है बस रुपया बरसाने की॥ 159॥

वाँसुरी सँभारै कटि काछनी कूँ धारै कृष्ण
कीन्हीं है जुगत आज रास कै रचाने की॥
मुरली बजाने नाम लै लै गानै तान गान
मधुर सुनावै 'देर' गोपिन बुलाने की॥
सुनत ही नाम निज भूली काम धाम सबै
याद नहीं वस्त्र और भूषण सजाने की॥
नरी की कुवांरी नारी सरस आन्योरवारी
कामां की नवोढ़ा आई प्रौढ़ा बरसाने की॥ 160॥

पंद्रह अगस्त

एक अगस्त प्रशस्त भए जो
तिन पेट में उदधि समाने लगे।
अन्य अगस्त भए जो यहाँ
वह व्योम में जाइ चमकाने लगे।
तीजे अगस्त भये कवि 'देर'
वे तरुवरों नाम लिखाने लगे।
चौथे अगस्त गुलामी त्यागि कै,
वह पंद्रह अगस्त कहाने लगे॥ 165॥

'महक' आनंद कोऊ लेत रहे बेर-बेर

कोऊ भक्त हाथ माँहि सुंदर सौं गुटका है॥
कोऊ भयौ सुरती कौ, कोऊ भयौ जर्दा भक्त
कोऊ त्रिशंकुवत अंवर में लटका है॥
कोऊ भक्त हाथरसी कोऊ है बनारसी कौ
कोऊ सौ सुजन मैनपुरी पै अटका है॥
कोऊ तो तमाल पत्र लिये चूर्ण युक्त 'देर'
तरल संतुष्टि हेतु ये मुख मटका है॥169॥

हरि के कारण गोपिका, सिगरी भई उदास।
द्वापर में हरि हो गये, कलि में सूरज दास॥ 171॥

प्रेम सहित हम सबन सौं मिलि कीन्हों हरि रास।
जो सुख पायौ रास में, को करि सकै प्रकास॥ 172॥

जिलो है फतेहपुर कस्वो है जहानाबाद
ताही माँहि फूटौ एक भौंन जाय घेरौ है॥
दक्षिण दिसा कौ सु विप्र हौं तैलंग भट्ट
पूर्व पुरखान पूज्य हरि भट्ट हेरौ है॥
तिन्हीं के अन्वय में भए श्री राधारमणजू
तिनके पुत्र लक्ष्मी किशोर जी उजेरौ है॥
लक्ष्मी सुत कुल कमल दिवाकर परम
उपनाम 'देर' रत्नगर्भ नाम मेरौ है॥ 173॥

आशु कवीतो आप हैं-
शीघ्र कवी अभिराम॥
केर वेर कविता करूँ
'देर' कवी उपनाम॥ 174॥

अमरी कवरी भारगत-भ्रमरित मुखरित मंजु।
दूर करैं मेरे दुरित गौरी के पद कंजु॥ 175 ॥

बजवे वाले घंटे पर कछु विचार-

नयौ नहीं युगन सौं नाद ऐसौ करि रह्यौ
देवीन कैं करन कौं मंगलाचरण हूँ॥
कोमल, विमल, लघु वृहद्रूप मेरौ भयौ
देवन सौं व्याप्त सर्व, त्राता भरण हूँ॥
पावैं मौय म्हैल, मिल अथवा मठन बीच
किला कालेज कौ हौं तारण तरण हूँ॥
'देर' कवि मेरे लएं अधिक न पूछौ कछु
अंवरीष कै समैवारौ घंटा करण हूँ॥ 176 ॥

सुनिये श्रीमान हौं सरवत्र हूँ जहान बीच
जितैं मुरि देख तितै मेरौ ही तो तन है॥
कान्हा की कटि में छुद्र घंटिका के रूप रम्य
लटक्यौ है मंदिरन में मेरौ ही जो तन है॥
बन्ध्यौ गज बाजि अजा बैलन के गरे माँहि
सिगरी सवारियन मेरौ ही जीवन है॥
आयौ अवै जनता जनार्दन कैं हाथ 'देर'
कीन्हौ अति त्यागु अरु सेवा कौ छन है॥ 177 ॥

जदपि भयौ है निरमान मेरौ धातुन सौं
मोहे टंकोरे कोऊ साथी मेरौ तृन है
झाल और आरती टकोरा करूँ विजै घंट
और घडयाल आदि नामन कौ घन है॥
मेरे बिन भोग भगवान हु लगावै नहीं
'देर' होवै नांय आरती जे जानैं गन हैं॥
समय बताऊँ औ बचाऊँ घोर आपद् सौं
सोच लियौ मैंने त्याग सेवा हू कौ छन है॥ 178 ॥

देखि तव काव्य रचनान में अनोखी छटा

केकी वनि कविजन कुहुक मचाए हैं॥

व्यास देवरिषी वालमीकि सूर आदि 'देर'

रवि,चन्द, तारन की दमक दुराए हैं॥

सीतल सुगंध मंद वायु वहै तेरो यश

कहूं राम-भक्ति चपला सी चमकाए हैं॥

तुलसी गुसाँई भए तेरे गुण गौरव के

चहुँ ओर घुमड़ि घुमड़ि घन छाए हैं॥ 179॥

आओ चलैं उहि मंदिर अंदर

पूजन होत जहां तुलसी को॥

ध्यान धरैं सव लोग जपैं हरि-

नाम सुमाल लिये तुलसी को॥

देर 'रमायन' पाठ करैं नर-

नारि सुनैं जु रची तुलसी को॥

आज जयन्ती उन्हीं प्रभु को

सव लोग कहौ जय हो तुलसी को॥ 180॥

कृष्ण के प्रेम में अति चूर हती

उन देखी सु और उठी लहरैं॥

तत्काल भगी घर सौं अपने

जहँ पै विरहान भरी कहरैं॥

सूनी विलोकि वहाँ की निकुंज

जहाँ बहैं निर्मल नीर की नहरैं॥

कौन उपाय करूँ सखि मैं

गल हार के डार उसै विहरैं॥ 181॥

सुन्दर बने हैं पार्क सहर में रम्य अति
जहाँ के मीलन पर मील ही लखात हैं॥
उत्तर तट निर्मल देव नदी बहै 'देर'
जामें नर नारी प्रति दिन प्रात न्हात हैं॥
यहीं है वैकुण्ठ अरु दर्शनीय कैलास ये
देवन कैं दर्स किये पाप हू नसात हैं॥
तदपि हू होत यहाँ अचंभे की बात एक
कानपुर आवैं ताके कान पुर जात हैं॥ 182॥

चरण पहाड़ी पास सुन्दर चौरासी खंभ
तहाँ श्री कामेश्वर की महिमा लखात है॥
सरस दृगम्बु भर्‌यौ बन्यौं श्री विमल कुण्ड
तट पै बकुल वट नीम पारिजात हैं॥
कामां माँहि सतपुरी दाऊजी औ चारों धाम
लंका पलंका थारी, भोजन हू विख्यात है॥
परम पवित्र पंच कोसी परिक्रमा हेतु
आवै कामबन ताको, काम बन जात है॥ 183॥

हूक लागै सुहावन काऊ समै काऊ ठौर
हूक लागै पीर भरी सौतन के मन में॥
चूक लागै मीठी कहूँ औ कहूँ अधिक तिक्त
चूक जात कहूँ योगीजन एक छन में॥
टूक लागै फीको यदि रंग बदरंग होय।
टूक लागै नीको जब भूख होय तन में॥
थूक लगै असुभ यदि परौ होय सभा बीच
थूक लागै जहाँ पानी न होय टिकटन में॥ 184॥

मंजु मधुवाला के मयंक -मुख छविवारी
मीना मतवारी सी मतंग चालवारी हैं॥
कांत कामिनी सी कल कौतुक कलामय हैं
रमणी रेहाना सी जे रूप उजियारी हैं॥
कुक्कू कमनीय सी है चंचल चपल चारु
नैनन सौं नलिनी सी चलत कटारी है॥
निम्मी सी नसीम सी नरगिस निगार जैसी
सुंदरी सुरय्या सी समधिन हमारी है॥ 194॥

टूटी परतंत्रता की वेड़ी दास भारत की
है गए स्वतंत्र लोग हरखे जहान में॥
घर-घर सज गए, वाजे हू बजन लगे
झंडा फहराए गए ऊँचे आसमान में॥
हाट बाट घाटन की शोभा कहैं 'देर' कवि
दूनी दिखरात दीप ज्योति जगमगान में॥
नारे जय हिंद कैं सौं गुंजित समस्त देस,
नारिन हू गावैं जय हिन्द नई तान में॥ 197॥

घनेरे समै तैं लोग तोहि अपनाये भये
भारत स्वतंत्रता के ये वने भिखारी हैं॥
वार वार गाड़े गये औ उखाड़े गये तुम
चीरे गये फारे गये सही खूव ख्वारी है॥
तुमकूँ स्यावास देर वही वैरी सव आज
ढिंग तेरे आय करै वंदना तुमारी है॥
धन्य है तीन रंग ध्वज कोटि है प्रणाम तोहि
तुमी से भई ये आज विजय हमारी है॥ 198॥

कामिनी अरु 'क' वर्ग-

कामिनी कैं कच करैं पन्नगी कूँ मात देर
कामिनी कटाक्ष हू कुरंग चालवारे हैं ॥
कामिनी के कपोल कश्मीरी सेव लाल-लाल
कामिनी सुकण्ठ केकी कोकिला कूँ प्यारे हैं ॥
कामिनी कुच उन्नत श्रीफल सरोज सम
कामिनी के कर कचनार अनुहारे हैं ॥
कामिनी की लंक कटि छीन करै केहरि की
कामिनी की नाभि तो सुधा कैं नद नारे हैं ॥ 201 ॥

सावन सुहायो है

आए घनस्याम स्याम घन देखि अंबर में
बरखा सुहानी नव रंग दरसायौ है ॥
केकीगन नृत्य करैं-दादुर सु ताल देत
दामिनी की द्युतिन मलार मेघ गायौ है ॥
तरु सहकारन पै पिक कुहु कुहु करैं
शुक सारिका के हिय मोद उमगायौ है ॥
डारिन कदम्बन की झूलैं स्यामा स्याम 'देर'
सखियाँ झुलावैं सुख सावन सुहायौ है ॥ 203 ॥

हरियाली पेखिनार मोर मोर सोर करैं,
घूमैं भूमि पटल पै वीर की बहूटी हैं ॥
